E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in | हिंदी दैनिक | गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 219 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 8 मार्च, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526



# आंदोलन करके विकास का परिवेश नष्ट नहीं करें : मंत्री सिंघल

**शोणितपुर ( हिंस )।** असम सरकार के शहरी विकास आदि मामलों के मंत्री अशोक सिंघल ने अपील की है कि आंदोलन आदि करके राज्य में बने विकास के माहौल को नष्ट नहीं करें। उन्होंने कहा कि आज की नई पीढ़ी विकास की एक रोशनी देख रही है, जहां रोजगार एवं आत्मनिर्भर होने के कई साधन सामने आ रहे हैं। टाटा जैसी बड़ी कंपनी आज जागीरोड में 27 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है। अच्छा परिवेश रहेगा तो और भी कंपनियां निवेश करने के लिए आगे बढ़कर आएगी, जिससे रोजगार के एक से बढ़कर एक साधन पैदा होंगे। मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र का एक महापर्व है। इस पर्व को सभी को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा भाजपा उम्मीदवार का कहीं कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि पूरे पूर्वोत्तर में सबसे अधिक मतों के अंतर से शोणितपुर के उम्मीदवार रंजीत दत्त चुनाव जीतेंगे। मंत्री अशोक सिंघल आज ढेकियाजुली के निकटवर्ती कल्याणी देवालय में उपस्थित होने के दौरान स्थानीय संवाददाताओं के साथ बातचीत कर रहे थे।



## दरंग में 300 कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**दरंग ( हिंस )।** दरंग जिले में कांग्रेस के 300 से अधिक कार्यकर्ताओं के भाजपा में शामिल तुरंत बाद दरंग जिला अध्यक्ष माधव राजबंशी ने जिला कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि आज भाजपा में शामिल होने वाले लोग कांग्रेस के 20 साल पुराने दलाल हैं। जो भाजपा में शामिल हुए हैं, वे पार्टी की राजनीति नहीं कर रहे हैं, वे ठेके करने के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दरंग कांग्रेस अब दलाल मुक्त है। कांग्रेस सदस्य भाजपा में शामिल नहीं हुए हैं। केवल 20 वर्ष पुराने दलाल ही इसमें शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि बसंत दास विधायक का काम खत्म होते ही सभी कांग्रेस में लौटेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष राजबंशी ने कहा कि भाजपा भ्रम पैदा करने के प्रयास में लगी हुई है।

# *का* को असम में लागू नहीं करने की सुप्रीम कोर्ट से मांग करें जुबीन : मंत्री रंजीत दास

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रंजीत कुमार दास ने गायक जुबीन गर्ग से नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को असम में लागू नहीं करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जुबीन गर्ग राष्ट्रीय स्तर के कलाकार हैं। उन्हें यदि असम के परिपेक्ष में यह विधेयक सही नहीं लगता है तो सुप्रीम कोर्ट से आग्रह करें कि असम में इसे लागू नहीं होने दे। जुबिन को देश भर के लोग चाहते हैं। यह कानून सिर्फ असम के लिए ही नहीं है, पूरे देश के लिए है। जुबीन गर्ग को इस प्रकार के बयानों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को किसी भी समय अपने देश में लौट आने में बाधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा की बांग्लादेश में स्थानीय राभा, गारो समेत विभिन्न स्थानीय जाति-जनजाति के लोग रहते हैं। उन्हें हर समय यहां वापस आने की छूट होनी चाहिए। मंत्री ने जुबिन से दुबारा आग्रह किया कि वह असम से सीएए को निरस्त करने की अपील करते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। कहा कि उन्हें यह नहीं कहना चाहिए कि वह मतदान नहीं करेंगे, यह लोगों का लोकतांत्रिक अधिकार है।



## मणिपुर में दो केसीपी (टी) उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद की बरामदगी के साथ ही उग्रवादियों के पकड़े जाने का सिलसिला भी लगातार जारी है। इसी सिलसिले में सुरक्षा बलों के अभियान में दो कट्टर केसीपी (टी) संगठन के उग्रवादियों को पकड़ा गया। मणिपुर पुलिस ने आज बताया कि पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले से केसीपी (टी) संगठन के जिन सक्रिय कैडर को गिरफ्तार किया है, उनकी पहचान विष्णुपुर जिले के यामनाम अरविन्द उर्फ मांगांगछा सिंह (21) एवं ओईनआम राकेश मैतेई उर्फ चिंगसांगाम्बा के रूप में हुई है। वे दुकानों, निजी अस्पतालों, ईंट भट्टा मालिकों और व्यक्तियों से जबरन वसूली में शामिल थे। उनके पास से तीन हजार तीन सौ 70 रुपए नकद, एक चारपहिया वाहन, दो मोबाइल हैंडसेट, दो आधार कार्ड और कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की गईं।

## नाजिरा में चोरों ने लूटा नामघर

**शिवसागर ( हिंस )।** जिले के नाजिरा के शिमलुगुड़ी सोनापुर बालीगांव बर नामघर (आराधना स्थल) से दानपात्र तोड़कर नकदी तथा अन्य बहुमूल्य सामान लूट लिए गए। आज सुबह नामघर पहुंचे लोगों ने सबकुछ खुला देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी पाकर पहुंची शिमलुगुड़ी पुलिस ने बताया कि नामघर के गुरू-आसन सहित सभी कुछ अस्त-व्यस्त था। दानपत्र नहीं था। भक्तों से मिले दान स्वरूप 25 हजार रुपए से अधिक नामघर से गायब थे। शिमलुगुड़ी पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।

# त्रिपुरा में विपक्षी दल के दो विधायक त्रिपुरा सरकार में शामिल, ली मंत्री पद की शपथ

**अगरतला ( हिंस )।** त्रिपुरा के राजनीतिक इतिहास में लोकसभा के चुनाव से पहले एक अभूतपूर्व घटना हुई। राज्य के विपक्ष दल तिपरा मथा त्रिपुरा के दो नेता सरकार में शामिल हो गए। विपक्षी दल तिपरा मथा त्रिपुरा के दो विधायकों को राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू ने मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। विपक्षी दल के एक विधायक को कैबिनेट और दूसरे को राज्यमंत्री बनाया गया है। गुरुवार को अगरतला में राजभवन के दरबार हॉल में राज्यपाल इंद्रसेन रेड्डी नल्लू ने विपक्ष के नेता और तिपरा मथा के विधायक अनिमेष देबबर्मा और विधायक वृषकेतु देबबर्मा को मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अनिमेष को कैबिनेट मंत्री और बृशकेतु को राज्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री प्रो. डॉ. माणिक साहा ने सोशल मीडिया पर कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि तिपरा मथा को सरकार में शामिल करना *एक त्रिपुरा, श्रेष्ठ त्रिपुरा, बेहतर त्रिपुरा* के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। राज्य के समग्र विकास में यह ऐतिहासिक कदम उठाने के लिए मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धन्यवाद देता हूं। बुधवार रात मुख्यमंत्री प्रो. डॉ. माणिक साहा ने राज्यपाल को पत्र लिखकर कहा था कि वह विपक्ष के नेता अनिमेष देबबर्मा को कैबिनेट का सदस्य बनाना चाहते हैं। इसके बाद गुरुवार को राजभवन के दरबार हॉल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री प्रो. डॉ. माणिक साहा, पूर्व तिपरा मथा सुप्रीमो और एमडीसी प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा, पार्टी विधायक और नेता और एमडीसी सहित आईपीएफटी के नेता, सत्तारूढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य सहित राज्य मंत्रिमंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे। दरअसल, तिपरा मथा, त्रिपुरा सरकार और केंद्र सरकार के बीच त्रिपक्षीय *तिप्रासा* समझौता दिल्ली में निष्पादित किया गया। इसके बाद तिपरा मथा और त्रिपुरा सरकार के बीच निकटता बढ़ गई। राज्य की राजनीतिक तस्वीर बदलने लगी और इस अटकलें लगने लगी थीं कि विपक्षी दल तिपरा मथा सरकार में शामिल किया जा सकता है।




# जनता वोट नहीं दे तो कोई मंत्री या विधायक नहीं बन सकता : जुबिन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** बक्सा जिले के मुसलपुर में आयोजित आंचलिक श्रीश्री मनसा पूजा महोत्सव के स्वर्ण जयंती समारोह के अंतिम दिन जुबिन गर्ग सांस्कृतिक संध्या का मुख्य आकर्षण थे। युवा पीढ़ी के दिलों की धड़कन जुबिन गर्ग अपने कंसर्ट के बीच में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ फिर से बोलते नजर आए। उन्होंने कहा कि *जनता वोट नहीं दे तो कोई मंत्री या विधायक नहीं बन सकता है।* उन्होंने कहा कि *मैं नहीं बदला हूं। मेरा अभी भी वही स्टैंड है। का* को नहीं मानेंगे। इसे लागू नहीं किया जा सकता। मैं किसी मोदी या हिमंत विश्व शर्मा की परवाह नहीं करता हूं। उन्होंने सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता। राज्य के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह पुलिस का दम दिखाकर दूसरों को गिरफ्तार कर सकते हैं, लेकिन मुझे नहीं कर सकते।

# ट्रक समेत दो व्यक्ति गिरफ्तार, 30 मवेशी बरामद



**गुवाहाटी ( हिंस )।** राजधानी के जोराबाट पुलिस चौकी की टीम ने आज सुबह एक अन्य अभियान में एक ट्रक को जब्त कर 30 जीवित मवेशियों को बरामद किया है साथ ही इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आज तड़के भी पुलिस ने 26 मवेशियों को बरामद कर एक ट्रक को जब्त कर तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आज की दूसरी कार्रवाई के दौरान सुबह लगभग 8.30 बजे जोराबाट लिंक रोड, असम-मेघालय सीमा बिंदु पर नाका चेकिंग के दौरान जोराबाट पुलिस ने 30 जीवित मवेशियों से भरे एक कंटेनर (एएस-01केसी-9256 को रोका। वाहन अवैध रूप से जीवित मवेशियों को लेकर जा रहा था। इस संबंध में गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान इमान अली (36, नगांव जिला के नागबंध गांव) और सोफीकुल हक (30, नगांव जिला के बेबेजिया गांव) के रूप में की गयी है। पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में 30 जीवित मवेशियों और अन्य वस्तुओं के साथ वाहन को जब्त कर लिया है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए लोगों ने खुलासा किया कि वे मवेशियों को नगांव से मेघालय के बर्नीहाट की ओर ले जा रहे थे। ड्राइवर के पास लदे हुए मवेशियों के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि मवेशियों को मेघालय के रास्ते पड़ोसी देश बांग्लादेश में तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

# सीएए के विरुद्ध आसू की राज्यव्यापी बाइक रैली आयोजित

**गुवाहाटी ( हिंस )।** ऑल असम स्टूडेंट यूनियन (आसू) ने आज राज्य भर में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध में एक सामूहिक बाइक रैली निकाली। इस अधिनियम को रद्द करने की मांग करते हुए सैकड़ों आसू सदस्यों ने बाइक रैली निकाली। आज डिब्रूगढ़, कोकराझाड़ और राज्य के कई अन्य जिलों में विशाल मोटरसाइकिल रैलियां निकाली गईं। कोकराझाड़ शहर में रास मेला मैदान के पास स्थित आसू जिला कार्यालय परिसर से आसू के उपाध्यक्ष नबज्योति रॉय के नेतृत्व में सैकड़ों आसू नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सीएए विरोधी मोटरसाइकिल रैली में हिस्सा लिया। बाद में मीडिया से बात करते हुए छात्र नेता ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि सीएए के खिलाफ आसू का लोकतांत्रिक आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञात हो कि असम पुलिस ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सीएए विरोध प्रदर्शन शुरू होने से पहले से ही राज्य भर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर रखी है।

# 175वीं बटालिन केरिपु बल, रानी ( कामरुप ) ने अस्थायी रूप से हॉलीडे-होम का किया उद्घाटन

**गुवाहाटी।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सभी कार्मिकों/अधीनस्थ अधिकारियों के परिवारों को गुवाहाटी में भ्रमण करने एवं इलाज कराने के लिए आवासीय सुविधा प्रदान करने हेतु मुख्यालय 175वीं वाहिनी, रानी, कामरूप (ग्रामीण), असम में अस्थायी रूप से हॉलीडे-होम का निर्माण कराया गया है जिसका उद्घाटन दिनांक 05/03/2024 को अनुराग अग्रवाल, भापुसे, महानिरीक्षक, पूर्वोत्तर सेक्टर, केरिपु बल, शिलांग द्वारा किया गया। इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित जवानों ने 175 बटालियन में हॉलीडे-होम का निर्माण कराये जाने की प्रशंसा एवं प्रसन्नता व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर इस बटालियन के राजीव कुमार झा, कमांडेंट, मुन्ना सिंह (द्वितीय कमान अधिकारी), केएल धीमान (द्वितीय कमान अधिकारी), रवि कुमार श्रीवास्तव (उप कमांडेंट), श्रीमती दीप्ती बुरले (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी), जय प्रकाश कुमार (सहा. कमांडेंट), अधीनस्थ अधिकारीगण व कार्मिक उपस्थित रहे।



# मणिपुर पुलिस ने 379 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 379 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 128 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 328 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 136 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।



# रंगिया : श्री श्याम फाल्गुनोत्सव में भव्य निशान यात्रा, उमड़ा श्रद्धा का जन-सैलाब

**रंगिया ( विभास )।** रंगिया के श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में बृहस्पतिवार को श्री श्याम महोत्सव का आयोजन एकदिवसीय व्यापक कार्यक्रमों के साथ किया गया। श्री श्याम परिवार, रंगिया द्वारा आयोजित इस तीसरे वार्षिक महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का रंग बिखरा और आध्यात्म का संचार हुआ। मंदिर प्रांगण में बाबा का भव्य दरबार सजाया गया और बाबा के आलौकिक शृंगार ने सभी भक्तों का मन मोह लिया। शाम 6.31 बजे से बाबा श्री श्याम जी की आराधना एवं पूजा प्रारंभ की गई। साथ ही शाम 7.01 बजे बाबा के समक्ष दिव्य पावन ज्योत प्रज्ज्वलित कर बाबा की मंगल आरती उतारी गई एवं छप्पन भोग लगाया गया। वहीं कीर्तन का शुभारंभ रात्रि 8.30 बजे आमंत्रित भजन गायक आदर्श दाधीच (कटिहार) और राजू प्रभात शर्मा और उनकी टीम (गुवाहाटी) द्वारा श्री गणेश वंदना के साथ किया गया। ततपश्चात कलाकारों ने बाबा के भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। मंदिर प्रांगण में देर रात तक भजनों की रसधारा बहती रही। भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते गाते नजर आए। महोत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3.01 बजे बाबा श्याम की पालकी एवं भव्य निशान यात्रा के साथ किया गया। बाबा की निशान यात्रा श्री हनुमान मंदिर, मिल रोड से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए श्री श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण तक पहुंची। इस भव्य निशान यात्रा में 250 से भी अधिक रंग-बिरंगी गगनचुंबी निशान ध्वजा को लहराते हुए चल रहे श्याम श्रद्धालु विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस मौके पर बाबा के भजनों का गुणगान करते भक्तों ने कार्यक्रम को और भी अधिक भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में श्री श्याम परिवार, रंगिया और श्री श्याम परिवार, गुवाहाटी सहित सभी श्याम प्रेमी भक्तगण उपस्थित रहे।



# ब्रह्माकुमारी आश्रम में मनाया महिला दिवस व महाशिवरात्रि का पर्व

**बाड़मेर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से स्थानीय महावीर नगर स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में महाशिवरात्रि महोत्सव एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर निशान जैन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संघ संचालक मनोहर बंसल, वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश जैन, सर्जन फाउंडेशन अध्यक्ष इन्दु तौमर, टीम बाड़मेर के अध्यक्ष सुरेश जाटोल के आतिथ्य में हुआ। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। वहीं इस दौरान शिव बाबा का झंडा रोहण भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने सभी को महा शिवरात्रि पर्व व अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाइयां व शभकामनाएं देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी बहिने व भाई जिस प्रकार ज्ञान का प्रकाश फैला रहे है, उसे देखकर मन को खुशी मिलती है। पूरे विश्व भर में इन्होने सेवार्थ के लिए केंद्र खोल रखे है। नि:स्वार्थ भाव से ये बहिने मानव कल्याण का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि राजयोग से मन में शान्ति के साथ दुगुनी उर्जा से कार्य करने की क्षमता बढ़ जाती है। इसलिए सभी को कहीं न कहीं आध्यात्मिक शक्ति से जुड़े रहना चाहिए, ताकि जीवन की काफी समस्याओं से मुक्ति मिल सके। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संघ संचालक मनोहर बंसल ने ब्रह्मकुमारी आश्रम में जो बहिनों द्वारा ज्ञान की ज्योत जलाई जारही हैं, उसके लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि राजयोग से मनुष्य में साकारात्मक, मानसिंक शक्तिओं का विकास होता है। जो जीवन में तनाव से राहत देता हैं। इस दौरान ब्रह्कुमारी आश्रम की प्रमुखा बहन बबीता ने स्वागत भाषण देते हुए शिव रात्रि के पर्व को लेकर वितृत्र जानकारी दी। वहीं संस्था द्वारा मान कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यो पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान एकवेकेट मुकेश जैन, टीम बाड़मेर के अध्यक्ष सुरेश जाटोल ने कहा कि ब्रह्म कुमारी बहिने नि:स्वार्थ भाव से जो कार्य कर रही है। वो सराहनीय है। इन बहिनों ने कई परिवारों को बिखरने से बचाया है। इस दौरान सर्जन फाउंडेशन अध्यक्ष इन्दु तौमर ने कहा कि आज के समय में महिलाएं भी पुरुषों से कम नहीं है। उन्होने कहा कि मैनं बचपन से ही ब्रह्कुमारी बहिनों को नि:स्वार्थ भाव से काम करते देखा हैं इनकी मुस्कान कई परिवारों की मुस्कान बन जाती है। उन्होने कहा कि गरीब व असहाय की सेवा करना भगवान की सेवा करना होता है। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लोक कलाकार स्वरूप व बिहारी पंवार ने शानदार सुरीले गीतों की प्रस्तुति देकर सभी का मन मौह लिया। उन्होने शिव भगवान एवं महिला दिवस पर विशेष गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यकम के अन्त में सुशिला बहिन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन हरीश सुथार ने किया। इस अवसर पर कमल सिंहल, भगवान दास आसवानी, सुरेश शारदा, डूगरसिंह, पोकराराम, अमराराम, सुरेश माली, सवाई, लुणाराम, मनीषा बहिन, विद्या बहन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। केक काट दी बधाई-कार्यक्रम के दौरान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से स्थानीय महावीर नगर स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला कलेक्टर निशान जैन, आश्रम की प्रमुखा बबीता बहन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग संघ संचालक मनोहर बंसल, वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश जैन, सर्जन फाउंडेशन अध्यक्ष इन्दु तौमर, टीम बाड़मेर के अध्यक्ष सुरेश जाटोल ने केक काटकर बधाइयां दी। झंडा रोहण से हुआ शुभारम्भ-हीरे तुल्य त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आगाज अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं शिव बाबा के झंडा रोहण के साथ किया। इस दौरान सभी ने एक दूसरे को महाशिव रात्रि के पर्व की शुभ कामनाएं दी।



# केडेट के सहयोग से नारी दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह आयोजित



**विश्वनाथ ( विभास )।** डीडीएम नाबार्ड शोणितपुर और बिश्वनाथ ने सेंटर फॉर डेवलपमेंट एक्शन एंड एप्रोप्रियेट टेक्नोलॉजी के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गड़ेहांगी गांव पंचायत में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बिश्वनाथ के कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया-नाबार्ड के जिला प्रबंधक सुमन चटर्जी, पैड महिला के रूप में जानी जाने वाली बिश्वनाथ की बाग्मीता सैकिया, कोइलाजुली गांव की व्यवसायी महिला अनामिका बसुमतारी, असम ग्रामीण विकास बैंक के प्रबंधक जुनू रामचियारी, बिश्वनाथ कॉलेज की लाइब्रेरियन जीतामणि भट्टाचार्य, बरगांग के व्यवसायी महिला ममी बोरा। और कैडेट सचिव मनोरंजन हजारिका ने कपास से स्वदेशी रूप से उपयोगी उत्पाद बनाने पर विशेष प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को प्रमाण पत्र भी सौंपे। वर्तमान समय में जलकुंभी के उपयोग के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं को आर्थिक रूप से सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं ने अपने अनुभवों को एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में साझा किया कि कैसे वे अपने व्यवसाय में आर्थिक रूप से सफल हुई हैं और दूसरों को आगे आने में मदद की है।

श्रर्मा शार्डওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित



राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 219 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 8 मार्च, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

हरित क्रांति और श्वेत क्रांति जितना बड़ा कदम है जाति आधारित ... पेज 4
कांग्रेस की अब विदाई हो चुकी, राहुल गांधी हताश और निराश : अनुराग ठाकुर पेज 5
किसानों के आंदोलन पर पंजाब और हरियाणा सरकारों को हाई कोर्ट की फटकार पेज 8
शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड, नए ... पेज 9

*सीएम की भविष्यवाणी, कहा–*

## पूर्वोत्तर में 22 सीटें जीतेगा भाजपा गठबंधन



**गुवाहाटी।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, प्रमुख हस्तियों की भविष्यवाणियों और दावों से असम का राजनीतिक परिदृश्य गर्म होता जा रहा है। पूर्वोत्तर में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख नेता, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया है कि भाजपा और उसके सहयोगी क्षेत्र की 25 में से कम से कम 22 सीटें जीतेंगे। शर्मा की भविष्यवाणी 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर आधारित है। उस समय, भाजपा और उसके गठबंधन सहयोगियों ने इस क्षेत्र में अपना परचम लहराया और 25 लोकसभा क्षेत्रों में से कुल 18 सीटें हासिल कीं। भगवा पार्टी ने अकेले 14 सीटें जीतीं, जबकि उसके सहयोगियों ने चार सीटें और जोड़ दीं, जिससे पूर्वोत्तर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का प्रभुत्व स्थापित हो गया। गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि भाजपा को विशेष रूप से असम में 11 सीटें मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी ने तीन सीटें छोड़ दी हैं, जो रणनीतिक बदलाव या कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के सामने आने वाली संभावित चुनौतियों का संकेत है। इस रियायत के बावजूद, शर्मा अपने विश्वास पर कायम हैं कि भाजपा असम और पूर्वोत्तर में अधिकांश सीटों पर विजयी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असम दौरे को लेकर चल रही अटकलों पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम ने कहा यह दौरा सीधे तौर पर आसन्न चुनावों से जुड़ा नहीं है। प्रधानमंत्री कई कार्यक्रमों के लिए अक्सर पूर्वोत्तर क्षेत्र का दौरा करते रहते हैं। बशर्ते जोरहाट में बीर लाचित की मूर्ति पहले तैयार होती, तो वह जल्दी आ जाते। आप इसे कतई राजनीतिक दौरा नहीं कह सकते. यह क्षेत्र के विकास और कल्याण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को 18,000 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करने के लिए शुक्रवार को असम की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे।

## अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है : पीएम



**श्रीनगर/नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का मस्तक है और इसका विकास सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में *विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर* कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने 6,400 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित कीं और जम्मू-कश्मीर के लगभग 1000 नए सरकारी भर्तियों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। प्रधानमंत्री ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का जिक्र करते हुए कहा कि आज जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर आज खुलकर सांस ले रहा है। बन्दिशों से ये आजादी आर्टिकल 370 हटने के बाद आई है। दशकों तक सियासी फायदे के लिए कांग्रेस और उसके साथियों ने 370 के नाम पर जम्मू-कश्मीर के लोगों और देश को गुमराह किया। उन्होंने पाकिस्तान से आए शरणार्थियों, वाल्मिकी समुदाय और सफाई कर्मचारियों को मतदान का अधिकार मिलने, एससी वर्ग के लिए वाल्मिकी समुदाय की मांग को पूरा करने, अनुसूचित जनजाति, पद्दारी जनजाति के लिए विधानसभा में सीटें आरक्षित करने और पद्दारी जनजाति, पहाड़ी को शामिल करने की बात कही। जम्मू-कश्मीर की नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस की पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने परिवारवाद की राजनीति पर ध्यान केंद्रित किया और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि 370 से फायदा जम्मू-कश्मीर को था या कुछ राजनीतिक परिवार ही इसका लाभ उठा रहे थे। जम्मू-कश्मीर की आवाम ये सच्चाई जान चुकी है कि उनको गुमराह किया गया था। कुछ परिवारों के फायदे के लिए जम्मू-कश्मीर को जंजीरों में जकड़ दिया गया था। यह बताते हुए कि आजादी के बाद से जम्मू-कश्मीर परिवारवादी -शेष पृष्ठ आठ पर

## मणिपुर में काम नहीं तो वेतन नहीं का नियम लागू



**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने राज्य के उन कर्मचारियों के लिए *काम नहीं तो वेतन नहीं* का नियम लागू किया है, जो वास्तविक और जायज कारणों के बिना कार्यालयों से गैरहाजिर हैं। कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से एक परिपत्र (सर्कुलर) जारी किया गया। जिसमें कहा गया कि ऐसी सूचना मिली है कि कई अधिकारी कार्यालयों में गैरहाजिर हैं या ड्यूटी पर नहीं आ रहे हैं। परिपत्र में कहा गया, जो अधिकारी राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति के कारण अपने कार्यालय आने में असमर्थ हैं, उन्हें उपायुक्तों, लाइन विभागों या फील्ड स्तर के कार्यलों -शेष पृष्ठ आठ पर


## दो दिवसीय दौरे पर आज असम आएंगे पीएम देंगे 18 हजार करोड़ रुपए की सौगात : सीएम



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर असम आ रहे हैं। शुक्रवार को वे काजीरंगा में रात्रि विश्राम करेंगे और अगली सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में हाथी व जीप सफारी का आनंद लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा की जानकारी देते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बताया कि शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी जोरहाट के होलोंगा पथार के लाहदैगढ़ में वीर लाचित बरफूकन की 125 फुट की विशाल प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम में 18 हजार करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कल -शेष पृष्ठ आठ पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## पुलिस ने बाल विवाह रोका, दूल्हा दुल्हन एवं बारातियों पर हुई कार्रवाई



**धुबड़ी (हि.स.)।** जिले के खलीसामारी में बाल विवाह के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। असम-पश्चिम बंगाल सीमावर्ती छोटोगुमा निरीक्षण पुलिस चौकी के प्रभारी अधिकारी जहांगीर आलम ने बुधवार रात छापेमार कर अवैध विवाह को रुकवा दिया। पुलिस दूल्हा-दुल्हन सहित सभी बारातियों को हिरासत में लेकर थाना ले आई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बुधवार रात को सूचना मिली थी कि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल के कोचबिहार जिले के तूफानगंज उपमंडल के जोरईमोर निवासी दूल्हा गोलकगंज के छोटोगुमा थाना के खलीसामारी में 17 वर्षीय युवती से शादी करने -शेष पृष्ठ आठ पर

## जयशंकर ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उड़ाई चीन की धज्जियां



**टोक्यो।** जापान दौरे पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक *थिंक टैंक* के कार्यक्रम *रायसीना गोलमेज सम्मेलन* में 2020 में सीमाओं पर हिंसा के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराते हुए गुरुवार को कहा कि उसने भारत के साथ लंबे समय से कायम लिखित समझौतों का पालन नहीं किया। जयशंकर ने यह भी कहा कि कैसे उन्हें दुनिया के बाकी हिस्सों के प्रति रूस की दिशा में बदलाव की उम्मीद है और वह संभवत: एशिया में कई विकल्प चाहता है। जापान की दो दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने बदलती विश्व व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हिंद-प्रशांत में एक बहुत बड़ा शक्ति परिवर्तन वास्तविकता है। जब क्षमताओं और प्रभाव तथा संभवत: महत्वाकांक्षाओं में बहुत बड़े बदलाव होते हैं, तो सभी महत्वाकांक्षाएं और रणनीतिक परिणाम भी जुड़े होते हैं। उन्होंने कहा कि अब, यह कोई मुद्दा नहीं है कि आपको यह पसंद है या आपको यह पसंद नहीं है। वहां एक वास्तविकता है, आपको उस वास्तविकता से निपटना होगा। विदेश मंत्री ने कहा कि आदर्श रूप से, हम मानते हैं कि हर कोई कहेगा, ठीक है, चीजें बदल रही हैं, लेकिन इसे जितना संभव हो उतना स्थिर रखना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि दुर्भाग्य से, हमने चीन के मामले में पिछले दशक में ऐसा नहीं देखा है। उदाहरण के लिए, 1975 से 2020 के बीच, 45 साल में सीमा पर कोई हिंसा नहीं हुई और 2020 में हालात बदल गए। जयशंकर ने एक सवाल पर कहा कि हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन जब कोई देश किसी पड़ोसी के साथ लिखित समझौतों का पालन नहीं करता है, तो मुझे लगता है... तब रिश्ते की स्थिरता पर सवालिया निशान खड़ा हो -शेष पृष्ठ आठ पर

## डीजीपी को चुनौती सीएए का विरोध करेंगे ही : अखिल



**गुवाहाटी (हि.स.)।** राइजर दल के अध्यक्ष एवं विधायक अखिल गोगोई ने एक सभ्य मानवीय मर्यादा की सीमा लांघकर असम पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह पर तीखा हमला किया। डीजीपी पर राजनीतिक खेल खेलने और असम में विरोध की आवाज उठाने वाले को डराने-धमकाने का आरोप लगाया। मीडिया को भेजे गए एक बयान में विधायक गोगोई ने डीजीपी सिंह के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट का उल्लेख करते हुए, उनकी टिप्पणियों की डीजीपी की व्याख्या पर सवाल उठाया। अखिल गोगोई ने डीजीपी सिंह के दिवंगत पिता को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया। साथ ही गोगोई ने विरोध करने को संवैधानिक अधिकार बताया और विरोध को दबाने के सिंह के कथित प्रयासों की आलोचना की। गोगोई ने -शेष पृष्ठ आठ पर

**सुप्रभात**

*राज्य का आधार अपनी इंद्रियों पर विजय पाना है।*

– **आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

#### पीएम मोदी के टियोक कार्यक्रम के दिन धरना नहीं देगा विपक्षी ऐक्य मंच

**गुवाहाटी (हि.स.)।** जोरहाट जिले के टियोक में लाचित बरफूकन मैदान स्थल पर प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दिन अब धरना पर नहीं बैठेंगे विपक्षी ऐक्य मंच के नेता। ऐक्य मंच ने नौ मार्च को काजीरंगा निर्वाचन क्षेत्र के कलियाबोर -शेष पृष्ठ आठ पर

#### मालदा के दौरे पर त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा

**सिलीगुड़ी (हि.स.)।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पश्चिम बंगाल में प्रचार का बिगुल फूंक दिया है। प्रधानमंत्री के बाद गुरुवार को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए मालदा रवाना हुए हैं। बताया जा रहा है कि माणिक साहा का मालदा का दो दिवसीय दौरा है। माणिक साहा ने पत्रकारों से कहा कि मालदा में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा और संगठनात्मक बैठक करेंगे।

*बदरुद्दीन अजमल को सीएम ने दी चेतावनी, कहा–*

## झाड़-फूंक किया तो कर लेंगे गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल को *जादुई उपचार* की प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी और कहा कि अगर वह कानून का उल्लंघन करते पाए गए तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। असम विधानसभा ने पिछले महीने असम उपचार (बुराइयों की रोकथाम) प्रथा विधेयक, 2024 पारित किया, जिससे राज्य में गैर-वैज्ञानिक उपचार पद्धतियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। इस कानून का उद्देश्य *लोगों की अज्ञानता और खराब स्वास्थ्य पर पनपने वाली बुरी और भयावह प्रथाओं* के खिलाफ मानव स्वास्थ्य की रक्षा के लिए स्वस्थ, विज्ञान-आधारित ज्ञान पर समाज में जागरूकता लाना है। विधेयक का उद्देश्य *निर्दोष लोगों का शोषण करने और इस तरह समाज के सार्वजनिक स्वास्थ्य को नष्ट करने के गुप्त उद्देश्यों* वाली गैर-वैज्ञानिक उपचार पद्धतियों को खत्म करना है। एआईयूडीएफ विधायक इस ओर इशारा करते रहे हैं कि उनके पार्टी प्रमुख एक आध्यात्मिक नेता भी हैं और लोग स्वेच्छा से *उपचार* के लिए उनसे संपर्क करते -शेष पृष्ठ आठ पर

## महाशिवरात्रि समारोह में शामिल होने भारत से 62 हिंदू पहुंचे पाकिस्तान

**लाहौर (हि.स.)।** भारत से 62 हिंदू बुधवार को पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए वाघा सीमा के रास्ते लाहौर पहुंचे। इवेक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे। आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किमी. -शेष पृष्ठ आठ पर

*पाक समर्थित नारे का विवाद*

## 22 सेवानिवृत्त अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** 22 सेवानिवृत्त सिविल सेवा अधिकारियों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर उनसे नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य सैयद नसीर हुसैन को शपथ न दिलाने का आग्रह किया है, क्योंकि उन पर पाकिस्तान समर्थक नारों का विरोध नहीं करने का आरोप है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति अशिष्ट व्यवहार प्रदर्शित किया। इससे पिछले हफ्ते राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के बाद *पाकिस्तान जिंदाबाद* के -शेष पृष्ठ आठ पर

## बंगलूरू में गहराया जल संकट कोचिंग क्लास और स्कूल बंद



**बंगलूरू।** बंगलूरू जो कभी गार्डन सिटी के नाम से जाना जाता था, आज बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। गर्मी के आने से पहले ही शहर में जल संकट गहरा गया है। यह न केवल बंगलूरू, बल्कि पूरे देश के लिए एक चिंता का विषय है। यहां के कुछ इलाकों में हालात इतने खराब हो गए हैं कि यहां के कोचिंग सेंटर और स्कूल अपने बच्चों से घर पर ही रहकर क्लास लेने के लिए बोल रहे हैं। इतना ही नहीं हाल ही में बंगलूरू जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने शटडाउन का एलान किया था, हालांकि यह कदम आवश्यक रखरखाव कार्य करने और अनअकाउंटेड फॉर वॉटर (यूएफडब्ल्यू) स्थापित करने के लिए उठाया गया। बंगलूरू के विजयनगर में स्थित एक कोचिंग सेंटर ने अपने छात्रों को एक सप्ताह के लिए *आपातकाल* के कारण ऑनलाइन क्लास लेने के लिए कहा। वहीं, शहर के बन्नेरघट्टा रोड पर एक स्कूल बंद हो गया। स्कूल प्रशासन ने छात्रों को वर्चुअल कक्षाओं में भाग लेने के लिए कहा है। आपातकाल का मतलब गंभीर जल संकट से है। कर्नाटक इस साल जल संकट का सामना कर रहा है। इसका -शेष पृष्ठ आठ पर

## गृह मंत्रालय : पीओके में रहने वाला मोहम्मद कासिम आतंकी घोषित




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आतंकी संगठन- लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से जुड़े आतंकी मोहम्मद कासिम गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान को आतंकी घोषित कर दिया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में रह रहे कासिम को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत आतंकी घोषित किया गया है। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि यूएपीए कानून के तहत 32 साल का मोहम्मद कासिम जम्मू के रियासी जिले का निवासी बताया जाता है। गृह मंत्रालय ने कहा कि आतंकियों की इस सूची में 56 लोगों के नाम पहले से शामिल हैं। मोहम्मद कासिम इस सूची में 57वां आतंकी है। आतंकी सरगना मोहम्मद कासिम गुज्जर को नामित आतंकवादी घोषित किए जाने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार के फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी गुज्जर ने आतंकी हमलों में सक्रिय भूमिका निभाई है। इसने कई लोगों को मौत के घाट उतारा है, जबकि कई लोग घायल भी हुए हैं। कासिम पर भारत के खिलाफ युद्ध की योजना बनाने में संलिप्त होने का भी आरोप है। शाह ने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म-एक्स पर पोस्ट किया, देश की -शेष पृष्ठ आठ पर

# हरित क्रांति और श्वेत क्रांति जितना बड़ा कदम है जाति आधारित जनगणनाः राहुल गांधी

## आदिवासी संकल्प लें कि हमारे जल, जंगल और जमीन का कब्जा हम नहीं होने देंगेः खड़गे

**भोपाल, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार की मोनोपोली की वजह से छोटे व्यापार बंद हो गए हैं। नोटबंदी, जीएसटी की वजह से भी आपका नुकसान हुआ है एवं अरबपतियों का फायदा हुआ है। इस सब को बदलना है। इसका तरीका है जाति आधारित जनगणना। अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ों का धन पर एवं संस्थानों पर कितना प्रतिनिधित्व है, इसकी जानकारी हासिल करना। हरित क्रांति, श्वेत क्रांति जितना बड़ा कदम है, जाति आधारित जनगणना और सरकार में आते ही हम इसे कराएंगे। राहुल गांधी बुधवार को मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान विभिन्न जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरे पास एक वीडियो आया, जिसमें एक आदिवासी समाज के व्यक्ति पर एक नेता पेशाब कर रहा था। क्या यही सम्मान है भाजपा का आदिवासियों के प्रति। इस मानसिकता के लोग आदिवासियों को आदिवासी के बजाय वनवासी कहते हैं, क्योंकि वे यदि आदिवासी कहेंगे तो उन्हें मानना पड़ेगा कि आदिवासी इस देश के असली मालिक हैं और भाजपा यह मानना नहीं चाहती। देशभर में आज आदिवासियों की आबादी आठ प्रतिशत है एवं मध्य प्रदेश में 22 से 24 प्रतिशत, लेकिन हिंदुस्तान की सबसे बड़ी कंपनी के 200 मालिकों में एक भी नाम आदिवासी का नहीं, मीडिया मालिकों में एक भी नाम आदिवासी का नहीं। इतना ही नहीं 90 आईएएस अधिकारियों में केवल एक आदिवासी।


प्राइवेट यूनिवर्सिटी प्राइवेट हॉस्पिटल इन सबमें इनका कोई मालिक नहीं, वही स्थिति दलितों के साथ है, यही स्थिति पिछड़ों के साथ एवं सामान्य वर्ग के गरीबों के साथ भी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश को आवश्यकता है कि सभी एक साथ आए और इस बात का संकल्प लें कि हमारे जल, जंगल और जमीन का कब्जा हम नहीं होने देंगे एवं हम




हमारी जमीन नहीं बेचने देंगे। भाजपा सरकार ने तीन लाख से अधिक वन अधिकार पट्टे खारिज किए। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता दलितों के घर में खाना खाने की नौटंकी करते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि जब तक दलित आदिवासी वर्ग की स्थिति बेहतर नहीं हो सकती, इसलिए जाति जनगणना आवश्यक है। इससे सबको मालूम होगा कि किस जाति के पास कितना प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महंगाई, बेरोजगारी एवं अन्य बातों पर झूठ बोला, ऐसा लगता है कि अब वे झूठों के सरदार बन गए हैं। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टरल बान्ड्स पर बैंक से कहा है कि नाम सार्वजनिक करें, परंतु बैंक ने कहा कि जून के बाद खुलासा होगा, ये है मोदी सरकार। राहुल गांधी ने जो गारंटी दी है उसमें से सभी पांच गारंटी हमने कर्नाटक में लागू की है एवं 6 गारंटी हमने तेलंगाना में लागू की हैं, केंद्र में भी सरकार बनने पर एसपी अन्य गारंटी लागू की जाएंगी। सभाओं को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव द्वय केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश, मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, कांग्रेस सचिव संजय दत्त, कुलदीप इंदौरा, सीपी मित्तल, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, पूर्व मंत्रीगण, विधायकगण, पूर्व विधायकगण, प्रदेश एवं जिला कांग्रेस पदाधिकारी, कांग्रेसजन मौजूद रहे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का बुधवार को मध्य प्रदेश में पांचवां दिन था। सुबह उज्जैन के इंगोरिया से शुरू हुई न्याय यात्रा के देर शाम रतलाम जिले के सैलाना पहुंची, जहां रात्रि विश्राम होगा। राहुल गांधी ने न्याय यात्रा के दौरान बड़नगर, बदनरावर, सैलाना और रतलाम में आयोजित सभाओं में कांग्रेसजनों को संबोधित किया। सैलाना में रात्रि विश्राम के बाद न्याय यात्रा गुरुवार को राजस्थान में प्रवेश करेगी।

# अब केजरीवाल के गले पड़ी एक नई मुसीबत, 16 मार्च को कोर्ट में होना पड़ेगा पेश

**नई दिल्ली(ईएमएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के गले एक नई मुसीबत पड़ गई है। उन्हे 16 मार्च को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। दिल्ली के शराब घोटाला मामले मे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ की गई दूसरी शिकायत पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को पेश होने का आदेश दिया है। दरअसल ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में समन का पालन नहीं करने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध करते हुए राउज एवेन्यू कोर्ट में नई शिकायत दर्ज कराई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नई शिकायत धन शोधन निवारण अधिनियम की धारा 50 के तहत संघीय जांच एजेंसी द्वारा




आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को भेजे गए समन संख्या 4 से 8 का पालन नहीं करने से जुड़ी है।


ईडी ने इससे पहले भी राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका दायर कर सीएम केजरीवाल को जारी किए गए पहले तीन समन पर पेश नहीं होने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की थी। यहां गौर करने वाली बात यह है कि ईडी की पहली शिकायत पर राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को 16 मार्च को समन किया था। वहीं इस दूसरी शिकायत पर भी कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को उसी दिन पेशी के लिए बुलाया है। उधर सीएम केजरीवाल ने ईडी के इन सभी आठ समन्स को अवैध बताया था और केंद्रीय एजेंसी को सूचित किया था कि उनसे 12 मार्च के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये पूछताछ की जा सकती है।

# दिल्ली देहात की मुहिम का दिखा असर गांवों के लिए 1000 करोड़ जारी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पिछले एक साल से ज्यादा समय से दिल्ली देहात के लोग गांवों के विकास कराने को लेकर मुहिम चला रहे थे। इसको लेकर पालम 360 खाप के अध्यक्ष सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में कई बार दिल्ली देहात के लोग एलजी और सीएम मिल चुके हैं। खाप के लोगों ने एलजी विनय सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से विकास कार्यों पर जोर देने की गुजारिश की थी। साथ ही चुनाव के दौरान हिसाब चुकता करने के भी संकेत दिए थे। दिल्ली देहात के लोगों ने गावों की समस्याओं को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन भी किया था। अब एलजी विनय सक्सेना ने दिल्ली देहात के विकास के लिए 1000 करोड़ रुपये जारी करने के आदेश दिए हैं। दिल्ली के एलजी का यह फैसला सामने आने के बाद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात की और उनका आभार जताया। उन्होंने दिल्ली के गांवों के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि पिछले नौ वर्षों में केजरीवाल सरकार की उपेक्षा के कारण दिल्ली के गांव विकास के लिए लोग तरस गए थे। अब वहां के लोगों को नागरिक सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों में एलजी के लगातार दौरे के लिए भी आभार व्यक्त किया। बीजेपी नेता बिधूड़ी ने कहा कि इन दौरों का सकारात्मक असर अब दिखने लगा है। उपराज्यपाल के दौरे के बाद अब इन इलाकों की सुध ली जा रही है। बिधूड़ी ने कहा कि जो काम मुख्यमंत्री, उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों और स्थानीय विधायकों को करना चाहिए वह काम एलजी को करना पड़ रहा है। दरअसल, पिछले कुछ महीनों के दौरान दिल्ली के उपराज्यपाल ने भी दिल्ली देहात के कई गांवों का दौरा किया था। जिन इलाकों का एलजी ने दौरा किया है, वहां गंदगी से लबालब भरी नालियां, चारों तरफ कूड़े के ढेर, सड़कों पर गड्ढे और बदबूदार सीवर का पानी नजर आया। बुराड़ी, किराड़ी और संगम विहार में भी उन्हें इसी तरह के नजारों से रूबरू होना पड़ा। अब इन क्षेत्रों में नये सिरे से काम होने लगे हैं।

# सीएनजी की कीमतों में कटौती से दिल्ली में टैक्सी ड्राइवर खुश

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली एनसीआर सीएनजी की कीमतों में प्रति किलो ढ़ाई रुपये की कमी से टैक्सी चालकों के लिए बड़ी राहत के रूप में सामने आया है। छह मार्च को कीमतों में कमी का एलान के बाद से टैक्सी चालक खुश नजर आने लगे हैं। चालकों का कहना है कि कीमत में कमी से प्रति माह हजारों रुपये की बचत कर पाएंगे सीएनजी के दामों में 2.50 रुपये प्रति किलो की कटौती 7 मार्च 2024 से लागू हो गया है। इससे दिल्ली सहित एनसीआर के ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद के टैक्सी ड्राइवरों का फायदा होगा। टैक्सी ड्राइवरों ने बताया कि दिल्ली में सीएनजी की खुदरा उपभोक्ता कीमत 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम कम होने से बड़ी राहत मिली है। टैक्सी ड्राइवर सोनू पांडे का कहना है यह हमारे लिए बहुत फायदेमंद है। अगर हम अपनी कार में दिन में दो बार ईंधन भराते हैं, तो हम हर दिन लगभग 100 से 150 रुपये अतिरिक्त बचा पाएंगे। इससे हमें




अधिक कमाई करने में मदद मिलेगी। टैक्सी ड्राइवर ओमकार का कहना है, यह हमारे लिए फायदेमंद है। हम 2 रुपये प्रति किलोग्राम बचा पाएंगे और इससे मुझे न्यूनतम प्रति माह दो हजार रुपये अतिरिक्त बचाने में मदद मिलेगी। एक दिन पहले दिल्ली सिटी गैस कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने सीएनजी (आईजीएल) सीएनजी के दामों की समीक्षा करते हुए उसे घटाने का फैसला लिया था। कंपनी का फैसला आज से दिल्ली एनसीआर में लागू हो गया है। दिल्ली में पहले सीएनजी 76.59 रुपये किलो में मिल रहा था। अब 74.09 रुपये प्रति किलो में मिलेगा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में पहले सीएनजी 81.20 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था। अब 78.70 रुपये प्रति किलो मिलेगा। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप पुरी ने प्राकृतिक गैस के दामों में कटौती किए जाने के बाद भी सिटी गैस कंपनियों द्वारा इसका फायदा ग्राहकों को नहीं देने पर नाखुशी जाहिर की थी। उनकी ओर से नाखुशी जाहिर करने का असद देखने को मिला और बुधवार को आईजीएल ने एक बैठक के बाद ढ़ाई रुपये प्रति किलो कटौती का फैसला लिया।

# दिल्ली में फिर लौटी ठंड

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह और शाम लोगों को गरम कपड़े पहनने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। भारत मौसम विभाग के मुताबिक गुरुवार को मौसम साफ रहेगा। दिन के समय तेज हवाएं चलेंगी और तापमान में फिलहाल बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। ऐसे में सुबह और शाम लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम विभाग के मुताबिक 12 मार्च तक दिल्ली का मौसम साफ रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में आंशित तौर पर बढ़ोतरी की संभावना है। दिन के समय तेज हवाएं चलेंगी। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से सुबह और शाम के समय ठंड फिर लौट आई है। गुरुवार को सुबह के समय न्यूनतम तापमान नौ डिग्री तो दिन के समय और अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहने का अनुमान है। भारत मौसम विभाग दिल्ली मानक वेधशाला के मुताबिक दिल्ली में बुधवार की सुबह सर्द रही। शहर में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम में सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम है। जबकि अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से चार डिग्री कम रहा।



भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि मार्च के पहले सप्ताह में पिछले तीन दिन से न्यूनतम तापमान लगातार 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा है। दिल्ली में मंगलवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था आईएमडी द्वारा बुधवार को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 72 प्रतिशत रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक बुधवार की सुबह 9 बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 120 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में था। बता दें कि शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है

# पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों की टूटेगी बस्ती

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** मजनू का टीला स्थित हिंदू शरणार्थी कैंप को हटाने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के नोटिस जारी किया है। इससे पाकिस्तान से आए 160 हिंदू परिवारों पर आशियाने का संकट गहरा गया है।

शरणार्थियों को तक जगह खाली करने का आदेश दिया गया है। सभी को रैन बसेरों में शिफ्ट करने की व्यवस्था की गई है। अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशानुसार डीडीए को जमीन खाली कराने के लिए कहा गया है। हालांकि, अभी पुलिस का इंतजाम नहीं हो पाया है। जैसे ही पुलिस की व्यवस्था होगी कार्रवाई की जाएगी। लोगों को जारी



नोटिस में कहा गया है कि एनजीटी के ऑर्डर के बाद डीडीए को यमुना बाढ़ क्षेत्र से सभी अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए गए हैं। यमुना बाढ़ क्षेत्र में मजनू का टीला के पास सभी झुग्गी-झोपड़ियों व अन्य तरह का अतिक्रमण हटाया जाना है। प्रभावित परिवारों के लिए दिल्ली आश्रय सुधार बोर्ड के रैन बसेरों में अस्थायी निवास की व्यवस्था की गई है। लोग आश्रय गृह ब्लॉक 10, गुरुद्वारा गीता कॉलोनी, आश्रय गृह सेक्टर 3, फेज-1, द्वारका में अस्थायी रूप से रह सकते हैं।

# अंकित सक्सेना हत्याकांडः तीनों दोषियों को उम्रकैद, पचास-पचास हजार का जुर्माना

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने 2018 के अंकित सक्सेना मर्डर केस के तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एडिशनल सेशंस जज सुनील कुमार शर्मा ने तीनों दोषियों पर पचास-पचास हजार रुपये का जुमार्ना लगाने का आदेश दिया। पश्चिमी दिल्ली के ख्याला में अंकित सक्सेना की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी। अंकित सक्सेना के दूसरे धर्म की लड़की से प्रेम संबंध थे। कोर्ट ने 23 दिसंबर, 2023 को इस हत्याकांड के तीन आरोपितों को दोषी करार दिया था। कोर्ट ने तीनों आरोपितों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 34 के तहत दोषी करार दिया था। धारा 302 के तहत उम्रकैद से लेकर फांसी तक की सजा का प्रावधान है। कोर्ट ने अंकित सक्सेना की हत्या के मामले में लड़की के माता-पिता और उसके मामा को दोषी करार दिया था। इस मामले में कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की ओर से 28 गवाहों के बयान और उनकी ओर से पेश साक्ष्यों को दर्ज किया था। 28 गवाहों में अंकित सक्सेना के पिता और शिकायतकर्ता यशपाल सक्सेना, मां कमलेश और अंकित के दो दोस्तों नितिन और अनमोल सिंह के बयान प्रमुख थे। घटना 1 फरवरी, 2018 की है। अंकित की प्रेमिका अपने घर से



निकल गई थी, जिससे बौखलाए लड़की के माता-पिता और रिश्तेदारों ने अंकित की हत्या की थी। पहले तो लड़की के माता-पिता एवं दूसरे रिश्तेदारों की अंकित व उसके परिवार वालों से कहासुनी हुई। इस दौरान लड़की के माता-पिता और रिश्तेदारों ने अंकित की जम कर पिटाई की। पिटाई के दौरान जब अंकित की मां उसे बचाने आई तो उसके साथ भी आरोपितों ने मारपीट की। पुलिस के मुताबिक अंकित की मां ने कहा कि उसके सामने आरोपितों ने धारदार हथियार से अंकित का गला काट दिया। अंकित की मां उसे लेकर ई-रिक्शा में अस्पताल पहुंची, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अंकित पेशे से फोटोग्राफर था।

# भाजपा में शामिल हुए जस्टिस गांगुली, कहा- भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई लडूंगा




**कोलकाता, (हि.स.)।** कलकत्ता हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस अभिजीत गांगुली गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में उन्होंने कहा कि वह राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और अन्य नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ली है। अपने इस्तीफे के बाद जब पत्रकारों ने पूर्व जज से सवाल पूछा था कि आप किस सीट से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, तो उन्होंने किसी भी सीट का नाम नहीं लिया था। भाजपा सूत्रों ने बताया है कि जस्टिस गांगुली पश्चिम बंगाल के तमलुक संसदीय सीट से चुनाव लड़ सकते हैं।

# कांग्रेस के घोषणा पत्र में आर्थिक और न्याय पर रहेगा जोर : थरूर

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस अपना घोषणा पत्र जल्द ही जारी कर सकती है। इसके लिए तैयारी शुरू हो चुकी है। घोषणा पत्र का मसौदा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंपा जा चुका है। घोषणा पत्र को अंतिम रूप देने के लिए कार्यसमिति में भेजा जाना भी तय माना जा रहा है। कांग्रेस के घोषणा पत्र के लिए तैयार मसौदे में आर्थिक कल्याण और न्याय को प्रमुखता से रखा गया है। सांसद शशि थरूर ने इसके संकेत भी दिए हैं। गुरुवार को मीडिया से बातचीत में कांग्रेस पार्टी के सांसद शशि थरूर ने कहा कि गंभीर और गहन बैठकों के



बाद घोषणा पत्र का मसौदा तैयार किया गया है। इस मसौदे को मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दिया गया है। मल्लिकार्जुन खड़गे इस घोषणा पत्र की समीक्षा के बाद इसे कार्य समिति को सौंपने का निर्णय लेंगे। कार्य समिति इसमें संशोधन कर सकती है या इसे मंजूरी दे सकती है। एक बार जब इसे मंजूरी मिल जाती है, तभी इसे अधिकारिक तौर पर साझा किया जा सकता है। कांग्रेस के सांसद शशि थरूर ने यह भी कहा, मैं मोटे तौर पर कह सकता हूं कि कांग्रेस घोषणापत्र में भारत के लोगों की आर्थिक भलाई को लेकर विभिन्न पहलुओं पर गौर कर रही है। जो हमारे लिए प्रमुख है। इसके अलावा हम सभी प्रकार के मुद्दों को कवर करते हैं। शशि थरूर ने कहा, न्याय एक बड़ा विषय है। हम अपने समाज के सभी वर्गों को न्याय दिलाना चाहते हैं, विशेष रूप से उन लोगों को जो वंचित हैं। न्याय यह एक व्यापक अवधारणा है... जब घोषणा पत्र सामने आएगा, तब आप देखेंगे।"

# इलेक्टोरल बांड मामले में एसबीआई के खिलाफ अवमानना याचिका दाखिल

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** इलेक्टोरल बांड मामले में सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की गई है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) नामक एनजीओ ने अवमानना याचिका दायर कर कहा है कि स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करते हुए 6 मार्च तक राजनीतिक दलों को इलेक्टोरल बांड के रूप में मिले चंदे की जानकारी निर्वाचन आयोग को नहीं दी है। वकील प्रशांत भूषण ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष याचिका दायर कर अवमानना याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने ई-मेल कर दाखिल याचिका के नंबर का उल्लेख करने का निर्देश दिया। एडीआर ने अपनी याचिका में कहा है कि स्टेट बैंक ने न सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का जानबूझकर उल्लंघन किया है बल्कि उसने नागारकों के सूचना के अधिकार का भी



उल्लंघन किया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर सभी पार्टियों को इलेक्टोरल बांड के रूप में मिले चंदे की जानकारी देने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की है। स्टेट बैंक ने कहा है कि 6 मार्च तक इलेक्टोरल बांड की जानकारी निर्वाचन आयोग को देने में कुछ व्यावहारिक दिक्कतें हैं। स्टेट बैंक ने कहा है कि नाम गुप्त रखने की वजह से नाम को डिकोड करना जटिल कार्य है। स्टेट बैंक ने कहा है कि इलेक्टोरल बांड का कोई केंद्रीय डाटाबेस इसलिए नहीं रखा गया था, ताकि इसकी जानकारी किसी को नहीं मिले। सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बांड को असंवैधानिक करार देते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को सभी पार्टियों को मिले चंदे की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देने का निर्देश दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग को यह जानकारी 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करनी थी। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि अभी जो बांड कैश नहीं हुए हैं, राजनीतिक दल उसे बैंक को वापस करें।

# अदन की खाड़ी में दो विदेशी जहाजों पर समुद्री डाकुओं का ड्रोन से मिसाइल हमला

## - भारत के युद्धपोत कोलकाता ने समुद्री डाकुओं को खदेड़कर चालक दल को बचाया
## - लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों के साथ नौसेना ने 10 युद्धपोत तैनात किए

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना लगातार सक्रिय है लेकिन इसके बावजूद विदेशी व्यापारिक जहाजों पर समुद्री डाकुओं के हमले थम नहीं रहे हैं। पिछले दो दिनों के भीतर दो विदेशी जहाजों पर ड्रोन या मिसाइल से हमले किये गए हैं। शिपिंग लेन से जा रहे बारबाडोस और लाइबेरिया के ध्वज वाले जहाजों पर हमले के बाद भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता ने तुरंत प्रतिक्रिया देकर समुद्री डाकुओं को खदेड़कर चालक दल को बचाया है। अदन की खाड़ी में सोमालियाई समुद्री डकैतों की घटनाएं पिछले साल दिसंबर से शुरू हुईं थीं। तब से दो दर्जन से अधिक वारदात हो चुकी हैं लेकिन समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोतों ने विदेशी जहाजों और उनके चालक दल को सुरक्षित बचाकर अरब सागर में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसी के साथ भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी, लाल सागर और मध्य-उत्तरी अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग लेन से गुजरने वाले व्यापारिक जहाजों के साथ हुईं घटनाओं को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी है। नौसेना ने लंबी दूरी के समुद्री टोही पी-8आई विमानों के साथ अपने 10 युद्धपोत तैनात किये हैं। इन सब के बावजूद 06 मार्च को अदन की खाड़ी से गुजर रहे बारबाडोस के ध्वज वाले बल्क कैरियर एमवी ट्रू कॉन्फिडेंस पर अदन से लगभग 55 नॉटिकल मील दक्षिण पश्चिम में एक ड्रोन के जरिये मिसाइल हमला किया गया।

इसके बाद जहाज पर आग लग गई और चालक दल के कुछ सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे चालक दल को जहाज छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसी बीच समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात आईएनएस कोलकाता को सूचना मिली, जिस पर भारतीय



युद्धपोत 04.45 बजे घटनास्थल पर पहुंचा। युद्धपोत ने अपने हेलीकॉप्टर और नौकाओं का उपयोग करके एक भारतीय नागरिक सहित 21 चालक दल के सदस्यों को लाइफ बेड़ा से बचाया। जहाज की चिकित्सा टीम ने घायल चालक दल को महत्वपूर्ण चिकित्सा सहायता दी। गंभीर रूप से घायल कर्मियों सहित बचाए गए दल को आईएनएस कोलकाता के जरिये अपराह्न जिबूती ले जाया गया है। इसी तरह भारतीय नौसेना ने लाइबेरिया ध्वजांकित कंटेनर पोत एमएससी स्काई क्कको 04 मार्च को अदन की खाड़ी में सहायता देकर समुद्री डकुओं से बचाया। लाइबेरियाई कंटेनर पोत पर भारतीय समयानुसार 7.00 बजे अदन से लगभग 90 नॉटिकल मील दक्षिण पूर्व में ड्रोन के जरिये मिसाइल से हमला किया गया था। इस पर चालक दल ने जहाज पर आग लगने से धुआं फैलने की सूचना दी। इस पर अदन की खाड़ी में तैनात आईएनएस कोलकाता को तुरंत आवश्यक सहायता देने के लिए भेजा गया। भारतीय युद्धपोत देर रात 10.30 बजे घटनास्थल पर पहुंच गया और संकट में फंसे लाइबेरियाई कंटेनर पोत के अनुरोध का जवाब दिया। चालक दल के अनुरोध पर कंटेनर पोत को भारतीय जहाज के जरिये घटनास्थल से जिबूती के क्षेत्रीय जल तक ले जाया गया। दूसरे दिन 05 मार्च को सुबह नौसेना की विशेषज्ञ अग्निशमन टीम के 12 कर्मी उक्त जहाज पर सवार हुए और आग बुझाने में सहायता प्रदान की। इसके अतिरिक्त एक विस्फोटक आयुध निपटान (ईओडी) टीम भी अवशिष्ट जोखिम मूल्यांकन के लिए एमवी में शामिल हुई। इस जहाज से 13 भारतीय नागरिकों सहित 23 कर्मियों के दल को सुरक्षित बचाया गया है। इसके बाद जहाज को अपने अगले गंतव्य की ओर रवाना किया गया है।

# अपनों को संभालने में विफल सपा को कांग्रेस दे सकती है झटका



**लखनऊ, (हि.स.)।** कांग्रेस और बसपा के उम्मीदवारों की सूची अब तक न आना। कांग्रेस से सीट बंटवारे के बाद सपा द्वारा भी कोई सूची न दिये जाने से राजनीतिक गलियारे में कयासों का दौर शुरू हो गया है। इधर, सपा अपनों को संभाल पाने में ही असफल होती जा रही है। उधर, कांग्रेस ने अब तक बसपा पर डोरे डालने की कोशिशें कर रही है। यदि कांग्रेस का तालमेल बसपा के साथ हो जाता है तो समाजवादी पार्टी से बड़ी संख्या में नेता बिखर जाएंगे। समाजवादी पार्टी में असंतोष के स्वर पिछले साल नवम्बर में ही सुनाई देने लगे थे, जब खीरी संसदीय क्षेत्र से दो बार सांसद रहे कद्दावर नेता रवि प्रकाश वर्मा ने सपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। वे उस समय पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव थे। सपा ने जब राज्यसभा में तीन उम्मीदवार उतारे तब असंतोष भगदड़ में तब्दील हो गया। इस बीच बुधवार को पूर्व मंत्री संजय गर्ग ने भाजपा का दामन थाम लिया। उधर, सपा महासचिव पद से इस्तीफा देने वाले सलीम शेरवानी ने बदायूं में अपने समर्थकों की बैठक की और सेक्यूलर उम्मीदवार को समर्थन देने के लिए विचार किया गया। सपा से स्वामी प्रसाद मौर्य पहले इस्तीफा दे चुके हैं। मनोज पांडेय बगावत का झंडा बुलंद कर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में यदि कांग्रेस बसपा के साथ गठबंधन कर लेती है तो समाजवादी पार्टी की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। उधर, सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस बार-बार बसपा के साथ गठबंधन के लिए कोशिशें कर रही है। समाजवादी पार्टी से गठबंधन तो उसकी मजबूरी है, लेकिन बसपा से गठबंधन कर वह बढ़त बनाना चाहती है। यदि बसपा से गठबंधन में सपा अड़चनें डालती है तो वह उसे भी दरकिनार कर सकती है, क्योंकि कांग्रेस को लगता है कि यदि बसपा से उसका गठबंधन होता है तो उसको ज्यादा फायदा दिख रहा है।


# कांग्रेस की अब विदाई हो चुकी, राहुल गांधी हताश और निराश : अनुराग ठाकुर

**वाराणसी, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से गुरुवार को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज कसते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी न्याय यात्रा की हवा निकल गयी है। अब हालत यह है कि राहुल गांधी की गाड़ी के आगे भी कोई नजर नहीं आ रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि नेहरू गांधी परिवार की चार-चार पीढ़ियों को जनता का समर्थन मिला। अब उन्हें कोई पूछने नहीं आता। इससे साफ हो गया है कि कांग्रेस की अब विदाई हो चुकी है। दो दिवसीय दौरे पर शहर में आए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर यहां पत्रकारों से मुखातिब थे। उन्होंने राहुल गांधी को हताश और निराश बता कर चुटकी लेते हुए कहा कि ऐसा व्यक्ति अब क्या कर सकता है।




राहुल गांधी ने वायनाड जाकर उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए ऐसी बातें कही, जिससे हमें भी बहुत दुख हुआ। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सोच सनातन धर्म को अपमानित करने, देश को टुकड़ों में बांटने, सनातन समाज को अपमानित करने की है। धार्मिक स्थलों का विरोध करना कांग्रेस पार्टी की आदत है। भगवान राम के खिलाफ टिप्पणी करना, उत्तर दक्षिण को अलग करने की बात करना, टुकड़े-टुकड़े करने वाले लोगों का समर्थन करना कांग्रेस पार्टी की सोच और चरित्र को बताता है। कर्नाटक से ही कांग्रेस उम्मीदवार के राज्यसभा चुनाव जीतने पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते हैं लेकिन राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे कुछ नहीं बोलते, बल्कि छिपाने का काम करते हैं। आखिर कांग्रेस कितना गिरेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बार इतनी भी सीट नहीं जीत पाएगी कि मुख्य विपक्षी दल बन सके। विरोधी दलों के 'इंडिया' गठबंधन को ठगबंधन बताते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि यह दिखावे का गठबंधन है। यह पूरी तरह से ठगबंधन है। वहीं, भाजपा पार्टी संगठन पर बल देती है। भाजपा में शीर्ष नेतृत्व के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। एक सवाल के जबाब में केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतेगी। देश में 400 पार सीट जीतकर एक नया रिकॉर्ड कायम करना है। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विकसित राष्ट्र बनेगा। अधिक से अधिक मतदान के लिए युवाओं से अपील करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि मतदान कर देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें।

# सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके करीबियों के घर ईडी का छापा



**कानपुर, (हि.स.)।** समाजवादी पार्टी(सपा) के विधायक इरफान सोलंकी के घर तथा करीबी रिश्तेदारों के यहां प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की टीम ने गुरुवार सुबह छापा मारा है। विधायक के जाजमऊ स्थित आवास पर सबसे पहले छह गाड़िया पहुंची और छापे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इरफान के अलावा उनके दोनों भाई रिजवान और अशरद के घर भी ईडी की टीम ने छापेमारी की है। उल्लेखनीय है कि सपा विधायक इरफान पिछले एक साल से जेल में बंद है। उप्र प्रदेश मुख्यालय लखनऊ से गुरुवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय की छह टीमें सपा विधायक इरफान सोलंकी के बेकनगंज स्थित आवास और उनके भाई अरशद एवं विल्डर हाजी वसी के घर एक साथ पहुंची और छापे की कार्रवाई शुरू कर दी है। घर में मौजूद सभी सदस्यों के मोबाइल जब्त करके अपने कब्जे में ले लिया है। ईडी की टीमें विधायक के भाई अरशद से पूछताछ कर रही और उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी बंद कर दिया गया है। छापे के दौरान पुलिस बल भी चप्पे-चप्पे पर तैनात है। उल्लेखनीय है कि सपा विधायक इरफान जमीन कब्जाने से सहित कई अन्य मामलों में महाराजगंज जेल बंद है। वह राज्यसभा चुनाव में मतदान भी नहीं कर सके। आगजनी, आचार संहिता उल्लंघन के मुकदमे में इरफान सोलंकी के खिलाफ 14 मार्च को फैसला आएगा।

## रोडवेज से हवाई अड्डे तक चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें, 10 मार्च को एयरपोर्ट का पीएम करेंगे वर्चुअल लोकार्पण




**मुरादाबाद, (हि.स.)।** मुरादाबाद के मूंढापांडे में हवाई अड्डे का वर्चुअल लोकार्पण 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजमगढ़ से करेंगे। एअरपोर्ट आने जाने में लोगों को दिक्कत न हो इसके लिए मुरादाबाद बस अड्डे से एयरपोर्ट तक इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। टोल की सहमति को लेकर ई-बस डिपो अधिकारी टोल प्लाजा से संबंधित अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। बैठक में सहमति मिलने के बाद इलेक्ट्रिक बस का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। मुरादाबाद शहर से एयरपोर्ट तक जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए इलेक्ट्रिक बस का रूट बढ़ा दिया जाएगा। इलेक्ट्रिक एसी बसों को पहले से तय चार रूट के अलावा दलपतपुर से एयरपोर्ट तक रूट बढ़ाने की तैयारी चल रही है। ई-बस डिपो प्रभारी बाबर ने बताया कि एयरपोर्ट तक बस संचालन करने पर बीच में टोल प्लाजा पड़ेगा।

जिसको लेकर टोल प्लाजा से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। टोल की सहमति बनते ही बस का संचालन एयरपोर्ट तक शुरू कर दिया जाएगा। ई-बस के संचालन होने पर एयरपोर्ट जाने वालों को काफी सुविधा मिलेगी। लोग ऑटो के किराए में वातानुकूलित बस में सफर कर एयरपोर्ट जा सकेंगे।

## हाउस टैक्स को लेकर उत्पीड़न के विरोध में उतरे व्यापारी

**मेरठ, (हि.स.)।** नगर निकायों द्वारा हाउस टैक्स को लेकर किए जा रहे जनता के उत्पीड़न के विरोध में व्यापारी उतर आए हैं। गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के बैनर तले व्यापारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर बकाया हाउस टैक्स की वसूली के लिए एकमुश्त समाधान योजना लाने की मांग की। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के नेतृत्व में गुरुवार को व्यापारी कलक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत में बकाया हाउस टैक्स पर ब्याज मूल धन से भी अधिक होने के कारण हाउस टैक्स का बकाया वसूली नहीं हो पा रहा है। इसलिए विद्युत विभाग की भांति एकमुश्त समाधान योजना बनाकर दण्ड ब्याज की माफी कर मूल धन आसान किस्तों में जमा कराए जाने की योजना लाई जाए। इससे भारी मात्रा में बकाया हाउस टैक्स की राशि स्थानीय निकायों को प्राप्त हो जाएगी, जिससे स्थानीय निकायों की स्थिति में सुधार होगा तथा आम जनता को भारी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि हाउस टैक्स बकाया होने पर स्थानीय निकायों द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है, जिसमें मकान मालिक से वसूली न करके किराएदार व्यापारियों की दुकानों को सील किया जा रहा है। जिससे व्यापार के साथ-साथ सरकार का राजस्व भी प्रभावित होता है। किराएदार द्वारा मकान मालिक को किराया दिया जाता है। हाउस टैक्स जमा करने की जिम्मेदारी मकान मालिक की होती है। हाउस टैक्स बाकी होने पर किराएदार के कब्जे वाली सम्पत्ति को सील ना करके मकान मालिक के विरुद्ध हाउस टैक्स वसूली की कार्रवाई की जाए। आवश्यक होने पर किराया स्थानीय निकाय के हित में



अटैच कर लिया जाए। अधिकांश दुकानों में पानी के कनेक्शन की आवश्यता नहीं होती है, परन्तु स्थानीय निकाय द्वारा गृहकर के बिलों सभी से जलकर वसूला जा रहा है। जिन दुकानों पर पानी का कनेक्शन नहीं है वहां से जलकर की वसूली समाप्त किए जाने के आदेश पारित किए जाए। स्थानीय निकाय द्वारा पॉलीथीन पाबंदी के नाम पर छोटे दुकानदारों पर जुमार्ना लगाया जा रहा है। प्रतिबन्धित पॉलीथीन के उत्पादन पर रोक नहीं लगाई जा रही है। बाजारों में चालान व जुमार्ने के स्थान पर प्रतिबन्धित पॉलीथीन के निर्माण पर रोक लगाई जाए। स्थानीय निकाय द्वारा नामान्तरण शुल्क बहुत अधिक बढ़ा दिया गया है, जिस वजह से अधिकांश व्यक्ति नामान्तरण नहीं करा रहे हैं। नए बने भवनों का नाम दर्ज नहीं होने से हाउस टैक्स का नुकसान स्थानीय निकाय को हो रहा है। नामान्तरण शुल्क न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम पांच हजार रुपये किया जाए। नामान्तरण में देरी होने पर कोई लेट फीस या दण्ड ब्याज न लगाया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजकुमार त्यागी, रामअवतार बंसल, धीरज, संजय गर्ग, कैलाश चंद, सचिन कुमार, सुनील कुमार, महिपाल आदि उपस्थित रहे।

# चतरा लोकसभा क्षेत्रः हमेशा बाहरी नेताओं पर लोगों ने जताया भरोसा

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड के चतरा जिला का इतिहास काफी पुराना है। यहां मौर्य वंश का साम्राज्य हुआ करता था। वर्तमान में यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है। साल 1991 में इसे जिले का दर्जा मिला। इससे पहले यह क्षेत्र हजारीबाग जिले का उपभाग हुआ करता था। इस जिले में 2 उपभाग 12 ब्लाक, 154 पंचायतें और 1,474 राजस्व गांव हैं। चतरा लोकसभा सीट के अंतर्गत चतरा, लातेहर जिले का पूरा हिस्सा और पलामू जिले का कुछ हिस्सा आता है। इस सीट के अंदर पांच (पांकी, लातेहर, सिमरिया, मनिका और चतरा) विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें चतरा को छोड़कर बाकी सभी सीटें आरक्षित हैं। मौजूदा दौर में सिमरिया और पांकी सीट पर भाजपा का कब्जा है, तो वहीं चतरा पर राजद, मनिका पर कांग्रेस और लातेहर में झामुमो का विधायक है।

**अनुसूचित जाति और जनजाति का दबदबा** – चतरा लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति और जनजाति का दबदबा है। इसके अलावा यहां पिछड़ी जातियां भी हैं। मोटे तौर पर कहा जाए तो इस क्षेत्र में आदिवासी और खोटा समुदाय के लोग ज्यादा हैं। यह पूरा इलाका घने जंगलों से घिरा है, जिनमें बांस, साल, सागौन और जड़ी-बूटियां अत्यधिक मात्रा में पाई जाती हैं। इस इलाके में नक्सलवादी, उग्रवादी संगठन काफी सक्रिय हैं।

**चतरा सीट 1957 में अस्तित्व में आई** – भारत में जब 1952 में पहला चुनाव हुआ तो यह सीट अस्तित्व में नहीं थी। 1957 के लोकसभा चुनाव के दौरान यह सीट अस्तित्व में आई। चतरा लोकसभा सीट झारखंड का ऐसा संसदीय क्षेत्र है, जहां से अब तक कोई भी स्थानीय नेता संसद नहीं पहुंच पाया है। यहां के लोगों ने हमेशा ही बाहरी नेता पर अपना भरोसा जताया है।

**इस सीट पर 1957 में पहली बार हुआ चुनाव** – इस सीट पर 1957 में पहली बार आम चुनाव हुआ। 1957 में रामगढ़ की महारानी विजया रानी ने जनता पार्टी की टिकट पर जीत हासिल की। 1962 और 1967 में उन्होंने निर्दलीय जीत हासिल की। 1971 में कांग्रेस का खाता खुला और शंकर दयाल सिंह को जीत मिली। आपातकाल के बाद 1977 में जनता पार्टी से सुखदेव प्रसाद वर्मा जीते। 1980 में फिर से कांग्रेस ने वापसी की और रणजीत सिंह विजयी हुए। 1984 में भी कांग्रेस के उम्मीदवार योगेश्वर प्रसाद योगेश जीते।

**1996 में भाजपा ने जीत दर्ज की** – चतरा लोकसभा सीट पर 1989 और 1991 में जनता दल के उपेंद्र नाथ वर्मा को जीत मिली थी। 1996 में यहां पहली बार भाजपा की टिकट पर धीरेंद्र अग्रवाल ने जीत दर्ज की। इसके बाद 1999 में भाजपा से ही नागमणि कुशवाहा जीते। 2004 में धीरेंद्र अग्रवाल राजद में शामिल हो गए और जीत दर्ज की। इसके बाद 2009 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में इंदर सिंह नामधारी जीते। 2014 और 2019 में इस सीट पर मोदी लहर का असर दिखा और सुनील कुमार सिंह ने जीत दर्ज की।

**भाजपा के लिए जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती** – अब देखना होगा कि चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा जीत की हैट्रिक लगाती है या नहीं। हालांकि भाजपा अभी से कवायद में जुट गई है। मिशन 2024 को लेकर भाजपा ने तानाबाना बुनना शुरू कर दिया है क्योंकि वह 2014 और 2019 की जीत को आगे भी बरकरार रखना चाहती है।

चतरा संसदीय क्षेत्र हमेशा से भाजपा के लिए प्रतिष्ठा की सीट रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मैजिक यहां सिर चढ़कर बोला है। 2014 में भाजपा यहां से 1.78 लाख वोट से जीती थी। संसदीय इतिहास में इतने अधिक वोट से जीत का यह कीर्तिमान स्थापित हुआ था। 2014 के उस कीर्तिमान को 2019 में 3.77 लाख वोट से जीत कर ध्वस्त कर दिया गया।

# स्पेनिश महिला से दुष्कर्म मामलाः झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा- विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा के लिए क्या है एसओपी

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर एवं जस्टिस नवनीत कुमार की खंडपीठ में स्पेनिश महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार को विस्तृत आंकड़ों के साथ-साथ इस मामले में की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पूछा कि विदेशी पर्यटकों के राज्य की सीमा में प्रवेश की जांच के साथ उनकी सुरक्षा व सहायता के लिए राज्य सरकार ने किस प्रकार का स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी किया है और अगर एसओपी नहीं है तो भविष्य में इसकी क्या योजना है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड विदेशी पर्यटकों के लिए एक हब बन चुका है। आपको पता होना चाहिए कि यहां प्रतिवर्ष कितने विदेशी पर्यटक आ रहे हैं, उन्हें सुरक्षा मुहैया कराया जाना भी जरूरी है। जरूरत होने पर उनके लिए मेडिकल सुविधा भी होनी चाहिए। कोर्ट ने महाधिवक्ता को महिलाओं के खिलाफ अपराध रोकने के लिए उठाये गये कदम के बारे में भी जानकारी देने को कहा है। इससे पूर्व दुमका एसपी के शपथ पत्र पर कोर्ट ने नाराजगी जतायी। कोर्ट ने कहा कि विदेशी महिला के साथ गैंगरेप की घटना को सुपरवाइज किसी वरीय अधिकारी को करना




चाहिए था। सरकार की ओर से बताया गया कि पीड़िता की कुछ चीजों की जांच दुमका के अस्पताल में संभव नहीं है, जिस पर कोर्ट ने कहा कि हर एक जिला में ऐसी व्यवस्था जरूरी है, मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से भी जिलों में जांच संभव है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को यह बताया गया कि इस घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है और पीड़िता को मुआवजे के तौर पर दस लाख का भुगतान भी कर दिया गया है। यह जानकारी हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान मौजूद अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी। अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी। दरअसल एक मार्च को दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में बाइक टूर पर निकली स्पेनिश मूल की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। महिला अपने पति के साथ बाइक पर निकली थी। वह दुमका होते हुए भागलपुर की ओर जा रही थी। इसी क्रम में वह हंसडीहा बाजार से पहले एक सुनसान जगह पर रात करीब 12 बजे टेंट लगाकर सो गयी। इसी दौरान आसपास के कुछ युवक वहां पहुंचे और महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। साथ ही महिला के साथ मारपीट भी की। सामूहिक दुष्कर्म के आठों अपराधी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। इस मामले को हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष संज्ञान में लाया गया था। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव, डीजीपी एवं एसपी, दुमका को मामले में प्रतिवादी बनाते हुए एसपी दुमका से रिपोर्ट मांगी थी।

# राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली के दीक्षान्त समारोह में सम्मानित होंगे मिथिलांचल के छात्र



**मधुबनी, (हि.स.)।** राष्ट्रपती द्रौपदी मुर्मु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह में गुरुवार को दिल्ली में छात्र- छात्राओं को सम्मानित करेंगी। मिथिलांचल परिक्षेत्र से भी उत्कृष्ट परीक्षाफल से विभिन्न वर्ग के स्वर्ण पदक प्राप्त छात्र इस कार्यक्रम में दिल्ली के इस दीक्षांत समारोह में सम्मानित होंगे। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास वरखेरी के संयोजन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा इस दीक्षान्त समारोह में संस्कृत भाषा साहित्य के उत्कृष्ट परीक्षाफल प्राप्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। देश के प्रत्येक राज्य से करीब सात हजार प्रतिभागियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने की सूचना है। बिहार में दरभंगा जिला के जेएनबी आदर्श संस्कृत महाविद्यालय लगमा के प्राचार्य डा सदानन्द झा ने बताया कि इस कालेज से शास्त्री आचार्य व अन्य वर्ग कोर्स के दो दर्जन छात्र इस कार्यक्रम में भाग लेंगे व राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होंगे। प्राचार्य सदानन्द झा ने बताया कि आदर्श संस्कृत महाविद्यालय लगमा दरभंगा के सभी भाषा विषयक प्राध्यापक प्रतिभागी भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षक वर्ग से डा राघव कुमार झा,डा कृष्ण मोहनझा ,डा ब्रजेश कुमार झा,डा रमेश झा डा सुशील चौधरी,क्षेत्रीय भाषा मैथिली साहित्य के सोनी कुमारी,डा कृष्ण कुमार मिश्र, आकाश पाण्डेय व छात्र डेलीगेट के साथ डा नागेन्द्र झा ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# सरपंच संघ के अध्यक्ष ने सभी सरपंच के साथ की बैठक



**भागलपुर, (हि.स.)।** जिले के जगदीशपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पुरैनी उत्तरी पंचायत में आज गुरुवार को सरपंच संघ के अध्यक्ष बिहारी यादव की अध्यक्षता में प्रखंड जगदीशपुर के सभी निर्वाचित ग्राम कचहरी सरपंच की बैठक ग्राम कचहरी पुरैनी उत्तरी में हुई, जिसमें कई बिंदु पर चर्चा की गई।

इस दौरान पंचायत स्तर पर बनाए जाने वाले वंशावली प्रमाण पत्र बनाने, दो पंचायत सचिव को ग्राम कचहरी बार प्रत्येक निर्धारित बैठक की तिथियां में संबंधित ग्राम कचहरी में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने, तीन प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा संबंधित ग्राम कचहरी में पंचायत सचिव के उपस्थिति के लिए पत्र निर्गत कराने सहित अन्य कई प्रस्ताव पारित किए गए। पारित प्रस्ताव पर बैठक में उपस्थित सरपंच ने हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर अशोक पासवान जमीनी पंचायत, सुनील कुमार यादव सैनो पंचायत, सूरज कुमार मंडल बैजानी सरपंच, रिंकू सरपंच प्रतिनिधि इमामपुर, मोहम्मद बड़ी और सरपंच प्रतिनिधि चांदपुर, पुरैनी मौजूद थे।

## एआईसीडब्ल्यूएफ के नेशनल एक्सक्यूटिव की बैठक में भागलपुर के एसके शर्मा और मुकेश मुक्त होंगे शामिल

**भागलपुर, (हि.स.)।** निर्माण मजदूरों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इण्डिया कंस्ट्रक्शन वर्कर्स फेडरेशन के नेशनल एक्सक्यूटिव की मीटिंग आगामी 9 मार्च को उड़ीसा के भुवनेश्वर स्थित नागभूषण भवन में होगी। इसमें बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों के निर्माण मजदूर संगठनों के नेतृत्वकारी शामिल होंगे। एआईसीडब्ल्यूएफ के नेशनल जनरल सेक्रेटरी एसके शर्मा और नेशनल एक्सक्यूटिव मेम्बर मुकेश मुक्त सहित बिहार के 7 नेतृत्वकारी एआईसीडब्ल्यूएफ के नेशनल एक्सक्यूटिव मेम्बर हैं। सभी मीटिंग में शामिल होंगे। बिहार राज्य निर्माण मजदूर यूनियन एआईसीडब्ल्यूएफ का घटक संगठन है।




एआईसीडब्ल्यूएफ के नेशनल एक्सक्यूटिव मेम्बर मुकेश मुक्त ने गुरुवार को कहा कि मीटिंग में वर्तमान राष्ट्रीय परिस्थिति और आने वाले पार्लियामेंट्री इलेक्शन में निर्माण मजदूरों की भूमिका, लेबर कोड कानून के जरिए मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा के खात्मे की साजिश आदि मुद्दों पर विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ मजदूर वर्ग पर लगातार फासीवादीझ कॉरपोरेट हमले तेज हो रहें है तो दूसरी और केंद्र - राज्य की सरकारें वर्षों की लड़ाई से हासिल निर्माण मजदूरों के सामाजिक सुरक्षा को लूट खाने की नित्य नई साजिशें रच रही है। उन्होंने कहा कि निर्माण मजदूरों के निबंधन और सामाजिक सुरक्षा वितरण प्रक्रिया में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी को शामिल किए जाने के बाद से ही इसमें लगातार दलाल-बिचौलियों का दखल और भ्रष्टाचार बढ़ता ही जा रहा है। नेशनल एक्सक्यूटिव की मीटिंग के बाद मजदूरों के निबंधन व सामाजिक सुरक्षा में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 14 मार्च को भागलपुर उपश्रमायुक्त के समक्ष लेबर ऑफिस पर मजदूरों का प्रदर्शन होगा। इस प्रदर्शन की लिखित सूचना भागलपुर उपश्रमायुक्त, लेबर सुप्रिटेंडेंट व एसडीओ को दी गई है। निर्माण मजदूर किसी भी कीमत पर अपनी सामाजिक सुरक्षा हितलाभों को भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ने देंगे और इसकी रक्षा के लिए हर संभव लड़ाई लड़ेंगे।

संपादकीय

# देश ही मोदी का परिवार

**आम** चुनाव की घोषणा हुई भी नहीं, लेकिन नेताओं के कीचड़ उछालने और आपत्तिजनक शब्द बोलने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी के लिए पहले कांग्रेस ने खूब अपशब्द कहे हैं, लेकिन अब लालू यादव ने ऐसा मुद्दा उछाला है कि मोदी और भाजपा ने उसे लपक लिया है। लालू ने सार्वजनिक मंच से कहा है कि मोदी का अपना परिवार तो नहीं है, लिहाजा वह 'परिवारवादी पार्टियां' कहते रहते हैं। मोदी हिंदू भी नहीं हैं, क्योंकि मां के शोक में उन्होंने सिर नहीं मुंडवाया और न ही दाढ़ी साफ कराई। प्रधानमंत्री तेलंगाना में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, वहीं उन्होंने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा- 'मैं परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो उन्होंने बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं। जिसका कोई नहीं है, वे भी मोदी के हैं और मोदी उनका है।' प्रधानमंत्री के इस कथन के बाद भाजपा अध्यक्ष, मंत्रियों, सांसदों और कई मुख्यमंत्रियों ने सोशल मीडिया पर अपने बायो बदलते हुए लिख दिया- 'मोदी का परिवार।' और यह बदलाव सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। कुछ ही देर में यह मुद्दा बन गया। राजनीति 2019 के ढर्रे पर मुड़ गई। तब कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार पर एक जुमला उछाला था-'चौकीदार चोर है।' उसकी त्वरित प्रतिक्रिया में भाजपा नेताओं ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिख लिया था-'मैं भी चोर हूं।' अंततः वह जुमला 2019 के चुनावों का प्रमुख मुद्दा बन गया। दरअसल यह मोदी की रणनीति रही है या चुनावी-कौशल माना जाए कि उन्होंने मौत का सौदागर, चायवाला, बिच्छू, सांप, भस्मासुर, बंदर, खून की दलाली, गंदी नाली का कीड़ा आदि से लेकर जहरीला सांप तक सभी अपशब्दों को चुनावी जनादेश में परिणत कर लिया है। अधिकतर अपशब्द तब बोले गए, जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे। यह राजनीति उनके विपक्षी बखूबी जानते हैं, लेकिन फिर भी ऐसे ही निजी हमले करते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी पीड़ित और बेचारगी की मुद्रा में आकर, खूब आक्रामक तरीके से, उसी गालीनुमा शब्द को देश की जनता के सामने दोहराते रहे हैं। लालू यादव न तो हिंदू धर्म के ज्ञाता विशेषज्ञ हैं और न ही शोकावस्था की रस्मों को पूरी तरह जानते हैं। सनातन से जुड़े कई संप्रदायों, मतों, जातियों में सिर मुंडवाने और दाढ़ी साफ कराने की परंपरा ही नहीं है। खुद लालू यादव के भाई का निधन हुआ था, तो उन्होंने सिर नहीं मुंडवाया। कांग्रेस के ही उदाहरण लें, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद, शोकाकुल राजीव गांधी को सिर नहीं मुंडवाना पड़ा था। यही परंपरा राहुल गांधी ने भी निभाई। लालू या विपक्ष का कोई भी नेता देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक अपशब्दों का इस्तेमाल करता है, तो क्या चुनाव की लहर उनके पक्ष में बहने लगेगी? यदि अब चुनावी $फिजाओं में 'मोदी का परिवार' ही गूंजता रहेगा, तो जाहिर है कि बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी, पेपरलीक, यौन शोषण, किसानी, असल अर्थव्यवस्था सरीखे मुद्दे चुनाव में पीछे छूट जाएंगे। हमने तो अधिकतर चुनाव किसी तात्कालिक और उत्तेजक मुद्दे पर ही होते देखे हैं। देश की जनता को व्यापक और गहरे तौर पर प्रभावित करने वाले मुद्दे बेजां ही चीखते रहे हैं। परिवारवादी राजनीति भारत में खूब फल-फूल रही है। करीब 30 फीसदी सांसद राजनीतिक परिवार से आते हैं। करीब 22 फीसदी सांसद भाजपा में भी परिवारवादी हैं, लेकिन दोनों की परिभाषा और चरित्र में बहुत अंतर है। प्रधानमंत्री मोदी ने संसद में बोलते हुए इनके अंतर को स्पष्ट किया था। ऐसी परिवारवादी राजनीति कमोबेश लोकतंत्र के लिए घातक है। राजनीतिक दल परिवारवादी नहीं होने चाहिए। बेशक एक ही परिवार के कई काबिल और जनाधार वाले लोग राजनीति में एक साथ सक्रिय रह सकते हैं। जिस तरह कांग्रेस में गांधी परिवार ही मुख्य धुरी है, उसी तर्ज पर कई अन्य दल भी वंशानुगत हैं। बहरहाल इस बहस से भाजपा को ही लाभ होगा।

प्रधानमंत्री मोदी के लिए पहले कांग्रेस ने खूब अपशब्द कहे हैं, लेकिन अब लालू यादव ने ऐसा मुद्दा उछाला है कि मोदी और भाजपा ने उसे लपक लिया है। लालू ने सार्वजनिक मंच से कहा है कि मोदी का अपना परिवार तो नहीं है, लिहाजा वह 'परिवारवादी पार्टियां' कहते रहते हैं। मोदी हिंदू भी नहीं हैं, क्योंकि मां के शोक में उन्होंने सिर नहीं मुंडवाया और न ही दाढ़ी साफ कराई। प्रधानमंत्री तेलंगाना में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे, वहीं उन्होंने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा- 'मैं परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो उन्होंने बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार हैं। जिसका कोई नहीं है, वे भी मोदी के हैं और मोदी उनका है।' प्रधानमंत्री के इस कथन के बाद भाजपा अध्यक्ष, मंत्रियों, सांसदों और कई मुख्यमंत्रियों ने सोशल मीडिया पर अपने बायो बदलते हुए लिख दिया- 'मोदी का परिवार।' और यह बदलाव सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। कुछ ही देर में यह मुद्दा बन गया। राजनीति 2019 के ढर्रे पर मुड़ गई। तब कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राफेल विमान सौदे में कथित भ्रष्टाचार पर एक जुमला उछाला था- 'चौकीदार चोर है।'

## बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जापान और ब्रिटेन की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऋणात्मक हो गई

# भारत में बढ़े वेतन और रोजगार के मौके

डा. जयंतीलाल भंडारी

दुनिया की कई विकसित व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार अवसरों में बड़ी कमी आई है। लेकिन भारत में दुनिया के अन्य देशों की तुलना में वेतन वृद्धि और रोजगार मौके बढ़ने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 21 फरवरी को दुनिया के प्रसिद्ध ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विस फर्म एओन ने अपनी सालाना सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2024 में एशिया-प्रशांत के अन्य सभी देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा वेतन वृद्धि औसतन 9 .5 प्रतिशत भारत में होगी। यह वृद्धि चीन की तुलना में लगभग डेढ़ गुना होगी। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस, इंजीनियरिंग, ऑटोमोटिव और लाइफ साइंसेज सेक्टर में सबसे ज्यादा वेतन बढ़ेगा।

**इन** दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक और रोजगार रिपोर्टों में यह कहा जा रहा है कि दुनिया इस समय वैश्विक मंदी के बीच रोजगार चुनौतियों का सामना कर रही है। दुनिया की कई विकसित व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार अवसरों में बड़ी कमी आई है। लेकिन भारत में दुनिया के अन्य देशों की तुलना में वेतन वृद्धि और रोजगार मौके बढ़ने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 21 फरवरी को दुनिया के प्रसिद्ध ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विस फर्म एओन ने अपनी सालाना सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2024 में एशिया-प्रशांत के अन्य सभी देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा वेतन वृद्धि औसतन 9.5 प्रतिशत भारत में होगी। यह वृद्धि चीन की तुलना में लगभग डेढ़ गुना होगी। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस, इंजीनियरिंग, ऑटोमोटिव और लाइफ साइंसेज सेक्टर में सबसे ज्यादा वेतन बढ़ेगा। गौरतलब है कि दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जापान और ब्रिटेन की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऋणात्मक हो गई है। जहां जापान की अर्थव्यवस्था मंदी की चपेट में आ चुकी है, वहीं यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी संघर्ष कर रही है। जर्मनी ने हाल ही में जापान को पछाडक़र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल किया है। जर्मनी में महंगाई चरम पर है और विकास में ठहराव आ गया है। अमरीका भी वैश्विक सुस्ती के खतरे में शामिल है। इस समय लाल सागर पर हो रहे हमलों तथा इजरायल और फिलिस्तीन युद्ध ने अमरीकी कंपनियों के कारोबार को घटा दिया है। इस बीच दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश चीन भी तेज आर्थिक वृद्धि के दिनों से दूर हो गया है। इससे इन देशों में रोजगार के मौकों पर प्रतिकूल असर हुआ है। ऐसे में यह कोई छोटी बात नहीं है कि चिंताजनक वैश्विक रोजगार परिदृश्य के बीच भारत में बढ़ती हुई तेज अर्थव्यवस्था के कारण रोजगार-स्वरोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि अभी भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। उससे आगे अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान हैं। कुछ समय पहले तक माना जा रहा था कि भारत 2026 में जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा,




लेकिन अब भारत और जापान की अर्थव्यवस्था में बहुत थोड़ा अंतर रह गया है। इसलिए जापान की अर्थव्यवस्था से इसी साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था आगे निकल सकती है और चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था का ताज पहन सकती है। ऐसे में बढ़ती हुई भारतीय अर्थव्यवस्था में नए रोजगार मौके निर्मित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। यद्यपि वैश्विक मंदी के कारण दुनिया की छोटी-बड़ी कई अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार के मौके कम हुए हैं, लेकिन कोविड-19 के बाद डिजिटल दौर के कारण देश और दुनिया के विभिन्न देशों में डिजिटल कौशल से सुसज्जित भारतीय युवाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़े हैं। खास तौर से डिजिटल इकोनॉमी के तहत ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, ट्रांजेक्शन, डेटा एनालिसिस, सायबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, हॉस्पिटेलिटी डेटा साइंस, कंटेंट क्रिएशन, ब्लॉकचेन मेटावर्स, नेटवर्किंग, रिलेशनशिप बिल्डिंग, डिजिटल लिटरेसी, इमोशनल इंटेलिजेंस ग्रोथ और क्रिटिकल थिंकिंग से जुड़े रोजगार अवसर भी तेजी से बढ़े हैं। नई स्टार्टअप्स से युवाओं के लिए लाखों रोजगार बन रहे हैं। देश की नई प्रतिभाशाली पीढ़ी के बल पर देश स्टार्टअप और सॉफ्टवेयर से लेकर स्पेस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सामथ्र्यवान देश के रूप में उभर रहा है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या अब 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है। इनमें बड़ी संख्या में स्टार्टअप टियर 2 और टियर 3 शहरों में हैं। सरकार की कवायदों से युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ सरकारी क्षेत्र में भी नए रोजगार अवसर बढ़े हैं। सरकार के द्वारा रोजगार बढ़ाने के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं पीएम ऋण योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मनरेगा आदि के तहत करोड़ों युवाओं की मुठ्ठियों में रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। हाल ही में 11 फरवरी को रोजगार मेले के तहत भर्ती किए गए एक लाख से अधिक कर्मियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मौजूदा एनडीए सरकार ने पिछले 10 साल में पूर्ववर्ती यूपीए सरकार की तुलना में युवाओं को डेढ़ गुना ज्यादा नौकरियां दी हैं। यूपीए के कार्यकाल में कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) के माध्यम से 10 साल में 256405 नियुक्तियां हुई थीं, जबकि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में 511775 नियुक्तियां हुई हैं। इसी तरह राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा पिछले दिनों जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में बढ़ते श्रम बल के बीच बेरोजगारी दर घटी है। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर 2023 के दौरान शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.5 प्रतिशत रह गई है। इतना ही नहीं, नए भारत की नई संभावनाओं और तेजी से बढ़ती देश की अर्थव्यवस्था की अहमियत को समझते हुए दुनिया के उद्यमियों और प्रवासी भारतीयों के कदम भी भारत की ओर बढ़ रहे हैं। उद्योग संगठन नैस्कॉम के पूर्व चेयरमैन सौरभ श्रीवास्तव का कहना है कि देश की विकास गाथा में शामिल होने के लिए अमरीका और यूरोप सहित दुनिया भर से भारतीय उद्यमी वापस अपनी मातृभूमि की ओर लौट रहे हैं। ये अपने साथ लाई गई पूंजी और विदेशों में अर्जित कौशल से रोजगार के नए मौके भी निर्मित कर रहे है। निःसंदेह एक ऐसे दौर में जब दुनिया के अनेक विकसित और विकासशील देशों में कार्यशील युवाओं की कमी का परिदृश्य है, तब भारत अपनी कुशल युवा आबादी के साथ रोजगार बाजार में नई संभावनाओं वाले देश के रूप में उभरकर सामने आया है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक एक अरब 42 करोड़ 86 लाख आबादी के साथ भारत दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया है।

दृष्टि कोण

# प्रदेश में घटते जल स्तर की समस्या एवं समाधान

**जल** को जीवन का अमृत कहा गया है। पानी मनुष्य की प्रमुख जरूरतों में से एक है। आदमी भोजन के बिना तो शायद कुछ दिन जीवित रह भी सकता है, लेकिन पानी के बिना नहीं रह सकता। इसके बावजूद कुछ वर्षों में मानवीय भूल और प्रकृति से छेड़छाड़ के कारण जल का स्तर भारत में दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा है। फाल्कनमार्क जल सूचकांक, जोकि दुनिया भर में पानी की कमी को मापने के लिए प्रयोग किया जाता है, के अनुसार भारत में करीब 76 प्रतिशत लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं। जल मनुष्य को प्रकृति के द्वारा दिया गया एक बहुमूल्य उपहार है। पृथ्वी एक जलीय स्थान है। पृथ्वी की सतह का लगभग 71 प्रतिशत भाग पानी से ढका हुआ है, और महासागरों में पृथ्वी का लगभग 96.5 प्रतिशत पानी मौजूद है। पृथ्वी का केवल 3 फीसदी पानी ही ताजा पानी है। इस ताजे पानी का एक फीसदी पीने के लिए उपयुक्त है, बाकी जमीन, ग्लेशियरों और बर्फ की चोटियों में पाया जाता है। इस हिसाब से अगर हम देखें तो पाएंगे कि इस धरती पर पीने योग्य पानी बहुत ही कम है, और हमें पानी के स्त्रोतों का प्रयोग समझदारी से करना होगा। वर्तमान में लगभग 72 प्रतिशत जल स्त्रोतों के सूख जाने से एक विकट स्थिति उत्पन्न हुई है। जल तृतीय विश्व युद्ध का मुख्य कारण हो सकता है। पानी को लेकर युद्ध हमारी दुनिया के लिए कोई नई बात नहीं है, जिसमें 2500 ईसा पूर्व मेसोपोटामिया, 720 ईसा पूर्व में असीरिया, 101 ईसा पूर्व में चीन और 48 ईसा पूर्व मिस्र में आग भडक़ उठी थी। तमिलनाडु और कर्नाटक, जो भारत के दो राज्य हैं, के बीच कावेरी नदी के जल का विवाद कई दशकों से चल रहा है। भारत के और भी कई राज्यों में पानी के लिए डिस्प्यूट की खबरें आती रहती हैं। कहने का अभिप्राय मात्र इतना है कि हमें इतिहास से सबक लेकर पानी को बचाने और गिरते हुए जल स्तर को बेहतर बनाने के लिए अभी से प्रयास करने होंगे। अगर हम बात करें हिमाचल प्रदेश की तो प्रदेश



कुछ समय से सूखे की मार झेल रहा है। राज्य के लोग फरवरी की शुरुआत तक बारिश और बर्फबारी के लिए तरसते रहे। राज्य की कई जलविद्युत परियोजनाओं में बिजली का उत्पादन 90 प्रतिशत तक कम हुआ है, जिससे प्रदेश में पानी के साथ-साथ बिजली का संकट भी पैदा हो गया है। वर्तमान हालत को देखते हुए गर्मियों में जल संकट की भारी कमी प्रतीत होती दिख रही है। एक समय था जब हिमाचल को बारहमासी बहने वाले झरनों, झीलों और बांवडियों का घर माना जाता था, लेकिन वर्तमान में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की वजह से पानी के परम्परागत सोर्सेज या तो पूरी तरह सूख गए हैं या फिर मौसमी हो गए हैं। वर्ष 2018 में प्रदेश की राजधानी शिमला में जिस तरह के हालात पैदा हुए, उसकी वैश्विक स्तर पर चर्चा हुई। सरकारें दावा करती हैं कि प्रदेश के हर घर में नल से जल पहुंच रहा है, लेकिन हकीकत में अभी भी प्रदेश के कुछ हिस्सों में लोगों को कई किलोमीटर का सफर करके पानी का इंतजाम करना पड़ता है। लोगों की इस परेशानी को दूर करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कुछ गंभीर प्रयास किए। वर्ष 1977 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने पर पेयजल समस्या का समाधान ही उनकी प्राथमिकता थी। शांता कुमार ने अपने मुख्यमंत्री काल के प्रथम एक साल में प्रदेश भर में पेयजल योजनाएं लागू करके पानी की कमी को दूर करने का एक बहुत ही सफल प्रयास किया। जब 1990 में शांता कुमार दोबारा मुख्यमंत्री बने तो पूरे प्रदेश में जरूरत के अनुसार हैंडपंप लगा कर लोगों की पानी की कमी को दूर करने का प्रयास किया गया। इसी से प्रेरणा लेकर धूमल सरकार में जब मैं आईपीएच मिनिस्टर बना तो मेरे कार्यकाल में पूरे हिमाचल में कई जल परियोजनाएं शुरू की गइं। सबसे महत्वपूर्ण करप्शन और टेंडर सिस्टम में भाई भतीजावाद पर कड़ा प्रहार किया गया, जोकि वर्तमान सरकार में फिर से हावी होता दिख रहा है। केंद्र में मोदी सरकार जल संरक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। अटल भूजल योजना, केच दि रेन इत्यादि कुछ प्रमुख योजनाएं हैं जो जल संरक्षण के लिए बनाई गई हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हिमाचल को 6000 करोड़ का प्रावधान किया गया। हिमाचल में इसके अंतर्गत करोड़ों की स्कीम्स लगाई गईं। मेरे कार्यकाल में ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में करीब 150 करोड़ जल संरक्षण पर खर्च किए गए। प्रदेश सरकार पानी का प्रबंधन विभिन विभागों में बेहतर समन्वय बना कर अच्छे से कर सकती है। लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

कुछ अलग

# महज 3-4 घंटे काम और खूब आराम

**क्या** आपको भी महसूस हो रहा है कि जीवन में अचानक समय बहुत कम हो गया है। क्या आप भी सुबह उठने के साथ-साथ समय की कमी के अहसास से भर जाते हैं और दिनभर समय को पकड़ने के लिए भागते ही रहते हैं। क्या आपको भी अपनी फिटनेस के लिए टाइम नहीं मिल पा रहा, आप भी अपने शौक पूरे नहीं कर पा रहे, आप पर भी ऑफिस के काम का बेहिसाब बोझ है, आप भी परिवार को समय नहीं दे पा रहे और एक अच्छी गहरी नींद के लिए तरस रहे हैं। अगर आपके साथ ऐसा हो रहा है, तो हैरान न हों क्योंकि महानगरों में रहने वाले ज्यादातर लोगों के साथ ऐसा ही हो रहा है बशर्ते कि कोई परम सत्य को न पा गया हो क्योंकि वहां पहुंचे किसी व्यक्ति को एक बित्ते से मोबाइल फोन में खुलती दुनिया आकर्षित नहीं कर सकती, बांध नहीं सकती। जबकि ज्यादातर लोगों के लिए मोबाइल एक बड़ा 'टाइम खाऊ' वजह बन चुका है। जिस तरह यह सुबह आंख खुलते-खुलते ही हाथों में आ जाता है और आपके साथ-साथ बैडरूम से निकलकर टॉयलेट, ड्राइंग रूम, किचन वगैरह होता हुआ डाइनिंग टेबल पर भी आपके साथ ही बैठता है और साथ घर से निकलकर रात नींद में आंख बंद होने तक आपके हाथ में बना रहता है, काफी समय तो यही आपका खा जाता है। जैसा कि सारी टीनऐज पीढ़ी जवाब देती है अगर यह मान लें कि आप मोबाइल पर ही अपने सारे काम करते हो, तो भी आप इस बात से इंकार नहीं करेंगे कि कम-कम करके भी यह आपके 3-4 घंटे खा जाता होगा। अब अगर आपको यह बताया जाए कि भले ही नारायण मूर्ति ने भारतीयों के लिए काम के घंटे बढ़ाकर प्रतिदिन 11-12 घंटे करने की बात कही थी, पर दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो महज 3-4 घंटे का क्वॉलिटी काम करके ही बेहतरीन जीवन जी रहे हैं, तो आपके पैरों तले जमीन खिसक सकती है। जितने घंटे आप मोबाइल से खुद को एंटरटेन करने में खर्च करते हैं, उतने ही घंटे काम करके कोई आराम और ऐश्वर्य का जीवन कैसे जी सकता है। आपके दिमाग में सवाल उठना लाजिमी है। लेकिन वाकई ऐसे लोग हैं। उनका यह मानना है कि उन्होंने अध्यात्म की राह पर चलकर आपनी शारीरिक और मानसिक फिटनेस को इतना ऊंचा उठा दिया है कि अब वे अपने फोकस को जरा भी हिलने नहीं देते। न सिर्फ इतना, उनका तो यह भी मानना है कि कम काम करने से उनमें ऊर्जा का ऊंचा स्तर बना रहता है जिसके चलते वे सुपर क्रिएटिव काम कर पाते हैं और ऐसा करने की वजह से उन्हें दूसरों की तुलना में ज्यादा सफलता मिलती है और वे सफलता के एक पॉजिटिव चक्र में घूमते हुए ऊपर उठते चले जाते हैं। जिन लोगों को यह बात थोड़ी अविश्चसनीय लग रही है, वे चाहें तो डेविड कदावी की किताब 'माइंड मैनेजमेंट नॉट टाइम मैनेजमेंट' पढ़ सकते हैं। इस किताब में भी उन्होंने अपनी कहानी बताई है कि किस तरह उन्होंने मल्टी टास्किंग की मार से बाहर निकलकर क्रिएटिव टास्किंग का स्वर्ग खोजा और अब कैसे वे वहीं मौज कर रहे हैं। आप भी अगर उस राह जाना चाहे हैं तो सबसे पहले तो अध्यात्म की राह सुनकर नाक-मुंह सिकोड़ना बंद करें। जी हां, क्योंकि अक्सर इस राह को लोग सांसारिक सफलताओं के खिलाफ मानकर चलते हैं लेकिन सचाई यह है कि अध्यात्म आपको फालतू चीजों से निकालकर आपके फोकस को बढ़ाता है। कभी मौका मिले तो स्टीफन कोवी की किताब 'सेवन स्प्रिचुअल लॉज ऑफ सक्सेस' पढ़िएगा और लगे हाथ जय शेट्टी की किताब 'थिंक लाइक अ मोंक' पर भी नजर मार लीजिएगा। जय शेट्टी की कमाई पर भी गौर किया जा सकता है। वे अपने पॉडकास्ट, किताबों आदि से लगभग 56 करोड़ रुपये कमा लेते हैं।

देश दुनीया से

# आंकड़ों को दिशासूचक की तरह लेने की जरूरत

देश और दुनिया को बताया गया कि इस वर्ष अर्थव्यवस्था पांच जनवरी को पूर्वानुमानित 7 .3 फीसदी नहीं, बल्कि 7 .6 फीसदी की दर से विकास करेगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सबको हैरान कर दिया। दिसंबर, 2023 तक रिजर्व बैंक के पेशेवर पूर्वानुमान सर्वे ने वित्त वर्ष 2023–24 के लिए वास्तविक जीडीपी 6 .0–6 .9 फीसदी के दायरे में रहने की उच्चतम संभावना जताई थी। विकास दर में यह वृद्धि पिछले वर्षों और तिमाहियों के आंकड़ों में संशोधन के बाद हुई है, जिसके तहत वर्ष 2022–23 की जीडीपी विकास दर कम रही और मौजूदा वर्ष की पहली तिमाही के आंकड़ों में यह ऊपर दिखी। इसमें यह खुलासा भी किया गया कि अक्तूबर और दिसंबर, 2023 के बीच अर्थव्यवस्था 8 .4 फीसदी की दर से बढ़ी।

**एक** पुरानी कहावत है कि आमतौर पर लोग उस बात पर तुरंत विश्वास कर लेते हैं, जिसे वे सच मानना चाहते हैं। हरेक कुछ महीनों में भारत की सार्वजनिक बहस में यही सच सामने आता है। अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में आंकड़े सामने आते ही बयानबाजी शुरू हो जाती है। बेहद ध्रुवीकृत राजनीतिक अखाड़े में समर्थक वाह-वाह करते हुए और शक्की अविश्वास में बहस करते हुए पाए जाते हैं। रह गए संशयवादी, तो वे संशय ही करते रहते हैं। हाल ही में देश और दुनिया को बताया गया कि इस वर्ष अर्थव्यवस्था पांच जनवरी को पूर्वानुमानित 7.3 फीसदी नहीं, बल्कि 7.6 फीसदी की दर से विकास करेगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सबको हैरान कर दिया। दिसंबर, 2023 तक रिजर्व बैंक के पेशेवर पूर्वानुमान सर्वे ने वित्त वर्ष 2023–24 के लिए वास्तविक जीडीपी 6.0–6.9 फीसदी के दायरे में रहने की उच्चतम संभावना जताई थी। विकास दर में यह वृद्धि पिछले वर्षों और तिमाहियों के आंकड़ों में संशोधन के बाद हुई है, जिसके तहत वर्ष 2022–23 की जीडीपी



विकास दर कम रही और मौजूदा वर्ष की पहली तिमाही के आंकड़ों में यह ऊपर दिखी। इसमें यह खुलासा भी किया गया कि अक्तूबर और दिसंबर, 2023 के बीच अर्थव्यवस्था 8.4 फीसदी की दर से बढ़ी। जीडीपी की 8.4 फीसदी दर पर बहुत ज्यादा उत्साह पैदा हुआ, जबकि इस अवधि के लिए सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 6.5 फीसदी था। कम जीवीए को सब्सिडी पर कम खर्च और करों में वृद्धि के रूप में विश्लेषित किया जाता है। जीवीए में करों को जोड़कर और उसमें से सब्सिडी घटाने पर जीडीपी का आंकड़ा निकाला जाता है। दिलचस्प बात यह है कि तीन तिमाहियों में जीवीए क्रमिक रूप से 8.2 फीसदी से घटकर 6.5 फीसदी हो गया है। अर्थव्यवस्था की स्थिति पर बहसें अक्सर आंकड़ों की बारीकियों में खो जाती हैं। स्पष्ट है कि अर्थव्यवस्था ने उम्मीद से ज्यादा और पूर्वानुमानों से बेहतर प्रदर्शन किया है। यह बुनियादी संरचनाओं पर खर्च और जीएसटी एवं प्रत्यक्ष करों के आंकड़ों से भी स्पष्ट होता है। जीडीपी के अनुमान से विनिर्माण एवं निर्माण के क्षेत्र में भी मजबूत वृद्धि का पता चलता है। आय में वृद्धि और शेयर सूचकांकों की शानदार उछाल से इसकी पुष्टि होती है। यह सब स्वीकारते हुए भी कहना होगा कि सब कुछ ठीक नहीं है। ये अनुमान विकास की रफ्तार और गति में मंदी का भी संकेत देते हैं। वर्ष के अंत में 7.6 फीसदी का अनुमान बताता है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर छह फीसदी के आस-पास होगी। सामाजिक व्यवस्था के अन्य तत्वों की तरह आर्थिक विकास भी औसत के नियम से नियंत्रित होता है। क्या यह गिरावट है, सांख्यिकीय प्रभाव है या कोई संरचनात्मक मुद्दा है, जिसे विकास को बनाए रखने के लिए संबोधित किया जाना चाहिए? आंकड़े बताते हैं कि विकास की इस गति में हर क्षेत्र शामिल नहीं है। भले ही जीडीपी 7.6 फीसदी की दर से विकास कर रहा हो, पर तथ्य यह है कि निजी खपत मुश्किल से तीन फीसदी की दर से बढ़ रही है, जो चिंता का विषय होना चाहिए। खपत के आंकड़े इसलिए महत्वपूर्ण हैं कि जीडीपी में खपत का योगदान 55.6 फीसदी होता है। ऐसे में सवाल उठता है कि खपत में गिरावट एक मौसमी मुद्दा है या खर्च करने की क्षमता में बुनियादी गिरावट है। हालांकि पीड़ा को कम करने और खपत बढ़ाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप किया गया है। लेकिन 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज, 50 करोड़ लोगों को स्वास्थ्य सेवा, 16 करोड़ से ज्यादा लोगों को ग्रामीण रोजगार के अलावा धन हस्तांतरण, घर एवं उपभोग्य सामग्रियों के प्रावधान जैसे कल्याणकारी कार्यक्रमों के आक्रामक विस्तार के बावजूद खपत घट रही है। इसका असर कम लागत वाली वस्तुओं की बिक्री एवं उपभोक्ता वस्तुओं तथा टिकाऊ निर्माताओं की कमाई पर दिख रहा है। दरअसल, अंतरिम बजट के पहले उद्योग मंडलों ने कल्याणकारी लाभों के विस्तार की बात की थी। जीडीपी के अनुमानों में अन्य चिंताजनक आंकड़े भारत के दो सबसे बड़े नियोक्ताओं से संबंधित हैं। पहला सेवा क्षेत्र, जो बड़ी संख्या में नए रोजगार पैदा करता है और दूसरा कृषि, जो संपूर्ण कार्यबल के 45 फीसदी से ज्यादा कार्यबल को रोजगार देती है। कृषि में तीसरी तिमाही में संकुचन दिखाई दिया और वर्ष के अंत में उसकी वृद्धि दर 0.7 फीसदी हो सकती है। सेवा क्षेत्र भी पिछड़ गया है और दोहरे अंक की वृद्धि के ऐतिहासिक स्तर से काफी नीचे रुका हुआ है।

आप का नजरीया

# कितने अटके, कितने छिटके

**छह** विधायकों की बगावत ने प्रदेश के संबोधन, सरकार के उद्बोधन और विपक्ष के सम्मोहन बदल दिए। कई टीलों पर सवार रणनीतियां बता रही हैं कि बेमौसमी बरसात में बादल गरज रहे हैं। बहरहाल केंद्र बनाम हिमाचल, भाजपा बनाम कांग्रेस और सत्ता बनाम बागी विधायकों के बीच जारी द्वंद्व और राजनीतिक रस्साकशी के बीच सरकार अपना रुतबा तथा सरकार के बीच अपने नेताओं का रुतबा बढ़ा रही है। कैबिनेट रैंक के प्रशस्तिपत्र कुछ बंट गए और कई अन्य तैयार हो रहे हैं। बादलों की गर्जना के बीच सरकार की गर्जना पांचवीं गारंटी के सुर को ऊंचा कर रही है। जो कार्य अगले चरणों की प्रतीक्षा में थे, वे अचानक सरकार की सरहद पर सीना तान कर खड़े हो रहे हैं। अब 18 से 60 साल की हर पात्र महिला को पंद्रह सौ रुपए का वजीफा हर महीने मिलेगा तो ऋण की चक्की और बारीकी से पीसेगी। यानी साल में आठ सो करोड़ का खर्चा करके गारंटियों के मौसम में बजट की पतझड़ सामने आएगी। अब कर्मचारी खुश हों या न हों। छठे वेतन के एरियर कितने अटके या कितने छिटके रहें, लेकिन सरकार ने दम लगा कर एक फार्मूला तो निकाल ही लिया। यानी मार्च महीने की होली में डेढ़ प्रतिशत का गुलाल और इसके बाद प्रत्येक माह 0.25 प्रतिशत की अदायगी की गारंटी दी जा रही है। पेंशनरों के चूल्हे पर चढ़ी खिचड़ी अब पकेगी जरूर क्योंकि सरकार ने चार प्रतिशत महंगाई भत्ते का इंतजाम करके बता दिया कि वह फैसले लेने की अदा जानती है। यह दीगर है कि कर्मचारी वर्ग के दाल-नमक का हिसाब कभी भी सरकार के फैसलों का कृतज्ञ नहीं हुआ। अलबत्ता महिला वर्ग के प्रति सरकार की उदारता का मनोवैज्ञानिक प्रभाव आगामी लोकसभा चुनाव के आधे मतों को कांग्रेस की ओर से आमंत्रित अवश्य कर रहा है। सरकार के खर्चे हर गारंटी की कीमत में इतनी बढ़ोतरी तो कर ही रहे हैं कि वार्षिक फलादेश में उधार की बेडियां और मजबूत होंगी। कम से कम जो राज्य आत्मनिर्भरता के प्रयास में सफल होने की दुहाई देता हो, उसके लिए महिलाओं को पंद्रह सौ बांटकर ऋण के चाबुक से मुक्त होना मुश्किल होगा। यह इसलिए भी कि वाटर सैस जैसे फैसले का पटाक्षेप करके उच्च न्यायालय ने इसे अमान्य कर दिया है, तथा शानन परियोजना की वापसी भी अदालत में घिसटने के लिए तैयार है। ऐसे में एक ओर प्रदेश की चुनौतियों से रूबरू सरकार को अपना आसन जमाना है, दूसरी ओर पिछले चुनाव की गारंटियों का वादा लोकसभा चुनाव से पहले निभाना है। सरकार की सक्रियता का शुभ संदेश भी अंततः राज्य की कंगाली का अंजाम ही लिखता है। ऐसे में छह विधायकों को खो चुकी सरकार के पास सिर्फ यही हथियार है कि फैसलों की धार को निरंतर पैना करे। इसके सबूत बढ़ रहे हैं कि राज्यसभा की सीट गंवाकर सुक्खू सरकार अपना आत्मबल व जनता का भरोसा नहीं खोना चाहती है। जाहिर है अब अन्य गारंटियों, नेताओं की नियुक्तियों और तमाम खाली रिक्तियों पर चांदी चढ़ाई जाएगी। आश्चर्य यह कि हमने छोटे से हिमाचल के वजूद को इतना लापरवाह, स्वार्थी तथा भयभीत कर दिया कि हमेशा प्रतिकूल हवाओं की आशंका में स्वावलंबन के खाते खाली किए जा रहे हैं। अब एक दौड़ रिज की ओर ऐसी भी शुरू हुई जहां हिमाचल का हर राजनीतिक खानदान अपने कद्दावर पूर्वज की प्रतिमा देखना चाहता है।

# किसानों के आंदोलन पर पंजाब और हरियाणा सरकारों को हाई कोर्ट की फटकार

## किसान शुभकरण की मौत की जांच हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज की अगुवाई में होगी

**चंडीगढ( हिंस )।** हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा सरकारों को फटकार लगाते हुए कहा कि इस पूरे मामले में दोनों ही राज्य अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाने में नाकाम रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि किसान शुभकरण की मौत की जांच हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज की अगुवाई में होगी और 3 सदस्यीय समिति बनाई जाएगी। पंजाब एवं हरियाणा में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर चंडीगढ़ में हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने इस मामले में वकीलों को फटकार लगाई और तस्वीरें देखकर किसानों पर बिफर गए। सुनवाई के दौरान उस समय कोर्ट के तेवर कड़े हो गए जब हरियाणा सरकार ने हाई कोर्ट को प्रोटेस्ट करते हुए




कई फोटो दिखाई। कोर्ट ने शुभकरण की मौत की जांच को लेकर भी अहम आदेश दिया। इस दौरान हाई कोर्ट ने तल्ख होते हुए कहा कि हाथों में तलवार लेकर शांतिपूर्वक प्रोटेस्ट कौन करता है। हाई कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा सरकारों को फटकार लगाई और कहा कि इस पूरे मामले में दोनों ही राज्य अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाने में नाकाम रहे हैं। सुनवाई के दौरान फोटो देख कर हाई कोर्ट ने किसान आंदोलनकारियों पर बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि बड़े शर्म की बात है आप लोग बच्चों को आगे कर रहे हैं, आप लोगों को यहां खड़े होने तक का अधिकार नहीं है। हाई कोर्ट ने प्रदर्शनकारियों को कहा कि आप वहां कोई जंग करने जा रहे हैं? यह पंजाब का कल्चर नहीं है। आपके नेताओं को गिरफ्तार करके चेन्नई भेजा जाना चाहिए। आप लोग निर्दोष लोगों को आगे कर रहे हो, काफी शर्मनाक है ये, कोर्ट ने बार-बार इसे शर्मनाक बताया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आशा वर्कर्स का प्रदर्शन

**फतेहाबाद ( हिंस )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आशा वर्कर्स ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। जिलेभर से एकत्र आशा वर्कर्स ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद आशा वर्कर्स यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार राजेश गर्ग को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर जिला प्रधान शीला शक्करपुरा, सीटू जिला सचिव ओमप्रकाश अनेजा व जिला कैशियर बेगराज ने कहा कि एक तरफ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सरकारें महिलाओं को उनके अधिकार देने के बड़े-बड़े भाषण दे रही हैं। वहीं दूसरी ओर आज भी महिलाओं को अपने हकों के लिए आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ा है। उन्हें पक्का रोजगार देने की बजाय अस्थाई रोजगार देकर उनका शोषण किया जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान सभा का संचालन सविता भूना ने किया। ज्ञापन में आशा वर्कर्स ने मांग की है कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास के लिए बजट का प्रावधान हो व जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिशें लागू कर निर्भया फंड के लिए आवंटन बढ़ाया जाए। इसके अलावा कार्यस्थलों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रिवेंशन ऑफ



सेक्सुअल हैरेसमेंट एक्ट को सख्ती से लागू करने, महिलाओं के साथ होने वाले साइबर अपराधों के खिलाफ विशेष कानून, ऑनर किलिंग व अपराधों के खिलाफ सख्त कानून, सभी के लिए नौकरियां सुनिश्चित करने व मनरेगा की दिहाड़ी छह सौ रुपए व दो सौ दिन काम के सुनिश्चित करने सहित कई मांग रखीं। इस अवसर पर कांता पिरथला, दर्शना जांडली कलां, अंग्रेजों भूना, सुमन धारनियां, सुमित्रा व अनीता बड़ोपल, सुनीता लहरियां, उमा धौलू, राजबाला दहमन, राजबाला एमपी रोही सहित काफी संख्या में आशा वर्कर्स मौजूद रहीं।

# किसान नेता रामपाल जाट ने धरना किया खत्म

**अजमेर ( हिंस )।** न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए गारंटी कानून बनाने की मांग को लेकर बांदरसिंदरी के जैन मंदिर के पास धरने पर बैठे किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने गुरुवार सुबह किसानों के साथ बैठक कर धरना खत्म कर दिया। जाट ने बताया कि बीती रात पुलिस ने परमिशन नहीं होने का तर्क देकर संपर्क सभा नहीं करने दी। हमारी मांग थी कि हमें किसानों को जो मैसेज देना हैं, वो देने के बाद ही जाएंगे। पूरी रात सत्याग्रह के तहत धरने पर रहे। सवेरे गांव के प्रमुख किसान नेताओं के साथ बातचीत करने के बाद धरना खत्म कर दिया गया। जाट अपने सहयोगियों के साथ रात से ही पुलिस प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए धरने पर बैठे थे। किसान आंदोलन के तहत 11 मार्च को 500 ट्रैक्टरों से जयपुर कूच के लिए प्रशासन-पुलिस की ओर से संपर्क सभा नहीं करने देने के बाद पूरी रात किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट, प्रो गोपाल मोदानी, अजमेर जिला अध्यक्ष प्रहलाद जाट, जयपुर महामंत्री नन्दलाल मीणा, युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी, हनुमान डिडवाड़ा, विश्राम डिडवाड़ा धरने पर बैठे थे। धरना खत्म होने के बाद प्रशासन व पुलिस ने राहत महसूस की। थानाधिकारी पारूल यादव ने बताया कि पूरी रात किसान नेताओं के धरने पर बैठे रहने के कारण पुलिस प्रशासन किसी भी अनहोनी को टालने के लिए सावधान रहा। गांव का माहौल खराब नहीं हो, इसके लिए सवेरे कुछ प्रमुख किसान नेताओं की जाट से मुलाकात करवाई गई।

# मोदी की गारंटी पर जनता को विश्वास अबकी बार 400 पार : कंवर पाल

**यमुनानगर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी का जाजपा के साथ चुनावी गठबंधन नहीं था। बहुमत किसी भी पार्टी के पास ना होने से कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के तहत सांझा सरकार चलाने का समझौता किया गया था। अगर हमारा केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व आगामी लोकसभा के लिए जजपा से गठबंधन करता है तो हमारी पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता को कोई ऐतराज नहीं होगा। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने गुरुवार को लघु सचिवालय में आयोजित मुख्यमंत्री के ऑनलाइन कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि अभी केवल आईएनडीआईए की कुरुक्षेत्र से एक सीट की घोषणा हुई है। आचार संहिता के लगने से पहले प्रदेश की सभी 10 लोकसभा की सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा पार्टी करेगी। वहीं उन्होंने चौधरी वीरेंद्र सिंह के जजपा से गठबंधन को लेकर पार्टी छोड़ने जैसे दिए बयान में कहा कि अगर हमारा केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व जजपा से गठबंधन करता है तो हम मिलकर चुनाव लड़ेंगे। फिर वीरेंद्र सिंह पार्टी में रहते है या नही, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय होगा। किसी एक व्यक्ति के पार्टी छोड़ने से पार्टी को कोई फर्क नही पड़ने वाला है।

# पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल माड्यूल के दो सदस्यों को पकड़ा

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) समर्थित आतंकवादी माड्यूल के दो सदस्यों को गिरफ्तार करके राज्य में टारगेट किलिंग की संभावित घटनाओं को नाकाम किया है। इन दोनों को राज्य में दहशत फैलाने के लिए टारगेट किलिंग की घटनाओं को अंजाम देने का काम सौंपा गया था। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गांव बित्तल झुग्गियां निवासी कुलदीप सिंह उर्फ घुग्ग और गांव संगोवाल निवासी अवतार सिंह उर्फ लाडी की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पुलिस टीम ने इनके कब्जे से दो .32 बोर की पिस्तौल समेत चार मैगजीन और 30 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इनके पास से एक मोटरसाइकिल (पी.बी-08 एफई-3940) भी जब्त की गई है। डीजीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि अमेरिका में बैठे हैपी पासिया और शमशेर शेरा आतंकवादी हरविन्दर रिन्दा के साथ मिल कर नौजवानों को कट्टरपंथी बना कर राज्य में देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उकसाते थे। उन्होंने कहा कि जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार किए गए मुलजिमों को राज्य में दहशत फैलाने




के लिए टारगेट किलिंग की घटनाओं को अंजाम देने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) एक्ट (यूएपीए) की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया है। एआईजी काउन्टर इंटेलिजेंस जालंधर नवजोत सिंह माहल ने बताया कि बीकेआई माड्यूल के सदस्यों द्वारा टारगेट किलिंग की घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रचने की खुफिया जानकारी मिली थी, जिस पर सीआई जालंधर की पुलिस टीमों ने एक स्पेशल ऑपरेशन चलाया और महतपुर में विशेष नाका लगा कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# मोदी जी के नेतृत्व में अबकी बार 400 पार : शेखावत

**जोधपुर ( हिंस )।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पूरे विश्वास के साथ कहा कि अबकी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन 400 पार सीटें लाएगा। पेपरलीक को लेकर राज्य सरकार की कार्रवाई पर उन्होंने कहा कि हमने पहले ही कहा था, जो लोग नकल में सम्मलित हैं, केवल वही नहीं, जो लोग नकल के माध्यम से पिछले दरवाजे से नौकरियों में गए हैं, उन सबके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। अभी तो शुरुआत है। जांच के पहले और दूसरे कदम आरपीएसई व नेताओं तक पहुंचे हैं, देखते जाइए, इसमें कौन-कौन लोग शामिल थे, वो सामने आ जाएंगे, बेनकाब होंगे। जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का पुन: प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद शेखावत गुरुवार सुबह दिल्ली से सूर्यनगरी पहुंचे। यहां मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में शेखावत ने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने नरेंद्र मोदी जी को एक आशा की किरण के रूप में मानते हुए मतदान किया था। उस समय देश की राजनीति की समीक्षा करने वाले इस बात को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे कि भारत की जैसी परिस्थिति हैं, उसमें किसी एक पार्टी को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का अवसर जनता देगी, लेकिन देश की जनता ने 272 पार का नारा, जो भाजपा ने वर्ष 2014 में दिया था, वो न केवल पूरा किया, बल्कि उससे ज्यादा सीटें देकर नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनने का अवसर प्रदान किया।



शेखावत ने कहा कि वर्ष 2019 में पांच साल तक नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से जनता का विश्वास अर्जित किया। देश का सम्मान बढ़ाया। गरीब का जीवन परिवर्तित किया। जब भाजपा नेतृत्व ने नारा दिया कि अबकी बार 300 पार, उस समय भी लोगों के मन में संशय था, लेकिन देश की जनता ने उससे भी ज्यादा आशीर्वाद 303 सीटें भाजपा को देकर नरेंद्र मोदी जी को विश्वास के साथ प्रधानमंत्री बनाने का अवसर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अबकी बार देश को विकसित करने की आधारशीला और आमजन में देश विकसित हो सकता है, यह विश्वास स्थापित करने के बाद प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा का नारा अबकी बार 400 पार, अब संशय मत करिए, यह पूरा होगा। एयरपोर्ट पर गणमान्य लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोश उत्साह के आत्मीयता के साथ स्वागत सत्कार किया।

# प्रधानमंत्री मोदी श्रीनगर में, झेलम नदी और डल झील में समुद्री कमांडो तैनात

**जम्मू ( हिंस )।** जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार आज (गुरुवार) श्रीनगर पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री कश्मीर के विकास को गति देने के लिए योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री झेलम नदी के किनारे स्थित बख्शी स्टेडियम में रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर समूची घाटी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। पूरे श्रीनगर शहर को रेड जोन घोषित किया गया है। सभी सुरक्षा एजेंसियों को भी हाई अलर्ट पर रखा गया है। वीवीआईपीज की सुगम आवाजाही के लिए कई स्थानों पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं। ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। कार्यक्रम स्थल के आसपास दो किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा बल पैदल गश्त कर रहे हैं। झेलम नदी और डल झील में समुद्री कमांडो तैनात किए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी रैली में जम्मू-कश्मीर में कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए 5,000 करोड़ रुपए का *समग्र कृषि विकास कार्यक्रम* राष्ट्र को समर्पित करेंगे। उनका यह दौरा केंद्रशासित प्रदेश की विकासात्मक यात्रा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर लगभग 12 बजे श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम पहुंचेंगे। वो विशेष विमान में श्रीनगर टेक्निकल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। वहां से वह हेलीकाप्टर के जरिए नेहरू हेलीपैड जाएंगे। वहां से बादामी बाग स्थित चिनार कोर मुख्यालय में स्थित बलिदान स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

# मुख्यमंत्री ने जिला महेंद्रगढ़ को दी 278.44 करोड़ की 55 परियोजनाओं की सौगात

**नारनौल ( हिंस )।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पंचकूला से वर्चुअल माध्यम से जिला महेंद्रगढ़ को 278.44 करोड़ की 55 परियोजनाओं सहित पूरे प्रदेश को 4223 करोड़ से अधिक की 679 परियोजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 392 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 287 परियोजनाओं का शिलान्यास किया है। इसके साथ ही जिलास्तर पर पंचायत भवन में आयोजित इस समारोह में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ नांगल चौधरी के विधायक डॉ. अभय सिंह यादव व अटेली के विधायक सीताराम यादव भी मौजूद रहे। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने राज्य को तेजी से आगे बढ़ाया है। उन्होंने आज के दिन को हरियाणा की प्रगति का विशेष दिन बताते हुए कहा कि इससे पूरे प्रदेश में विकास को और गति मिली है। सरकार पूरे राज्य में समान रूप से विकास कार्य करवा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार हर कदम पर जनता के साथ खड़ी है। मंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल लगातार कार्य कर रहे हैं। जिला महेंद्रगढ़ के लिए आज 278.44 करोड़ की 55 परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन हुआ। मुख्य परियोजनाओं में भालकी में 11470.00 लाख की लागत से तैयार नहर आधारित संवर्धन जल आपूर्ति का उद्घाटन है। अब यहां से 61 गांवों को प्रर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति होगी।

# राजस्थान गैस ने दी सीएनजी उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**जयपुर ( हिंस )।** राज्य सरकार के उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) की दरों में कमी कर आम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब राजस्थान स्टेट गैस के सीएनजी स्टेशनों पर आमनागरिकों को ढाई रुपए किलोग्राम सस्ती सीएनजी गैस उपलब्ध होगी। सचिव माइंस एवं चेयरपर्सन आरएसजीएल आनन्दी ने बताया कि आरएसजीएल ने तत्काल प्रभाव से नई दरें लागू कर आमनागरिकों को राहत प्रदान कर दी है।

# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में गूंजेगा हर हर महादेव

**जयपुर ( हिंस )।** छोटीकाशी में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। श्रद्धालु व्रत रखकर भगवान शिव का पूजन और अभिषेक करेंगे। महाशिवरात्रि पर शिवयोग, सर्वार्थ सिद्धि योग, श्रवण योग, घनिष्ठा नक्षत्र सहित अन्य योग संयोग और प्रदोष भी रहेगा। छोटीकाशी स्थित चौड़ा रास्ता के ताड़केश्वर महादेव, वैशालीनगर के झाड़खंड महादेव, बनीपार्क के जंगलेश्वर महादेव, विद्याधरनगर के भूतेश्वर महादेव, झोटी चौपड़ के रोजगारेश्वर महादेव सहित अन्य शिवालयों में मंदिरों में चार प्रहर की पूजा के साथ ही विशेष अनुष्ठान होंगे। गुरुवार को सभी शिवालयों में महाशिवरात्रि की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। ताड़केश्वर महादेव मंदिर के पुजारी विक्रांत व्यास ने बताया कि लाइनों के जरिए भक्तों का प्रवेश होगा। रामसागर और गंगाजल की




व्यवस्था की जाएगी। वैशालीनगर स्थित झाडखंड महादेव मंदिर में दो लाइनों के जरिए भक्तों का प्रवेश होगा। विदेशी फूलों से श्रृंगार होगा। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष जयपप्रकाश सोमानी ने बताया कि सुबह 4.30 बजे से लेकर अगले दिन सुबह 3.30 बजे तक भक्त जल चढ़ा सकेंगे। भक्ति संगीत कार्यक्रम होगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर कुंभ राशि में सूर्य, शनि, शुक्र का युति संबंध रहेगा। इस प्रकार के योग तीन शताब्दी में एक या दो बार बनते हैं। जब नक्षत्र योग और ग्रहों की स्थिति केंद्र त्रिकोण से संबंध रखती है। इस योग में शिव पूजन करने से शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। शुक्रवार के दिन श्रवण नक्षत्र, धनिष्ठा नक्षत्र, शिवयोग, गर करण तथा मकर राशि के चंद्रमा रहेंगे। ज्योतिषाचार्य राजेंद्र शास्त्री के अनुसार नौकरी और व्यवसाय में परेशानी आ रही है तो रात को शिव मंदिर में 11 घी के दीपक जलाएं। आर्थिक तंगी होने पर शाम को भगवान शिव को शमी की पत्ती और रुद्राक्ष अर्पित करें। वैवाहिक जीवन में समस्या आ रही है तो किसी सुहागिन महिला को सुहाग का सामान उपहार में दे। जरूरतमंद व्यक्ति को अनाज और धन का दान करें। नंदी (बैल) को दलिया, गुड़ खिलाएं।

## पृष्ठ तीन का शेष

### अनुच्छेद 370 हटने ...

राजनीति का सबसे बड़ा शिकार रहा है, प्रधानमंत्री ने लोगों को आश्वासन दिया कि जम्मू-कश्मीर के लिए विकास अभियान किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगा और क्षेत्र अगले 5 वर्षों में और अधिक तेजी से विकसित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि धरती के स्वर्ग पर आने की अनुभूति को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि यह नया जम्मू-कश्मीर है, जिसका हम दशकों से इंतजार कर रहे थे। इसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू-कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है और इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौंसला है।

### मणिपुर में काम...

में तैनात किया गया है। ताकि वे वहां से अपने कार्य जारी रख सकें या अपने दायित्व को निभा सकें। इसमें आगे कहा गया है कि ऐसी सूचना है कि कई अधिकारी उन कार्यालयों में नहीं जा रहे हैं, जहां उन्हें संबद्ध (अटैच) किया गया है और अपनी ड्यूटी की रिपोर्ट नहीं कर रहे हैं। परिपत्र में कहा गया है कि उपायुक्तों, विभागाध्यक्षों को बताया गया है कि वे इन अधिकारियों की हाजिरी दर्ज करने के लिए रजिस्टर बनाए रखें। इसके साथ ही उन्हें अधिकारियों के गलत आचरण की जानकारी वेतन का वितरण करने वाले अधिकारियों से साझा करने को कहा गया है।

### दो दिवसीय दौरे ...

शाम तेजपुर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे और वहां से सीधे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान तथा बाघ अभयारण्य जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रीय उद्यान की कोहोरा रेंज में असम पुलिस गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन शनिवार सुबह वे पार्क में सफारी पर जाएंगे। बाद मे वे दो कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए अरुणाचल प्रदेश जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश के बाद प्रधानमंत्री दोपहर में जोरहाट लौट आएंगे और होलोंगा पाथर में प्रसिद्ध अहोम योद्धा लाचित बरफूकन की 84 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसे *स्टैच्यू ऑफ वेलोर* नाम दिया गया है। मोदी जोरहाट के मेलेंग मेटेली पथार में एक जनसभा को संबोधित करेंगे और 18 हजार करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 768 करोड़ रुपए की लागत से डिगबोई रिफाइनरी के 0.65 मिलियन मीट्रिक टन से 1 मीलियन मीट्रिक टन तक विस्तार का गुवाहाटी में आईओसीएल के बेथकुची टर्मिनल का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 510 करोड़ रुपए की लागत से गुवाहाटी रिफाइनरी के 1 मिलियन मीट्रिक टन से 1.2 मिलियन मीट्रिक टन तक विस्तार की आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री मोदी बरौनी से गुवाहाटी तक 3.992 करोड़ रुपए की लागत वाली पाइपलाइन परियजोना का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री इस दौरान पीएम-डिवाइन योजना के तहत तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन करेंगे और शिवसागर मेडिकल कॉलेज की आधारशिला और बी. बरुआ कैंसर संस्थान, गुवाहाटी में एक शिशु देखभाल इकाई का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री जोरहाट में मेलेंग मेटेली पथार से शिवसागर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, मोदी धूपधारा से चायगांव और न्यू बंगाईगांव से सरभोग तक रेल लाइनों के दोहरीकरण की दो रेलवे परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मोदी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनाई गई 5 लाख 50 हजार आवास इकाईयों के गृह प्रवेश समारोह में भी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे।

### पुलिस ने बाल विवाह ...

आया है। इसकी सूचना पर गोलोकगंज थाने के छोटोगुमा निरीक्षण पुलिस चौकी प्रभारी जहांगीर आलम विवाह स्थल पर पहुंचे और बाल विवाह रुकवा दिया। पुलिस पश्चिम बंगाल के जोरईमोर के दूल्हा सबीरुल शेख, विद्याडाबड़ी के हफीजुर रहमान, धुबड़ी के झागरापार के सबिदुल इस्लाम, अनवर हुसैन, ड्राइवर अनवर हुसैन, खलीसामारी के जियारुल मंडल, दुल्हन के मामा जलालुद्दीन मियां और दुल्हन को कई बारातियों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। उधर, विवाह के सिलसिले में एक और घटना सामने आई है। जन्म प्रमाण पत्र में कन्या की जन्म तिथि 13-01-2006 और स्कूल प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 13-01-2007 है। यह प्रमाण पत्र हलाकुरा स्वास्थ्य केंद्र से लिया गया था। आशंका जताई जा रही है कि हलाकुरा स्वास्थ्य केंद्र में फर्जी सील मुहर का इस्तेमाल कर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया है। पुलिस ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार बाल विवाह की कुप्रथा को पूरी तरह से रोकने के लिए कई तरह के अभियान चला रही है। बाल विवाह रोकने के लिए राज्य में कानून भी बनाए गये हैं, बावजूद राज्य में इसको लेकर अभी भी लोगों में जागरुकता नहीं आई है। मुख्यमंत्री आगामी वर्ष 2025 तक राज्य में बाल विवाह पर पूरी तरह से बंद कर देने का एलान कर चुके हैं।

### जयशंकर ने अंतर्राष्ट्रीय ...

जाता है और ईमानदारी से कहूं तो इरादों पर सवाल उठता है। पैंगोंग झील क्षेत्र में हिंसक झड़प के बाद 5 मई, 2020 को पूर्वी लद्दाख सीमा पर गतिरोध पैदा हो गया। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के संबंधों में काफी गिरावट आई, जो दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था। भारत कहता रहा है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति नहीं होगी तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते।

### झाड़-फूंक किया...

हैं। मुसलमान अक्सर अजमल से अपनी पानी की बोतलों में फूंक मारने के लिए कहते हैं, जिससे उनका मानना है कि पानी में उपचार गुण होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर वह (बदरुद्दीन अजमल) इलाज करेंगे तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मैं जो कहूंगा, वही होगा। मैं अपने बारे में नहीं बोल रहा हूं, विधानसभा के बारे में बोल रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि आप हिमंत विश्व शर्मा की बातें मत सुनिए, लेकिन विधानसभा क्या कह रही है, ये आपको सुनना होगा। सभा ने उपचार पद्धतियां बंद कर दी हैं। विधेयक के प्रावधानों के तहत किए गए अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे और पहले अपराध के मामले में व्यक्ति को एक साल की जेल हो सकती है जिसे 50000 के जुर्माने या दोनों के साथ तीन साल तक बढ़ाया जा सकता है; और, बाद में दोषी पाए जाने पर, कारावास से, जिसे पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है, या 1 लाख का जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

### महाशिवरात्रि समारोह में ...

दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया।

### 22 सेवानिवृत्त अधिकारियों ...

नारे लगाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान दिल्ली के इल्तहाज़, बेंगलुरु के आरटी नगर के मुनावर और हावेरी के बयादागी के मोहम्मद शफी के रूप में की गई। हालांकि, कांग्रेस ने इन दावों को खारिज कर दिया और कहा कि उसके कार्यकर्ता केवल हुसैन के समर्थन में *नासिर साहब जिंदाबाद* के नारे लगा रहे थे। सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली सरकार ने आरोपों की पुष्टि के लिए सरकार द्वारा संचालित फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा जांच का आदेश दिया है। भाजपा ने कांग्रेस पर *विश्वासघात* करने का आरोप लगाते हुए कुछ तस्वीरें साझा की और दावा किया कि इनमें राहुल गांधी सहित विपक्षी दल के वरिष्ठ नेताओं के साथ कर्नाटक विधानसभा परिसर में कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के मामले में गिरफ्तार व्यक्ति भी मौजूद है।

### डीजीपी को चुनौती ...

सीएए विरोधी आंदोलन के दौरान असमिया युवाओं की मौत और उनके परिवारों पर हुए आघात की ओर इशारा करते हुए किए गए बलिदानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सिंह पर अपने अधिकार का हनन करने का आरोप लगाया और उनके कार्यों की तुलना *माफिया गिरोह के सरगना* से की। गोगोई ने आरोप लगाया कि सिंह के नेतृत्व में असम पुलिस राजनीतिक उत्पीड़न करने का उपकरण बन गई है। गोगोई ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पर अपना विरोध दोहराया और धमकी के बावजूद संघर्ष जारी रखने की कसम खाई। उन्होंने डीजीपी सिंह के साथ टकराव को व्यक्तिगत के बजाय वैचारिक बताया और डीजीपी से कथित दुष्कर्मों के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा।

### बंगलूरू में गहराया...

एक कारण पिछले साल कम बारिश होना है। भारतीय मौसम विभाग ने कम बारिश के लिए अल नीनो प्रभाव को जिम्मेदार ठहराया है। बंगलूरू में बिगड़ते हालात का इस बात से अंदाज लगाया जा सकता है कि कुमारकृपा रोड पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के कार्यालय के अंदर पानी के टैंकर देखे गए। इतना ही उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने हाल ही कहा था कि सदाशिवनगर नगर में स्थित उनके घर में बोरवेल सूख गया है। जबकि सदाशिवनगर सांकी झील के बगल में स्थित है।

### गृह मंत्रालय : पीओके...

एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल किसी भी शख्स से सरकार बेरहमी से निपटेगी। गृह मंत्रालय के बयान के मुताबिक देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है।

### पीएम मोदी के ...

में प्रस्तावित धरना कार्यक्रम में बदलाव किया है। प्रदेश कांग्रेस तथा विपक्षी एकता मंच के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने आज मीडिया को बताया कि ताई अहोम छात्र संघ ने सार्वजनिक रूप से अपील की है कि यह कार्यक्रम 9 मार्च को नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा है कि ताई अहोम छात्र संघ के आह्वान को मानते हुए विपक्षी एकता मंच, असम द्वारा 9 मार्च के बदले धरना अब 8 मार्च को ही दिया जाएगा।

# शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड, नए शिखर पर सेंसेक्स-निफ्टी



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** घरेलू शेयर बाजार ने गुरुवार को एक बार फिर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। हालांकि, दिन के कारोबार के दौरान शेयर बाजार कुछ समय के लिए लाल निशान में भी गिरा। बाद में लिवाली का सपोर्ट मिलने के कारण बाजार ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग के नए रिकॉर्ड के साथ कारोबार का अंत किया। पूरे दिन हुई खरीद बिक्री के बाद सेंसेक्स 0.05 प्रतिशत और निफ्टी 0.09 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान कैपिटल गुड्स, मेटल, एफएमसीजी और कमोडिटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर इंटरप्राइज, आईटी और फार्मास्यूटिकल इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर बैंकिंग, एनर्जी, ऑयल एंड गैस और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 392.82 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 391.29 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.53 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,922 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,116 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,689 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 117 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,190 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,360 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 830 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर बढ़त के साथ और 10 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 156.75 अंक की उछाल के साथ 74,242.74 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही लिवाली का सपोर्ट मिलने से ये सूचकांक थोड़ी देर में 159.18 अंक की तेजी के साथ अभी तक सर्वोच्च स्तर 74,245.17 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होती रही। बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 164.51 अंक की कमजोरी के साथ लाल निशान में 73,921.48 अंक तक भी लुढ़का। बाद में खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने के कारण सेंसेक्स ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 33.40 अंक की तेजी के साथ 74,119.39 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज ओपनिंग के साथ ही ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। इस सूचकांक ने आज 31.25 अंक की तेजी के साथ 22,505.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद तेजड़ियों ने लिवाली करके इसे अभी तक के सर्वोच्च शिखर 22,525.65 अंक तक पहुंचा दिया। इसके बाद बाजार में मुनाफावसूली शुरू हो जाने के कारण ये सूचकांक 44.05 अंक की कमजोरी के साथ 22,430 अंक तक गिर भी गया। हालांकि, इसके बाद एक बार फिर लिवाली शुरू हो जाने के कारण निफ्टी 19.50 अंक की बढ़त के साथ ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकार्ड बनाते हुए 22,493.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। आज दिन भर के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा स्टील 3.73 प्रतिशत, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स 3.40 प्रतिशत, बजाज ऑटो 3.18 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 2.13 प्रतिशत और जेएसडब्ल्यू स्टील 2.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.71 प्रतिशत, बीपीसीएल 2.14 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज 1.60 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.20 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक 0.83 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।

## एनएचपीसी और कोचीन शिपयार्ड ने सरकार को दिया 1015 करोड़ रुपये का लाभांश

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन (एनएचपीसी) लिमिटेड और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) से केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में 1015 करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें एनएचपीसी ने क्रमश: लगभग 948 करोड़ रुपये और कोचीन शिपयार्ड ने 67 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग दीपम के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने गुरुवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में यह जानकारी दी है। पांडेय ने बताया कि सरकार को एनएचपीसी लिमिटेड से लगभग 948 करोड़ रुपये और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड से करीब 67 करोड़ रुपये लाभांश किश्त के रूप में प्राप्त हुए हैं। उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनएचपीसी लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा जल विद्युत विकास संगठन है। इसमें जल विद्युत परियोजनाओं की अवधारणा से चालू होने तक सभी गतिविधियों को संचालित करने की क्षमता है। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड देश का सबसे बड़ा शिपयार्ड है। कोचीन शिपयार्ड, केरल के कोच्चि शहर में स्थित है, जो पोत प्रांगण, जहाज़ निर्माण, जहाज़ डिज़ाइनिंग, और जहाज़ की मरम्मत से जुड़ा हआ है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के करीब



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 83 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 80 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई फेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक,दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.06 डॉलर यानी 0.07 फीसदी लुढ़कर 82.90 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी क्रूड 0.04 डॉलर यानी 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ 79.09 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## अश्विनी वैष्णव ने की नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की शुरुआत

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को विकसित भारत रणनीति कक्ष का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने भारत सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स की शुरुआत की है, जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। नीति आयोग ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में विकसित भारत रणनीति कक्ष का उद्घाटन किया। इसके साथ ही वैष्णव ने भारत सरकार का थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स की शुरुआत की है, जो प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना और ज्ञान साझा करने का काम करेगा। आयोग के मुताबिक एनआईटीआई फॉर स्टेट्स (एनएफएस) प्लेटफॉर्म का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, यह रणनीति कक्ष उपयोगकर्ताओं को डिजिटल रूप से गहन अनुभव प्रदान करता है, जो प्रभावी व्यक्तिगत निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना और ज्ञान के साथ समृद्ध दृश्य और जुड़ाव को सक्षम बनाता है। एनआईटीआई फॉर स्टेट्स को राज्यों, जिलों और ब्लॉकों द्वारा प्रतिकृति को सक्षम करने के लिए एक प्लग-एंड-प्ले मॉडल के तौर पर डिजाइन किया गया है। ये विकासशील भारत रणनीति कक्ष देश में अपनी तरह का पहला बहुभाषी, एआई-संचालित बनने की ओर अग्रसर है। आगे चलकर यह उपयोगकर्ताओं को कई भाषाओं में चुनिंदा क्षेत्रों से संबंधित विशिष्ट प्रश्नों के उत्तर देने के लिए टेक्स्ट और वाक् पहचान का उपयोग करने की अनुमति देगा। उल्लेखनीय है कि नीति आयोग भारत सरकार का प्रमुख नीति से जुड़ा थिंक टैंक है। ये केंद्र सरकार के लिए रणनीतिक और दीर्घकालिक नीतियों और कार्यक्रमों को तैयार करता है। इसके साथ ही केंद्र और राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को उपयुक्त तक नीकी सलाह भी प्रदान करता है।

## टाटा मोटर्स एक से वाणिज्यिक वाहनों के दाम में दो फीसदी का करेगी इजाफा

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** देश में सबसे बड़ी वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स अप्रैल से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में दो फीसदी तक का इजाफा करने की घोषणा की है। यह मूल्य वृद्धि एक अप्रैल, 2024 से लागू होगी। कंपनी ने गुरुवार को जारी एक बयान में अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में दो फीसदी तक की बढ़ोतरी अप्रैल से करने की घोषणा की है। कंपनी ने कहा है कि उत्पादन लागत में बढ़ोतरी के असर को कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है। कंपनी ने कहा कि यह मूल्य वृद्धि एक अप्रैल, 2024 से लागू होगी। टाटा समूह की यह कंपनी भारत में ट्रक एवं बस समेत कई तरह के वाणिज्यिक वाहनों का निर्माण करती है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में तेजी का रुख, बिटकॉइन 67 हजार के पार




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज माहौल सुधरा हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 3 गिरावट के साथ कारोबार कर रही हैं, जबकि 6 क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ ग्रीन जोन में बनी हुई हैं। इसके अलावा एक क्रिप्टो करेंसी पिछले 24 घंटे के दौरान बिना किसी उतार-चढ़ाव के बुधवार के स्तर पर ही बनी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में आज तेजी आई है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा एक बार फिर 67 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गई है। हालांकि इसकी मार्केट हिस्सेदारी में गिरावट आई है। बिटकॉइन के विपरीत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी इथेरियम में आज गिरावट नजर आ रही है और फिलहाल ये आभासी मुद्रा रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ 67,133.15 डॉलर यानी 55.51 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर, एथेरियम की कीमत आज 2.11 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,878.93 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा बीएनबी 1.18 प्रतिशत, सोलाना 5.55 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.38 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.03 प्रतिशत और कार्डानो 0.68 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, डोजेकॉइन 8.77 प्रतिशत शिबा इनु 13.64 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। जबकि टेथर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ था। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.79 प्रतिशत की मजबूती दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.52 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 208.37 लाख करोड़ रुपये हो गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 15,328 करोड़ डॉलर यानी 12.67 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 40.31 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में तेजी आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.06 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 52.23 प्रतिशत रह गई है।

## सर्राफा बाजार में तेजी जारी, चेन्नई में सोना 66 हजार के करीब

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन तेजी बनी रही। सोने की कीमत में आज 600 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 700 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती आई है। सोने के भाव में आई तेजी के कारण आज देश के सर्राफा बाजारों में सोना 65 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 60 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर बिक रहा है। वहीं दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी आज 74,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 65,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 65,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 60,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 65,900 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 60,410 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 65,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 65,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 60,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 65,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 65,610 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 60,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 65,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 60,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में तेजी दर्ज की गई है।

## स्पाइसजेट एयरलाइन ने एशलॉन के साथ निपटाया 413 करोड़ रुपये का विवाद

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** संकट से उबरने की कोशिश में लगी स्पाइसजेट एयरलाइंस ने विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी एशलॉन आयरलैंड मेडिसन वन लिमिटेड के साथ 413 करोड़ रुपये का विवाद सुलझा लिया है। पिछले दो हफ्ते में ये तीसरा विवाद है, जिसका स्पाइसजेट ने निपटारा किया है। स्पाइसजेट ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि कंपनी ने एशलॉन आयरलैंड मेडिसन वन लिमिटेड के साथ 413 करोड़ रुपये का विवाद सुलझा लिया है। इस कानूनी विवाद का निपटान होने से कंपनी को 4.8 करोड़ डॉलर (करीब 398 करोड़ रुपये) की बचत होगी। इस विवाद निपटान के तहत स्पाइसजेट दो एयरफ्रेम का अधिग्रहण करेगी। दरअसल, एयरफ्रेम बिना इंजन वाला विमान होता है। इससे पहले स्पाइसजेट एयरलाइन ने पांच मार्च को करीब 1.12 करोड़ डॉलर (93 करोड़ रुपये) के विवाद से संबंधित क्रॉस ओशन पार्टनर्स के साथ समझौता किया था। स्पाइसजेट ने कहा कि इन विवादों के निपटारा करने से कंपनी को कुल 685 करोड़ रुपये की बचत हुई है। कंपनी ने उससे पहले 28 फरवरी को सेलेस्टियल एविएशन के साथ 2.99 करोड़ डॉलर (250 करोड़ रुपये) का विवाद सुलझाया था। उल्लेखनीय है कि कई बाधाओं का सामना कर रही और धन जुटाने की कोशिश में लगी स्पाइसजेट एयरलाइन ने तीन विवादों का निपटान कर तीन एयरफ्रेम हासिल कर रही है।

## मूडीज ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 8 फीसदी किया




**नई दिल्ली ( हि.स. )।** वैश्विक रेटिंग एजेंसी मूडीज ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.6 फीसदी से बढ़ाकर करीब आठ फीसदी कर दिया है। मूडीज का ये ताजा अनुमान नवंबर, 2023 में जताए गए 6.6 फीसदी के अनुमान से 1.40 फीसदी अधिक है। मूडीज रेटिंग्स ने गुरुवार को जारी अपने ताजा अनुमान में पूंजीगत व्यय और घरेलू खपत में तेजी को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर के पूर्वानुमान को 6.6 फीसदी से बढ़ाकर करीब आठ फीसदी कर दिया है। हालांकि, एजेंसी ने इसी हफ्ते कैंलेंडर वर्ष 2024 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.8 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। रेटिंग एजेंसी का यह ताजा अनुमान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकांत दास के बयान के एक दिन बाद आया है। दास ने अपने बयान में कहा था कि तीसरी तिमाही के आधिकारिक जीडीपी आंकड़ों को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि दर आठ फीसदी के करीब हो सकती है। मूडीज ने अपनी रिपोर्ट में उम्मीद जताते हुए कहा है कि भारत जी-20 देशों में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होगा। इसकी वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 31 मार्च, 2024 में समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष 2023-24 में आठ फीसदी के आसपास रहेगी, जो पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में सात फीसदी थी। एजेंसी ने महंगाई के बारे में अपने अनुमान में भारत की मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2023-24 में कम होकर 5.5 फीसदी पर रहेगी, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 6.7 फीसदी थी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 8.4 फीसदी रही है। इसने पहली और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी ग्रोथ के अपने अुनमान को संशोधित कर क्रमश: 8.2 फीसदी और 8.1 फीसदी कर दिया था, जबकि पहले इसके 7.8 फीसदी और 7.6 फीसदी रहने की बात कही गई थी।

## आरबीआई और बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा को बढ़ावा देने के लिए किया समझौता

**मुंबई ( हि.स. )।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) और बैंक इंडोनेशिया (बीआई) ने द्विपक्षीय व्यापार में स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू द्राओं में बिल और भुगतान करने में सहूलियत होगी। रिजर्व बैंक ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि आरबीआई और बैंक इंडोनेशिया ने स्थानीय मुद्रा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। आरबीआई के मुताबिक इस समझौता ज्ञापन पर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और बैंक इंडोनेशिया के गवर्नर पेरी वारजियो ने हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत सीमा पार लेन-देन के लिए भारतीय मुद्रा रुपया और इंडोनेशियाई रुपिया (आईडीआर) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की व्यवस्था बनाई जाएगी। आरबीआई के मुताबिक इससे निर्यातकों और आयातकों को संबंधित घरेलू मुद्राओं में बिल और भुगतान करने में सुविधा मिलेगी। आरबीआई ने कहा कि स्थानीय मुद्राओं के उपयोग से लेनदेन की लागत और निपटान समय कम होगा। रिजर्व बैंक ने कहा कि इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर का उद्देश्य द्विपक्षीय रूप से रुपया और रुपिया के उपयोग को बढ़ावा देना है। रिजर्व बैंक ने कहा कि यह सहयोग आरबीआई और बीआई के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में दबाव के बीच मिला-जुला कारोबार



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** ग्लोबल मार्केट से आज मजबूत संकेत मिल रहे हैं। वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, एशियाई बाजारों में आज दबाव के बीच कारोबार हो रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने मंगलवार को अपने बयान में कहा कि महंगाई दर पर अभी भी काबू नहीं पाया जा सका है। इसके बावजूद इस साल ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद की जा सकती है। जेरोम पॉवेल के इस बयान के बाद अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बन गया। डाउ जॉन्स 75.86 अंक की मजबूती के साथ 38,661.05 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.49 प्रतिशत उछल कर 5,103.61 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 16,020.22 अंक के स्तर पर बंद हुआ। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.15 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 38,608.06 अंक केस्तर पर कारोबार कर रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,679.31 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,954.74 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,716.71 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशिया में आज दबाव के बीच मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं जबकि 4 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,576.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.22 प्रतिशत गिर कर 3,129.14 अंक के स्तर पर आ गया है। निक्केई इंडेक्स अभी तक के कारोबार में 344.20 अंक यानी 0.86 प्रतिशत टूट कर 39,746.58 अंक तक लुढ़क गया है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 16,361.09 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,035.04 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं। दूसरी ओर, ताइवान वेटेड इंडेक्स 224.69 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,724.14 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,643.39अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ 1,371.89 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.41 प्रतिशत उछल कर 7,360.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

# किरण की लापता लेडीज को दर्शकों ने किया खारिज




**मुंबई (ईएमएस)।** बीते दिनों फिल्म लापता लेडीज सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई है और इसके साथ ही किरण राव की चर्चा भी समाप्त हो गई है। कारण यह रहा है कि दर्शकों ने फिल्म को अस्वीकार कर दिया। हालांकि फिल्म की कहानी बिल्कुल अलग है, लेकिन इसमें कोई जाना-पहचाना चेहरा नहीं होने से यह दर्शकों को भारी संख्या में सिनेमाघरों में आने के लिए प्रेरित नहीं कर पा रही है। इसका सीधा असर फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर नजर आ रहा है। सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म ने तीसरे दिन रविवार (3 मार्च) को 1.80 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। इसका मतलब है कि फिल्म छुट्टी के दिन का भी कोई खास फायदा नहीं उठा पाई। फिल्म ने पहले दिन 75 लाख और दूसरे दिन 1.45 करोड़ रुपए कमाए थे। फिल्म तीन दिन में 4 करोड़ रुपए के आंकड़े तक पहुंची है। अभी के हालात को देखते हुए लगता है कि सोमवार से इसकी हालत और खराब होने वाली है। वैसे भी कोई भी फिल्म हो, शुरूआती तीन दिन के बाद उसकी कमाई में गिरावट आना स्वाभाविक है। बता दें कि कभी आमिर खान की दूसरी पत्नी के रूप में ख्यात रही किरण राव पिछले कुछ समय से अपनी निर्देशित फिल्म लापता लेडीज को लेकर सुर्खियों में बनी हुई थी।

# महारानी के तीसरे सीजन की तैयारियों में जुटी हुमा



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी अपनी सीरीज महारानी के तीसरे सीजन की तैयारियों में जुटी हैं। यह सीरीज स्ट्रीमिंग पॉलिटिकल पर आधारित है। हुमा कुरैशी ने इंस्टाग्राम पर अपने चाहने वालों के लिए बेहद खूबसूरत फोटो शेयर की है। जिस पर फैंस मोहित हो गए हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर फोटो में हुमा को व्हाइट क्रॉप टॉप, पीच लेयर्ड स्कर्ट और मैचिंग कोट पहने देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने इसमें अपने बालों को खुला रखा। एक्ट्रेस जल्द ही पॉलिटिकल ड्रामा स्ट्रीमिंग शो महारानी 3 में दिखाई देंगी, जिसमें वह बिहार की मुख्यमंत्री की मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस सीरीज का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च किया गया था। ट्रेलर में रानी भारती के किरदार हुमा को अपने राजनेता पति की कथित हत्या के लिए जेल में सजा काटते हुए दिखाया गया है। ट्रेलर में यह भी दिखाया गया है कि कैसे बिहार की राजनीति में पुराने खिलाड़ी अपने क्षेत्र पर पकड़ बनाए रखते हैं। इससे यह भी पता चलता है कि कैसे जहरीली शराब से बिहार में कई लोगों की मौत हो जाती है और इसका राजनीति से क्या संबंध है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि रानी भारती के बच्चों पर हमला किया जाता है। इसी को लेकर एक्ट्रेस उन लोगों से हिसाब चुकाने के लिए जमानत पर बाहर आती हैं, जिन्होंने उनके पति की हत्या की साजिश रची थी।

# ऑस्कर समारोह की 11 मार्च को तड़के ओटीटी पर होगी लाइव स्ट्रीमिंग




96वें एकेडमी अवॉर्ड्स यानी 'ऑस्कर 2024' को लेकर दुनियाभर में काफी दिलचस्पी के साथ उत्सुकता भी है। मनोरंजन जगत के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का फिल्म जगत से जुड़े हर व्यक्ति को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस साल का ऑस्कर समारोह 10 मार्च को अमेरिका के कैलिफोर्निया के डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। भारतीय दर्शक 11 मार्च को इस कार्यक्रम का ओटीटी पर लाइव टेलीकास्ट देख सकेंगे। जिमी किमेल इस साल चौथी बार ऑस्कर की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। दुनियाभर के फिल्म प्रेमी ऑस्कर का बेसब्री से इंतजार कर हैं। दर्शक 'ऑस्कर 2024 समारोह' को 11 मार्च 2024 को सुबह 4 बजे से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर लाइव देख सकते हैं। इसे लेकर हाल ही में हॉटस्टार के ऑफिशियल सोशल मीडिया पेज से एक पोस्ट शेयर किया है। जिसका कैप्सन था, "ऑस्कर की लाइव स्ट्रीमिंग 11 मार्च को होगी। तैयार हो जाओ।" इस साल ऑस्कर के प्रस्तुतकताओं में कोई भी भारतीय अभिनेत्री शामिल नहीं है। इससे पहले अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण को ऑस्कर पुरस्कार प्रस्तुत करने का सम्मान दिया गया था। इस साल ऑस्कर प्रस्तुतकताओं की सूची में निकोलस केज, अल पचिनो, जेंडाया, सैम रॉकवेल, बैड बन्नी, ड्वेन जॉनसन, क्रिस हेम्सवर्थ, जेनिफर लॉरेंस, एमिली ब्लंट, एरियाना ग्रांडे, टिम रॉबिंस, स्टीवन स्पीलबर्ग शामिल हैं।

# रानी मुखर्जी ने पति आदित्य चोपड़ा के कोरोनाकाल में लिए गए फैसले को सराहा




रानी मुखर्जी बॉलीवुड की एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री हैं। उन्होंने हाल ही में मुंबई में एक कार्यक्रम में भाग लेने के दौरान विस्तार से टिप्पणी की है कि कैसे उनके पति आदित्य चोपड़ा ने कोरोनाकाल में ओटीटी प्लेटफार्मों के जाल में फंसे बिना अपनी फिल्मों का बचाव किया। रानी ने कहा, ह्णआदित्य की ये कुछ बड़े बजट की फिल्में कोविड के दौरान रिलीज के लिए तैयार थीं। दुर्भाग्य से कोविड आ गया और इन सभी फिल्मों की रिलीज पर सवालिया निशान लग गया। उस समय फिल्मों के प्रदर्शन को लेकर कोई चर्चा नहीं थी। उस समय कई फिल्म निमार्ताओं पर फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज करने का दबाव था और कई निमार्ता ऐसे कदम भी उठा रहे थे। रानी ने आगे कहा, मेरे पति को यह भरोसा था कि ये सभी फिल्में बड़े पर्दे के लिए बनाई गई हैं ताकि लोग एक साथ आ सकें और उनका आनंद उठा सकें। इसलिए उन्होंने फिल्म को सीधे थिएटर में रिलीज करने का फैसला किया। कई लोगों ने उन्हें फिल्म को ओटीटी पर रिलीज करने के लिए बहुत सारे पैसे की पेशकश की ताकि उन दोनों को फायदा हो लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी: एकता का प्रतीक डॉक्यूमेंट्री लेकर तैयार खिलाड़ी कुमार




**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेता अक्षय कुमार स्टैच्यू ऑफ यूनिटी : एकता का प्रतीक डॉक्यूमेंट्री पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। अक्षय ने कहा कि यह एकता की महान भावना का सम्मान करने के बारे में है, जो हर भारतीय के भीतर गूंजती है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी : एकता का प्रतीक डॉक्यूमेंट्री आनंद एल राय द्वारा निर्देशित है। 40 मिनट की डॉक्यूमेंट्री एकता की भावना के साथ देश को एक साथ बांधती है। यह अखंड भारत के निमार्ता सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देती है, जिन्होंने आजादी के बाद 562 खंडित रियासतों को एक राष्ट्र में एकीकृत करने का नेतृत्व किया। डॉक्यूमेंट्री में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंतर्दृष्टि भी शामिल है, जिन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में इस परियोजना की कल्पना की थी। डॉक्यूमेंट्री स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के निर्माण की चरण-दर-चरण यात्रा का वर्णन करती है। अक्षय ने कहा, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी :एकता का प्रतीक का हिस्सा बनना मेरे लिए खास अनुभव रहा है। यह एकता की महान भावना का सम्मान करने के बारे में है, जो हर भारतीय के भीतर गूंजती है। उन्होंने कहा, सरदार पटेल की दूरदर्शिता और नेतृत्व हमें एक राष्ट्र के रूप में हमारी ताकत को याद दिलाने में हमें प्रेरित करता है। मुझे उम्मीद है कि यह डॉक्यूमेंट्री हमारी साझा विरासत और एक साझा उद्देश्य के लिए एक साथ आने की शक्ति की याद दिलाएगी। जैसे-जैसे डॉक्यूमेंट्री आगे बढ़ती है, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पीछे की टीम दर्शकों को एक विस्मयकारी यात्रा पर ले जाती है। निर्देशक आनंद ने कहा, क्रांति तब पैदा होती है, जब लोग एक बड़े उद्देश्य के लिए एक साथ आते हैं। सरदार पटेल एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में एकता के महत्व की वकालत की। उन्होंने कहा कि यह डॉक्यूमेंट्री अखंड भारत के प्रणेता की विरासत को दशार्ती है। डॉक्यूमेंट्री में स्थानीय लोगों की सफलता और उत्थान की कहानियां भी शामिल हैं, जिन्हें परियोजना से लाभ हुआ है, और उनका शहर एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन गया है। डॉक्यूमेंट्री स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के आसपास के कुछ उल्लेखनीय पर्यटक आकर्षणों के दौरे के साथ आगे बढ़ती है।

# जैकलीन फर्नांडीज की बिल्डिंग में लगी आग



बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज की बिल्डिंग में आग लगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस वीडियो में एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज की बिल्डिंग से धुएं का गुबार उठता देखा जा सकता है। दमकल की गाड़ी भी आग बुझाती नजर आई है। जैकलीन फर्नांडीज सुरक्षित हैं। जानकारी के मुताबिक जैकलीन फर्नांडीज का घर बांद्रा वेस्ट के पाली हिल स्थित नवरोज हिल सोसायटी में है। इस बिल्डिंग की 13वीं मंजिल पर किचन में लगी। जैकलीन फर्नांडीज इसी बिल्डिंग में 15वीं मंजिल पर एक आलीशान 5 बीएचके फ्लैट में रहती हैं। आग लगने की सूचना पर तुरंत चार फायर टेंडर, तीन जंबो टैंकर और एक ब्रीदिंग वैन मौके पर पहुंची। हालांकि अभी तक किसी के झुलसने की खबर नहीं है। हालांकि, आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो जैकलीन फर्नांडीज एक आगामी फिल्म में एक्शन स्टार जीन-क्लाउड वैन डेम के साथ नजर आएंगी। जैकलीन फर्नांडीज इस फिल्म से हॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने इटली में एक्शन स्टार के साथ फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इसके अलावा वह अक्षय कुमार की फिल्म "वेलकम टू जंगल" में भी नजर आएंगी। वह इस फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं जैकलीन फर्नांडीज अपने बॉयफ्रेंड सुकेश चंद्रशेखर की वजह से लगातार खबरों में बनी हुई हैं।

# इंटरनेशनल वुमेन्स डे पर सिर्फ सौ रुपये में दर्शक देख सकेंगे फिल्म 'लापता लेडीज'





किरण राव की फिल्म लापता लेडीज के मेकर्स ने अपने दर्शकों को एक खास सरप्राइज दिया। फिल्म मेकर्स ने इंटरनेशनल वुमेन्स डे के खास मौके पर फिल्म लापता लेडीज की टिकट प्राइज घटाकर सिर्फ 100 रुपये करने का ऐलान किया है। जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस और किरण राव की निर्देशित फिल्म लापता लेडीज 1 मार्च, 2024 को रिलीज होने के बाद से दर्शकों पर आकर्षित करने में अभी तक सफल रही है। जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस की प्रस्तुति वाली फिल्म को बिप्लब गोस्वामी ने एक अवॉर्ड विनिंग कहानी के आधार पर लिखा है। फिल्म का स्क्रीनप्ले और डायलॉग स्नेहा देसाई जबकि बाकी डायलॉग्स दिव्यनिधि शर्मा ने लिखे हैं। फिल्म मेकर्स ने इंटरनेशनल वुमेन्स डे पर देशभर के सिनेमाघरों में फिल्म की टिकट एक सौ रुपये करने की घोषणा की है।

# साउथ सिनेमा ये अभिनेता जिसने विलेन और हीरों दोनों की रोल में पारई कामयाबी



**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्मों में भले लोग लीड हीरो को एक्शन को देख सीटी और तालियां बजाते हो, लेकिन कुछ स्टार्स हैं, जिन्होंने विलेन बन अपने करियर की शुरूआत कर फिल्मों में छा गए। जितनी सीटी फिल्म में हीरो के लिए बजती, उतनी सुर्खियां ये अभिनेता भी बटोरता हैं। महेश बाबू से प्रभास जैसे सुपरस्टार्स के साथ ये विलेन टक्कर ले चुका है। विलेन के बाद ये अभिनेता, हीरो बन भी खूब सुर्खियों में आया और अब ये सुपरस्टार पुलिस बन विलेन्स की क्लास लगाने वाला है। ये सुपरस्टार डायरेक्टर्स के पसंदीदा अभिनेता में से एक हैं। ये स्टार और कोई नहीं, साउथ सिनेमा में एक से बढ़कर एक ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके गोपीचंद हैं। गोपीचंद ने अपने करियर की शुरूआत तेलुगु फिल्मों से की थी। उन्हें शुरूआत में विलेन के रोल ऑफर हुए। 2002 में रिलीज हुई नितिन स्टारर फिल्म जयम, साल 2003 में सुपरस्टार महेश बाबू स्टारर फिल्म निजम और फिर साल 2004 में बाहुबली प्रभास और तृषा स्टारर फिल्म वर्षम में गोपीचंद ने विलेन का रोल प्ले किया था। हालांकि, इन फिल्मों के बाद उन्होंने लीड रोल भी मिलने लगे और फिर उन्होंने इंडस्ट्री में धमाका कर दिया। गोपीचंद इन दिनों अपनी फिल्म भीमा को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में वह पुलिस अफसर के रोल में दिखाई देने वाले हैं। फिल्म को लेकर वह काफी एक्साइटेड हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कहानी सुन वह अपने करेक्टर से काफी प्रभावित हुए। 14 साल बाद वह फिर से ऐसी भूमिका निभाने जा रहे हैं, जिस लेकर वह काफी एक्साइटेड हैं। गोपीचंद ने कहा कि भीमा में उन्हें जो भूमिका मिली है, उन्होंने आज तक वैसी भूमिका को नहीं निभाया, जिसमें कई शेड्स हैं। फिल्म की कहानी समावेशी है, जिसमें कॉमेडी के साथ सेंटीमेंट्स भी हैं। उन्होंने कहा कि मैंने इस रोल के लिए मेकओवर किया और दमदार दिखने के लिए बाल और दाढ़ी थोड़ी भी बढ़ाई है। फिल्म भीमा के प्रमोशन के दौरान उन्होंने खुलासा किया था कि वे सीन पूरा करने के बाद मॉनिटर पर जाकर उसे चेक नहीं करते हैं। अगर डायरेक्टर उस सीन के फ्लो से संतुष्ट है, तब वे कभी सीन दोबारा करने की मांग नहीं करते हैं। उनका कहना है कि इस मामले में डायरेक्टर को परेशान करना उन्हें पसंद नहीं है।

# यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स में नजर आएंगी आलिया भट्ट




यशराज फिल्म्स के ब्लॉकबस्टर स्पाई यूनिवर्स में आलिया भट्ट की एंट्री को लेकर कई महीनों से चर्चा हो रही थी। अब स्पाई यूनिवर्स में आलिया की एंट्री हो चुकी है, यशराज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विद्यानी ने इस बात की पुष्टि की। आलिया के साथ एक्ट्रेस शरवरी वाघ भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। अक्षय विद्यानी ने कहा, मैं आपके साथ इंडस्ट्री का एक सीक्रेट शेयर कर रहा हूं। आलिया भट्ट वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की एक फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगी। इस साल फिल्म की शूटिंग साल के अंत में शुरू होगी। हम इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी एक्साइडेट हैं। इस फिल्म के टाइटल का ऐलान अभी तक नहीं किया गया है लेकिन इसमें आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ भी नजर आएंगी। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स एक फ्रेंचाइजी है, जिसमें अलग-अलग फिल्मों के किरदार एक-दूसरे से मिलते नजर आएंगे। सलमान खान की टाइगर, ऋतिक रोशन की वॉर और शाहरुख खान की पठान वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा हैं।

## सूडोकु नवताल- 6725

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6724 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल- 7472

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | दि | ल | का | रि | श्ता | ज | ब | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | दी | वा | ग्री | द | इ | ह | ड |
| वा | व | ना | पू | वा | जी | थ | न | ग | क | र |
| दा | ची | न | ते | ना | ज | आँ | म | पा | त | ना |
| म | त | ई | ड | प | व | खें | न | ग | र्क | ज |
| र | ए | म | सु | न | दि | पू | न | डॉ | र | रु |
| ती | जं | क | मे | ता | क | ल | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | अ | सं | भ | व | है | ली | न | है |
| ब्रे | बो | र्न | य | ज | चि | क | री | तु | प | ला |
| ऐ | ला | न | न | ज | न | त्र | दा | जी | म्हा | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | बी | र | रा | त | रा |

शब्दजाल में अर्जुन रामपाल की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए.शब्द ऊपर से नीचे,दाएं से बाएं एंव तिरछे हो सकते हैं

डॉन, डरना जरूरी है, एक अजनबी, ऐलान, वादा, दिल का रिश्ता, आँखें, दीवानापन, असंभव, दिल है तुम्हारा.

### शब्दजाल - 7471 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | म | मा | डॉ. | न | गे | न्द्र | सिं | ह | क | वि |
| हो | न | सू | ह | म | ल | जी | स | ल | न | ज |
| सु | वी | गो | द | अ | नो | त | र | थ | ल | टी. |
| कु | र | दा | पा | ल | क | ह | ना | ह | व | ए |
| मा | जे. | न | ष | ल | म | मी | र | म्म | सी | स. |
| र | मी | ए | स | जि | स्वा | क | प | सिं | गु | कृ |
| से | ह | बु | म. | टी | म | मी | टे | बी. | ह | ष्ण |
| न | पू | सु | पा | लिं | पं. | सौ | ल | बी. | ना | मू |
| मों | रे | क | सू | ह | ग | ने | ने | टं | न | र्ति |
| आ | र. | के. | त्रि | वे | दी | दो | ह | ड | क | थ |
| टी. | ए | न | शे | ष | न | इ | ह | न | ह | धी |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6425

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 4 | | 7 | |
| 5 | 42 | 7 | 33 | | 23 | |
| | | 6 | 3 | | 2 | 1 |
| | 32 | | 38 | 7 | 32 | 6 |
| 4 | 3 | 2 | | | | 5 |
| 6 | 24 | | 33 | 5 | 35 | 4 |
| | | 4 | 6 | 2 | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### अष्टयोग 6424 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 22 | 1 | 30 | 2 | 38 | 4 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 7 | 30 | 2 | 31 | 3 | 33 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 39 | 7 | 43 | 4 | 25 | 5 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## चैंपियंस लीग: लीपजिग के साथ विवादास्पद ड्रॉ के बाद रियल मैड्रिड अंतिम-8 में



**मैड्रिड ( हि.स. )।** रियल मैड्रिड ने अपनी किस्मत के दम पर बुधवार को घरेलू मैदान पर आरबी लीपजिग के साथ विवादास्पद 1-1 से ड्रा खेलकर यूईएफए चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, मैड्रिड ने अंतिम 16 के पहले लेग में 1-0 की जीत दर्ज की थी और इस ड्रा के साथ उन्होंने कुल 2-1 स्कोर के साथ अंतिम 8 में प्रवेश किया। मैच में लीपजिग ने बेहतर शुरुआत की। टीम अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने के करीब भी थी, लेकिन फारवर्ड लोइस ओपेंडा ने गोल करने के दो अच्छे मौके गंवा दिए। इसके बाद लीपजिग के मिडफील्डर जेवर श्लेगर को विनीसियस को बाहर करने के लिए एक पीला कार्ड दिया गया। पहला हाफ गोल रहित समाप्त हुआ। दूसरे हाफ की शुरुआत विवाद के साथ हुई जब विनीसियस ने पहले विली ओर्बन पर पीछे से हमला किया और फिर उन्हें धकेल दिया। रेफरी आसानी से मैड्रिड के खिलाड़ी को आक्रामकता के लिए लाल कार्ड देकर बाहर भेज सकता था, लेकिन उसने विनीसियस को केवल पीला कार्ड दिखाया, जो लीपजिग के लिए घातक साबित हुआ, क्योंकि मैच के 65वें मिनट में ब्राजीलियाई खिलाड़ी विनीसियस ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। हालांकि चार मिनट बाद ही ओर्बन ने हेडर के जरिए गोल कर लीपजिग को 1-1 से बराबरी दिला दी। इसके बाद दोनों ही टीमें अंतिम समय तक गोल करने में असफल रहीं और मैच 1-1 से ड्रा रहा, चूंकि पहले लेग में मैड्रिड ने लीपजिग को 1-0 से हराया था, इसलिए उनसे कुल 2-1 के स्कोर के साथ अंतिम 8 में अपनी जगह बनाई।

## अयोध्या में रन-फॉर-राम हॉफ मैराथन का आयोजन 10 को, देश-विदेश से जुटेंगे धावक

**लखनऊ ( हि.स. )।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का आनुषांगिक संगठन क्रीड़ा भारती अयोध्या में खेल का एक बड़ा आयोजन करने जा रहा है। क्रीड़ा भारती द्वारा 10 मार्च को आयोजित रन फार राम हाफ मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश-विदेश के प्रतिभागी जुटेंगे। क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि 10 मार्च को अयोध्या में रन-फॉर-राम नाम से हॉफ-मैराथन के आयोजन में देश-विदेश से प्रतियोगी जुटेंगे। अयोध्या में राम-पथ और भक्ति-पथ पर आयोजित कार्यक्रम के लिए तीन हजार से ज्यादा देशी-विदेशी धावकों ने वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। इसमें हाफ मैराथन के प्रथम विजेता को डेढ़ लाख रुपये इनाम मिलेंगे। अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण और उत्साह भरा क्रीडा आयोजन है, जो देसी और विदेशी प्रतियोगियों को एक साथ मिलाकर भाग लेने का अवसर प्रदान कर रहा है। इस प्रकार के आयोजन समय समय पर क्रीड़ा भारती के द्वारा आयोजित किये जाते रहते हैं। यह आयोजन फिटनेस के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है, जो कि आध्यात्मिक नगरी अयोध्या में होने जा रहा है। हर वह व्यक्ति जो 12 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है। इस इवेंट में प्रतिभाग कर सकता है। उन्होंने बताया कि हाफ मैराथन (21.097 कि0मी0) के प्रथम विजेता को प्रथम 1.5 लाख, द्वितीय 75 हजार, तृतीय 50 हजार इनाम दिया जाएगा। वहीं 10 किमी दौड़ के प्रथम विजेता को 51 हजार रुपये, दूसरे नम्बर के विजेता को 21 हजार और तीसरे नम्बर के विजेता को 11 हजार रुपये मिलेंगे। इन प्रतियोगिताओं में पारिवारिक जागरूकता दौड़ भी तीन किमी होनी है।

# धर्मशाला टेस्ट के पहले दिन भारत का पलड़ा भारी, गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन

**धर्मशाला ( हि.स. )।** धर्मशाला टेस्ट में भारतीय टीम ने पहले गेंदबाजी और फिर बल्लेबाजी में भी शानदार प्रदर्शन कर मजबूत शुरुआत की है। टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच के पहले दिन का खेल खत्म होने तक भारतीय टीम ने इंग्लैंड की पहली पारी के 218 रनों के जबाब में एक विकेट खोकर 135 रन बना लिए हैं। पहली पारी के आधार पर भारत इंग्लैंड से अभी महज 83 रनों से पीछे है। भारत की ओर से कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक जड़कर भारत को मजबूत शुरुआत दी है। यशस्वी 58 गेंदों पर 57 रन बनाकर शोएब बशीर के शिकार बने। वहीं कप्तान रोहित शर्मा 52 रनों पर नाबाद हैं जबकि शुभमन गिल 39 गेंदों पर 26 रन बनाकर नाबाद रहे हैं। इससे पूर्व धर्मशाला टेस्ट का पहला दिन भारतीय स्पिन गेंदबाजों के नाम रहा। भारतीय स्पिन अटैक के आगे इंग्लैंड की पहली पारी 218 रनों पर ही सिमट गई। भारत की ओर से स्पिनर कुलदीप यादव ने पंजा खोला वहीं अपना 100वां टेस्ट खेल रहे आर. अशिवन ने चार विकेट लिए। रविन्द्र जडेजा को एक विकेट मिला। टेस्ट सीरीज के पहले दिन भारतीय स्पिन गेंदबाजों के आगे इंग्लैंड के बल्लेबाज पूरी तरह से घुटने टेकते नजर आए। ओपनर जैक ने सबसे अधिक 79 रन बनाए। इसके अलावा बेन डुकेट ने 27, जॉनी बैरेस्टो ने 29, जो रुट ने 26 तथा बेन फॉक्स ने 24 रनों के योगदान दिया। इसके अलावा इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स शून्य पर आउट हो गए। जबकि अन्य बल्लेबाज कुछ खास नही कर पाए। भारत की ओर से तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को एक भी विकेट नही मिल पाया। इससे पहले आज सुबह इंग्लैंड ने टॉस जीत और पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया लेकिन टीम इंडिया के स्पिनरों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड की टीम को 218 पर ही समेट दिया।




## मेरठ को हराकर मेजबान मध्यांचल विद्युत वितरण खंड ने खिताब पर किया कब्जा

**लखनऊ ( हि.स. )।** इंटर डिस्काम प्रोजेक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में मध्यांचल विद्युत वितरण खंड ने पजिमांचल विद्युत वितरण खंड मेरठ को 38 रन से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। मध्यांचल विद्युत वितरण खंड लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट गवांकर 142 रन बना लिये। सलामी बल्लेबाज हिमांशु वाष्णेय ने छह चौका की मदद से 46 बाल 59 रन बनाये। वहीं भावेश सक्सेना ने 29 रन का योगदान दिया, जबकि पवन राय मात्र नौ रन बनाकर आउट हो गये। रविकांत पांडेय ने 13 रन बनाये। वहीं पजिमांचल विद्युत वितरण खंड की पूरी टीम 18वें ओवर में ही 104 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी और मेजबान मध्यांचल ने 38 रन से मैच को जीतकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। सलामी बल्लेबाज आकाश शर्मा शून्य पर ही पवेलियन लौट गये। वहीं दूसरे क्रम के बल्लेबाज दीपांशु ने चार रन का योगदान दिया। सबसे अधिक प्रदीप तिवारी ने 23 रन बनाये।

## आईसीसी ने मराइस इरास्मस को उनके शानदार करियर के लिए दी बधाई

**दुबई, ( हि.स. )।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मराइस इरास्मस को उनके उत्कृष्ट करियर के लिए बधाई दी है। दक्षिण अफ्रीका के इरास्मस का न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से शुरू हो रहा टेस्ट आखिरी मैच होगा। इस मैच के बाद वह एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के अंपायरों से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इरास्मस, जिन्होंने 2016, 2017 और 2021 में आईसीसी अंपायर ऑफ द ईयर के लिए डेविड शेफर्ड ट्रॉफी जीती, क्राइस्टचर्च में अपने 82वें और आखिरी पुरुष टेस्ट मैच में खड़े होंगे। उन्होंने 123 पुरुष वनडे, 43 पुरुष टी-20आई और 18 महिला टी-20आई में भी अंपायरिंग की है। 60 वर्षीय इरास्मस को 2010 में एलीट पैनल में नियुक्त किया गया था, जिससे वह - रॉड टकर के साथ - सूची में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले वर्तमान अंपायर बन गए। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने शानदार करियर के लिए इरास्मस की प्रशंसा की। आईसीसी द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में एलार्डिस ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंपायर के रूप में इरास्मस का करियर उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने विश्व कप फाइनल सहित



कई वैश्विक आईसीसी टूर्नामेंटों के साथ-साथ दुनिया भर में हाई-प्रोफाइल श्रृंखलाओं में अंपायरिंग की है, और हर समय सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी अपने कौशल, शांति और धैर्य का प्रदर्शन किया है। वह न केवल एक उत्कृष्ट अंपायर रहे हैं, बल्कि एक अच्छे टीम मैन भी हैं, जिनका आईसीसी और एलीट पैनल में उनके सहयोगियों द्वारा सम्मान किया जाता है। आईसीसी की ओर से, मैं इरास्मस को उनके शानदार करियर के लिए बधाई देता हूं और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता की कामना करता हूं। उनके पास अभी भी खेल को देने के लिए बहुत कुछ है और मुझे यकीन है कि वह आने वाले वर्षों में भी क्रिकेट से जुड़े रहेंगे। वहीं, इरास्मस ने कहा कि मैंने एलीट पैनल में एक अद्भुत समय बिताया है, दुनिया भर के कुछ शीर्ष श्रेणी के मैचों और वैश्विक आईसीसी आयोजनों में अंपायरिंग की है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि दक्षिण अफ्रीका में एक क्रिकेटर के रूप में बिताए समय के बाद भी खेल के साथ अपना जुड़ाव जारी रखा और हर पल का आनंद लिया। हालांकि मुझे एलीट पैनल में रहने और इसके साथ आने वाली चुनौतियों की याद आएगी, मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि मैं इससे हट जाऊं और किसी अन्य तरीके से खेल में योगदान दूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं आईसीसी, सीएसए और पैनल में मेरे सहयोगियों को वर्षों से उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं अपनी पत्नी एडेल, लड़कों क्रिस और जियो और हमारे सभी रिश्तेदारों और दोस्तों को भी उनके समर्थन और प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। अंपायर टकर ने एलीट पैनल की ओर से इरास्मस को धन्यवाद दिया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। टकर ने कहा कि इरास्मस इस बात का प्रतीक है कि एलीट पैनल को क्या माना जाता है। मैदान के बाहर उनका व्यक्तित्व वही है जो आप मैदान पर देखते हैं। वह हर किसी को शांत कर सकते हैं, और आप उसकी संगति में सहज महसूस करते हैं। मुझे लगता है कि सबसे बड़ी तारीफ जो मैं मराइस को दे सकता हूं वह यह है कि उसका उल्लेख महान डेविड शेफर्ड के समान ही किया जाएगा, दोनों इतने शांत लेकिन बहुत मजबूत और खेल में सभी लोगों द्वारा बहुत सम्मानित हैं। 2009 में अंपायरों के आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान हमारी पहली मुलाकात के बाद से मैं माराइस का बहुत अच्छा दोस्त रहा हूं और 2010 में उनके साथ एलीट पैनल में शामिल होने का सौभाग्य मिला।भारी मन से हम मराइस को विदाई दे रहे हैं क्योंकि वह आगे बढ़ने वाले हमारे पैनल का अब हिस्सा नहीं होंगे।

## इस साल अपना आखिरी आईपीएल सीजन खेलने के लिए तैयार हैं दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इस साल अपना आखिरी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन खेलने के लिए तैयार हैं, जब वह अगले दो महीनों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए खेलेंगे। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार, कार्तिक, जो जून में 39 साल के हो जाएंगे, अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य पर भी जल्द ही अंतिम निर्णय लेंगे। कार्तिक, जिन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) से की थी, उन सात खिलाड़ियों (एमएस धोनी, विराट कोहली रोहित शर्मा, शिखर धवन, रिद्धिमान साहा और मनीष पांडे) के चुनिंदा समूह का हिस्सा हैं, जिन्होंने 2008 में बीसीसीआई द्वारा टूर्नामेंट शुरू करने के बाद से आईपीएल के हर सीजन में हिस्सा लिया है। शायद अधिक प्रभावशाली बात यह है कि कार्तिक ने 16 सीजन में सिर्फ दो मैच मिस किए हैं। पहला अपने पहले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ था और दूसरा 2023 में था जब कार्तिक सनराइजस हैदराबाद के खिलाफ लीग मैच से बाहर बैठे थे। कार्तिक ने 2023 आईपीएल में बल्ले से खराब प्रदर्शन किया, कुल मिलाकर 11 से अधिक की औसत के साथ केवल 140 रन बनाए। हालांकि 2022 उनका बेहतरीन सीजन था, जिस वर्ष रॉयल चैलेंजर्स ने नीलामी में कार्तिक को 5.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। उस दौरान उन्होंने मुख्य रूप से फिनिशर की भूमिका निभाते हुए, 16 मैचों में 55 की औसत और 183.33 की विस्फोटक स्ट्राइक-रेट से 330 रन बनाए। दूसरे क्वालीफायर में बाहर होने से पहले, उस सीजन में रॉयल चैलेंजर्स को प्लेऑफ़ में पहुंचाने में कार्तिक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। शानदार आईपीएल फॉर्म ने कार्तिक को ऑस्ट्रेलिया में 2022 टी-20 विश्व कप में जगह दिलाई। हालाँकि, वह तीन पारियों में केवल 14 रन ही बना सके, भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हार गया। रॉयल चैलेंजर्स के साथ वर्तमान कार्यकाल कार्तिक का दूसरा है, इससे पहले 2015 में उनके साथ एक ही सीजन खेला था। कुल मिलाकर, कार्तिक ने छह आईपीएल टीमों का प्रतिनिधित्व किया है, जिनमें डेयरडेविल्स (2008-14), किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स - 2011), मुंबई इंडियंस (2012-13), गुजरात लायंस (2016-17), नाइट राइडर्स (2018-21) और रॉयल चैलेंजर्स (2015, 2022-वर्तमान) शामिल हैं। कुल मिलाकर 240 मैचों में, कार्तिक ने लगभग 26 की औसत और 132 की स्ट्राइक रेट से 4516 रन बनाए हैं, जिसमें 20 अर्धशतक शामिल हैं। एक कीपर के रूप में, कार्तिक कुल आउट (133) के साथ-साथ स्टंपिंग (36) में धोनी के बाद दूसरे स्थान पर हैं। तमिलनाडु के कप्तान, कार्तिक ने आईपीएल में भी टीमों का नेतृत्व किया है, उन्होंने छह मौकों पर स्टैंड-इन कप्तान के रूप में डेयरडेविल्स और 2018-20 के बीच 37 मैचों में नाइट राइडर्स की कमान संभाली है।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण करेंगे बेन सियर्स



**क्राइस्टचर्च ( हि.स. )।** तेज गेंदबाज बेन सियर्स क्राइस्टचर्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू करेंगे, लेकिन न्यूजीलैंड एक बार फिर इस बात पर दुविधा में है कि स्कॉट कुगलेइजन के रूप में चौथा तेज गेंदबाज चुना जाए या मिशेल सैंटर के रूप में एक विशेषज्ञ स्पिनर के साथ जाया जाए, जिसका फैसला टॉस के बाद किया जाएगा। दोनों टीमें के बीच दूसरा टेस्ट 8-12 मार्च तक खेला जाएगा। 26 वर्षीय सियर्स को विल ओ%रूर्के की जगह टीम में शामिल किया गया है, जिन्हें वेलिंगटन में हैमस्ट्रिंग की चोट लग गई थी। उन्होंने पहले 13 टी-20 मैच खेले हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल के मैचों के दौरान अपनी गति से प्रभावित किया है। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 19 मैचों में 27.03 की औसत से 58 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने कहा कि वह यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि सियर्स क्या कर सकता है। साउदी ने न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि जाहिर तौर पर उसे अन्य प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का थोड़ा सा अनुभव है। वह वास्तविक गति प्रदान करता है। हमने उसे गर्मियों में बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 में 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ते हुए देखा था, इसलिए हम यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि उसके पास अपने स्तर पर क्या है। वह एक लंबा लड़का है। उसके पास गति है। हम बेन के कौशल को देखने के लिए उत्साहित हैं। यह उसके लिए भी एक विशेष समय है। साउदी, जो क्राइस्टचर्च में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे, ने न्यूजीलैंड की अंतिम एकादश की पुष्टि नहीं की, जबकि आखिरी फैसला तेज गेंदबाज स्कॉट कुगलेइजन और बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के बीच किया जाना था। अपना दूसरा टेस्ट खेल रहे कुगलेइजन का वेलिंगटन में प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जहां उन्होंने दो विकेट लिए और 0 और 26 का स्कोर बनाया। मुख्य कोच गैरी स्टीड ने स्वीकार किया है कि न्यूजीलैंड ने अपने पिछले दो टेस्ट मैचों में हैमिल्टन और वेलिंगटन की पिचों के कारण सेंटनर को चार तेज गेंदबाजों के साथ छोड़कर गलती की थी, जो उम्मीद से ज्यादा घूम रही थी। पहले टेस्ट की ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में ग्लेन फिलिप्स ने पांच विकेट लिए, जबकि नाथन लियोन ने मैच में दस विकेट लिए।

## इंडियन वेल्स ओपन से हटे राफेल नडाल

**कैलिफोर्निया ( हि.स. )।** स्पेनिश टेनिस के दिग्गज राफेल नडाल ने अपने पहले दौर के मैच की पूर्व संध्या पर चल रही इंडियन वेल्स ओपन प्रतियोगिता से यह कहते हुए नाम वापस ले लिया कि वह उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं हैं। 37 वर्षीय अनुभवी नडाल ने हिप फ्लेक्सर की चोट के कारण लगभग एक साल तक बाहर रहने के बाद इस जनवरी में ब्रिस्बेन में प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की। हालांकि एक बार फिर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह ऑस्ट्रेलियन ओपन से चूक गए। लास वेगास में रविवार को एक प्रदर्शनी मैच में नडाल स्टार युवा कार्लोस अल्कराज से हार गए, लेकिन अपने चौथे इंडियन वेल्स खिताब के लिए लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे थे, लेकिन उन्होंने कनाडाई मिलोस राओनिक के खिलाफ अपने मैच से नाम वापस ले लिया। नडाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि यह बहुत दुख के साथ है कि मुझे इस अद्भुत टूर्नामेंट से हटना पड़ रहा है। हर कोई जानता है कि मुझे यह जगह कितनी पसंद है और मुझे यहां इंडियन वेल्स में खेलना कितना पसंद है। उन्होंने कहा कि यह भी एक कारण है कि मैं अभ्यास करने और तैयार होने की कोशिश करने के लिए यहां बहुत जल्दी आ गया। मैं कड़ी मेहनत कर रहा हूं और अभ्यास कर रहा हूं और आप सभी जानते हैं कि मैंने इस सप्ताह के अंत में एक परीक्षा दी है लेकिन मैं ऐसे महत्वपूर्ण आयोजन में उच्चतम स्तर पर खुद को खेलने के लिए तैयार नहीं पाता हूं। यह एक आसान निर्णय नहीं है, वास्तव में यह कठिन है लेकिन मैं खुद से झूठ नहीं बोल सकता और हजारों प्रशंसकों से झूठ नहीं बोल सकता। मैं आप सभी को याद करूंगा और मुझे यकीन है कि टूर्नामेंट एक बड़ी सफलता होगी। टूर्नामेंट में नडाल का प्रतिस्थापन सुमित नागल होंगे, जो 2019 में मियामी में प्रजनेश गुणेश्वरन के बाद एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट के मुख्य ड्रॉ में पहले भारतीय भी होंगे।

## लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के उद्घाटन समारोह में जलवे बिखेरेंगे बॉलीवुड सितारे

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** क्रिकेट जगत श्रीलंका में आयोजित होने वाले लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के चमकदार उद्घाटन समारोह का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। क्रिकेट की उत्कृष्टता और मनोरंजन के एक अनूठे उत्सव होने का वादा करते हुए, इस कार्यक्रम में न केवल दिग्गज क्रिकेटर मैदान की शोभा बढ़ाएंगे, बल्कि मनोरंजन उद्योग के प्रसिद्ध सितारों द्वारा शानदार प्रदर्शन भी किया जाएगा। संजय दत्त, बादशाह, इमरान हाशमी और जैकलीन फर्नांडीज जैसे दिग्गज कलाकार अपने शानदार प्रदर्शन से इस कार्यक्रम को रोशन करेंगे। 11 दिनों तक चलने वाले एक्शन से भरपूर टूर्नामेंट में क्रिस गेल, युवराज सिंह और हरभजन सिंह सहित पुराने जमाने के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट सितारे भी शामिल होंगे। यह आयोजन नए 90-गेंद प्रारूप में खेला




जाएगा। शुक्रवार को होने वाले उद्घाटन समारोह से पहले लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के निदेशक शावेन शर्मा ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि तथ्य यह है कि उद्घाटन समारोह के लिए इतने सारे सितारे श्रीलंका में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे, यह दर्शाता है कि पिछले कुछ वर्षों में लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी ने कितनी लोकप्रियता हासिल की है। हम टूर्नामेंट की शुरुआत के लिए बहुत उत्साहित हैं। कैंडी के प्रतिष्ठित पल्लाकेले स्टेडियम में आयोजित 90 ओवर के इस टूर्नामेंट में टीमें पांच गेंदबाजों के साथ उतरेंगी, जिनमें से प्रत्येक को तीन ओवर दिए जाएंगे। लीजेंड क्रिकेट ट्रॉफी का पहला सीजन पिछले साल 22 से 30 मार्च तक 20 ओवर के प्रारूप में भारत के गाजियाबाद में आयोजित किया गया था।

## अंतर सचिवालय टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी में हरिकेन और सुपर किंग्स ने दर्ज की जीत



**देहरादून ( हि. स. )।** अंतर सचिवालय टी-20 चैंपियंस ट्रॉफी के तहत गुरुवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में हरिकेन ने सुपर ओवर में वॉरियर्स को और दूसरे मैच में सुपर किंग्स ने ईगल्स को शिकस्त दी। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड रायपुर में खेले गए दिन के पहले मैच में वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 08 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाए। वॉरियर्स की ओर से सचिन रौथान ने 42 और अशोक ने 29 रन बनाए। सचिवालय हरिकेन की तरफ से अनुज चमोली, ओमीश और सुनील ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरिकेन की टीम भी 20 ओवरों में 125 रन ही बना सकी और मैच टाई हो गया। विनोद ने 37, कपिल ने 25 और अनुज चमोली ने 13 रन बनाए। पवन असवाल और मनवर नेगी ने 2-2 विकेट लिए। इसके बाद मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ। हरिकेन ने सुपर ओवर में 7 रन बनाए और वॉरियर्स की टीम 4 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच विनोद शर्मा और ओमीश कुमार को संयुक्त रूप से दिया गया। फाइटर ऑफ द मैच सचिन रौथान को दिया गया। दिन के दूसरे मैच में सुपरकिंग्स ने ईगल्स को 80 रन से शिकस्त दी। सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 6 विकेट पर 193 रन बनाए। नवीन रावत ने तूफानी 62 बनाए।सूरज ने 2 विकेट लिए।लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईगल्स की टीम 9 विकेट पर 113 रन ही बना सकी। भूपेंद्र ने 45 रन बनाए। शैलेंद्र राणा ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच नवीन रावत को दिया गया व फाइटर ऑफ द मैच भूपेंद्र बिष्ट को दिया गया।

# गर्मियों में रोज खाएं खट्टी मीठी इमली और पाएं गजब के फायदे !

इमली का नाम सुनते ही हर किसी के मुंह में खट्टा-मीठा स्वाद आने लगता है। इमली में मौजूद विटामिन बी, सी, ऑयरन, मैंगनीज,फाइबर,पौटेशियम और कैल्शियम सेहत के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। इसीलिए इसका गर्मियों में सेवन करना बहुत अच्छा माना जाता है। इमली को तो गर्मियों का टॉनिक माना जाता है। इसको अपनी डाइट में लेने से लू नहीं लगती। आइए इसके गजब के फायदे जानते हैं।

### 1. कोलेस्ट्रॉल
इमली फाइबर से भरपूर होती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंटस भी काफी पाए जाते हैं। जिससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है। इसके नियमित सेवन करने से दिल से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या नहीं होती है।

### 2. मोटापा कम करें
इमली का सेवन करने से शरीर में फैट बनना काफी कम हो जाता है। इसके साथ ही जो लोगों को अधिक खाना खाने की आदत होती है वो भी दूर हो जाती है। जिससे वजन कंट्रोल होने लगता है।

### 3. ब्लड प्रैशर
जिन लोगों को गर्मियों में हाइपरटैंशन या फिर लो ब्लड प्रैशर की समस्या रहती हो उन्हें अपनी डाइट में इमली का सेवन करना चाहिए। क्योंकि यह ठंडी होती है जिससे ब्लड प्रैशर कंट्रोल रहता है।

### 4. कैंसर से बचाव
इमली में एंटीऑक्सीडेंटस भी काफी होते हैं जो शरीर में कैंसर जैसी भंयकर बीमारी के कणों को पनपने नहीं देते।

### 5. डायबिटीज
इमली हमारे शरीर में ब्लड शुगर के लेवल को संतुलित करती है। यह शरीर में कार्बोहाइड्रेट पैदा नहीं होने देती है। इमली के रस का सेवन करने से मधुमेह आसानी से कंट्रौल हो जाता है।

### 6. पाचन शक्ति
गर्मियों में अधिक गर्मी की वजह से कुछ खाने को मन नहीं करता। जिससे पेट से जुड़ी कई समस्याएं आने लगती हैं। ऐसे में यदि आप इमली का सेवन करते हैं तो शरीर का इम्यून सिस्टम ठीक रहता है।

सौंदर्य

# कपूर और नारियल तेल से करें स्किन की हर परेशानी दूर!

आजकल बढ़ते हुए प्रदूषण से हर कोई स्किन की किसी न किसी प्रॉबल्म से जूझ रहा है। इन परेशानियों से निजात पाने के लिए लोग मार्कीट के कई तरह के प्रॉडक्ट इस्तेमाल करते हैं। जिनका कोई फायदा नहीं होता। ऐसे में यदि आप इन सभी समस्याओं से निजात पाना चाहते हैं तो अपने ब्यूटी प्रॉडक्ट्स में कपूर और नारियल का तेल शामिल करें।

1. कपूर और नारियल तेल को मिक्स करके फेस पर लगाने से कील-मुहांसे ठीक होने शुरू हो जाते हैं। इससे चेहरा एकदम साफ रहने लग जाता है।

2. गर्म पानी में कपूर डालकर पैर धोने से हमारी एडियां साफ हो जाती है और हमें दर्द से भी निजात मिलती है और यह फटी एड़ियों का घरेलू उपचार है।

3. कपूर का तेल बालों में लगाने से इनकी ग्रोथ बढ़ जाती है। इससे बाल मजबूत होकर झ?ना बंद हो जाते हैं। इसके लिए दही और अंडे में कपूर का तेल डालकर एक मिश्रण तैयार करें। फिर उसे अपने बालों की ज?ों में लगाएं और सूखने पर धो लें।

4. 100 ग्राम नारियल के तेल में एक टिक्की कपूर की डालकर मिश्रण तैयार कर लें। फिर उसे अपनी त्वचा पर स्नान करने के बाद लगाएं। ऐसा करने से आप त्वचा की सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं।


5. युवा लड़के-लड़कियों के चेहरे पर मुहांसों के बाद काफी गहरे दाग हो जाते हैं। जो कि बहुत ही बुरे लगते हैं। स्किन के दागों को दूर करने के लिए नारियल के तेल में कपूर मिलाकर लगाने से स्किन साफ हो जाती है।

6. जब पैर अधिक देर तक पानी में रहते हैं तो पैर खराब होने शुरू हो जाते हैं। पैरों में फंगस का इंफैक्शन काफी हो जाता है। जिससे खुजली भी काफी होने लग जाती है। ऐसे में कपूर का इस्तेमाल काफी फायदा देता है।

7. कई बार स्किन पर जले या कटे का निशान रह जाता है जो कि बहुत ही बुरा लगता है। इसके लिए कपूर के टुकड़े को पानी में घोल कर उस जगह पर लगाना चाहिए। धीरे-धीरे निशान साफ हो जाएगा।



# हार्ट अटैक की वजह बन सकती है अधूरी नींद, ये हैं लक्षण



हममें से कई लोगों को अक्सर नींद न आने की शिकायत होती है। इसके कारण पूरे दिन शरीर का संतुलन बिगड़ा रहता है। मगर लगातार यह समस्या बनी रहने पर सेहत के लिए गंभीर परिणाम भी हो सकते हैं। एक शोध में कहा गया है कि अधूरी नींद हार्ट अटैक का कारण बन सकती है। महिलाओं को इसका खतरा सर्वाधिक है।

चीन के शेनयांग शहर स्थित चाइना मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पूर्व में हुए 15 शोध के नतीजों का अध्ययन किया, जिसमें 1.60 लाख लोगों के आंकड़े शामिल थे। उनके मुताबिक रात को बहुत प्रयास के बाद नींद आना अच्छा संकेत नहीं है। ऐसे लोगों को दिल के दौरे का खतरा 27 फीसदी तक बढ़ जाता था। इसके अलावा रात को बार-बार नींद खुलना भी अच्छा संकेत नहीं है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि महिलाओं में हॉर्मोन का स्तर ऐसा होता है कि वे आनुवांशिक रूप से अनिद्रा की शिकार होती हैं। उन्हें हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा सर्वाधिक रहता है। पूर्व के शोधों में अनिद्रा और उससे जुड़े खराब स्वास्थ्य का संबंध तो स्थापित किया गया, लेकिन हृदयरोगों से इसका संबंध स्थापित नहीं हुआ था। बड़े पैमाने पर यह माना जाता रहा है कि तीन में से वयस्क अनिद्र की समस्या से ग्रस्त है।

नींद हमारे शरीर को स्फूर्ति देने और स्वस्थ रखने के लिए बहुत जरूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे हम ऊर्जावान और तरोताजा महसूस करते हैं। इसके साथ ही नींद पूरी होने से रोग प्रतिरोधक क्षमता और हृदय की कार्यप्रणाली को आराम मिलता है और अन्य अंगों को पुन-ऊर्जावान बनाने में मदद मिलती है। चीनी विशेषज्ञों का कहना है कि अधूरी नींद के कारण शरीर का रक्तचाप स्तर और चयापचयी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह दोनों ही हृदय संबंधी रोगों का प्रमुख कारण होते हैं। चीनी विशेषज्ञों ने अध्ययन के दौरान अनिद्रा के लक्षण और हृदय रोगों से होने वाली मौतों के बीच संबंध तलाशने की कोशिश की। शोध के नए नतीजे यूरोपियन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव कार्डियोलॉजी में प्रकाशित हुए हैं।

### सोने के कुछ उपाय
सोने से पहले हल्के गुनगुने पानी से स्नान करें, नहाने के पानी में बेकिंग सोडा या स्नान वाले लवण मिलाएं, संगीत सुनें। इससे न सिर्फ आपका शरीर को राहत मिलेगी, बल्कि शरीर से खराब व जहरीले तत्व भी निकल जाएंगे। सोने से पहले हल्का आहार लें। इसमें प्रोटीन की मात्रा कम हो और कार्बोहाइड्रेट अधिक मात्रा में ले सकते हैं। इसमें जूस, बिस्कुट शामिल हो सकते हैं।

### अनिद्रा के लक्षण
सोने में दिक्कत, नींद बार-बार टूटना, जल्दी जागना और नींद खुलने के बाद दोबारा नहीं आना।

हर्टफोर्डशायर यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं का कहना है कि काम के बीच में दोपहर में छोटी सी झापकी दिनभर की थकान के बीच नई ऊर्जा का संचार करती है। मनोविज्ञान विशेषज्ञों ने इसे खुशियों की चाबी करार दिया है। विशेषज्ञ तकरीबन एक हजार लोगों की सोने की आदतों का अध्ययन कर इस नतीजे पर पहुंचे हैं। उन्होंने देखा कि दिन में ऊर्जा देने वाली झपकी लेने वाले लोग अधिक प्रसन्न नजर आए, जबकि ऐसा नहीं करने वालों का स्वभाव कुछ चिड़चिड़ा था। मनोवैज्ञानिक प्रोफेसर रिचर्ड वाइजमैन ने कहा कि 30 मिनट की झपकी लेने वालों का ध्यान अधिक केंद्रित था, काम में उत्पादन क्षमता अधिक थी और वे अधिक सृजनात्मक थे।



स्वास्थ्य

# पथरी, पायरिया समेत गंभीर रोगों के लिए रामबाण है नीम



नीम औषधि है। इसके पत्ते, फूल, फल, छाल, शाखाएं आदि औषधि के रूप में प्रयोग की जाती हैं। नीम के फल (निम्बोली) से बीज निकलता है जिससे तेल मिलता है। नीम के तने से गोंद मिलता है। ये भी दवा के रूप में प्रयोग किया जाता है। आयुर्वेद के चिकित्सक डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र के मुताबिक नीम हल्का, कटु-तिक्त, कषाय शीतल होता है, जो तीन प्रकार के दोषों अर्थात पात, पित्त और कफ संबंधी विकारों का नाश करता है। यह कब्ज मलेरिया, पीलिया, कुष्ठ प्रदर, सिर दर्द, दांत संबंधी रोगों और त्वचा रोगों में गुणकारी होता है। यह बहुत ही अच्छा रक्तशोधक तथा कीटाणुनाशक होता है।

उपदंश और कुष्ठ के उपचार के लिए इसे सर्वोत्तम औषधि माना गया है। होम्योपैथी के अनुसार पुराने जीर्ण रोगों के लिए सबसे अच्छी दवा नीम है। नीम का तेल जो कि गंध व स्वाद में क?वा होता है प्रथम श्रेणी की कीटाणुनाशक होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह दुर्गंधनाशक, वातहर तथा शीतपित्त, कुष्ठ तथा पायरिया जैसे रोगों में बहुत लाभकारी होता है।

### नीम के फायदे-

» बवासीर जैसे कष्टकारी रोग के इलाज के लिए नीम तथा कनेर के पत्ते बराबर मात्रा में मिलाकर पीस कर लगाने से लाभ होता है।

-» लाकर पीस कर बिना मसाले डाले तलकर खाने से भी इस रोग में आराम मिलता है।

» बुखार या मलेरिया होने पर नीम का काढ़ा दिया जा सकता है। इस काढ़े को बनाने के लिए एक गिलास पानी में नीम के पत्ते, निम्बोली, काली मिर्च, तुलसी, सोंठ, चिरायता बराबर मात्रा में डालकर उबालें।

» मलेरिया में नीम की पत्तियों को फिटकरी तथा पानी के साथ मिलाकर गोली के रूप में बुखार के एक घंटा पहले तथा एक घंटा बाद में दें। इससे भी मलेरिया ठीक हो जाता है।

» मसूड़ों के रोगों के उपचार में नीम से बनी दातुन का कोई सानी नहीं है। नीम की पत्तियों को उबाल कर ठंडा करके चबाने से पायरिया में आराम मिलता है।

» नीम के फूल के काढ़े से गरारे करने और नीम की दातुन का प्रयोग करने से हम दांत और मसूढ़ों से संबंधित रोगों से बच सकते हैं।

» पथरी की समस्या से निपटने के लिए लगभग 150 ग्राम नीम की पत्तियों को 21 लीटर पानी में पीसकर उबालें और पी लें इससे पथरी निकल सकती है।

» पथरी यदि गुर्दे में है तो नीम के पत्तों की राख की लगभग 2 ग्राम मात्रा प्रतिदिन पानी के साथ लेने से लाभ मिलता है।

» रात को सोते समय इस मिश्रण की एक-दो बूंद लेने से कान का बहना रुकता है। गुनगुने नीम के तेल की दो-तीन बूंदें कान में टपकाने से कान के दर्द में राहत मिलती है।

» पेट संबंधी अनेक समस्याओं से निजात पाने में भी नीम सहायक होता है। नीम के फूलों को गर्म पानी में मसलकर व छानकर सोते समय पीने से कब्ज दूर होती है।

» नीम की पत्तियों को सुखाकर शक्कर मिलाकर खाने से दस्त में आराम मिलता है। पेट के कीड़ों को नष्ट करने के लिए नीम के पत्तों के रस में शहद और काली मिर्च मिलाकर दिया जाना चाहिए। पेचिस होने की स्थिति में नीम की भुनी हुई अतर छाल का चूर्ण दही में मिलाकर लेना चाहिए।

» जुकाम होने पर नीम की पत्तियां काली मिर्च के साथ पीसकर गोलियां बना लें। गर्म पानी के साथ ये तीन-चार गोलियां खाने से जुकाम ठीक हो जाता है। --नीम के पत्ते, छाल और निम्बोली को बराबर मात्रा में मिलाकर पीसने से बने लेप से त्वचा पर होने वाले फोड़े-फुसियां तथा घाव जल्दी ठीक हो जाते हैं।

» नीम के पत्तों को दही में पीसकर लगाने से दाद ठीक हो जाती है।

# गर्मियां शुरू हो गई हैं, अपनाएं ये सावधानियां रहेंगे बीमारियों से दूर

मार्च के अंत और अप्रैल की शुरुआत में गर्मी के तेवर देखकर तो यही लग रहा है कि इस बार मौसम के तेवर बेहद सख्त रहेंगे। भारतीय मौसम विभाग ने लू और भयंकर गर्मी की आशंका वाले 50 जिलों से संबद्ध राज्य सरकारों को पहले ही इस बाबत चेतावनी जारी कर दी है। साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान को भी इसके लिए पहले से तैयार रहने के लिए कहा जा चुका है। हम बाहर का तापमान तो नियंत्रित नहीं किया जा सकता है और रोज ऑफिस, स्कूल जाने से भी नहीं बचा जा सकता है। इसलिए खुद को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए हमें खुद ही कमर कसनी होगी।

अत्यधिक तापमान के कारण शरीर में पानी की कमी हो सकती है, इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, मिचली, घमौरियां और निम्न रक्तचाप भी हो सकता है। ऐसे मौसम के लिए खुद को तैयार रखना बेहतर होगा।

### पानी की कमी न होने दें
भयंकर गर्मी को मात देने का यह सबसे पहला उसूल है। शरीर में पानी की कमी न होने दी जाए। अत्यधिक तापमान में बहुत पसीन होता है, जिससे शरीर में ऊर्जा और इलेक्ट्रोलाइट्स का स्तर घटता है। ऐसे मौसम में पानीदार फलों, तरबूज, नीबू, खरबूज, खीरा, कीवी का सेवन फायदेमंद होगा।

### ठंडे पानी से नहाएं
तेज गर्मी में ठंडा पानी न सिर्फ पीने में राहत देता है, बल्कि नहाने और समय-समय पर हाथ, मुंह धोने में आराम मिलता है। रात में सोने से पहले पैर और चेहरा ठंडे पानी से धोने नींद अच्छी आती है। तेज गर्मी में शरीर का तापमान नियंत्रित करने के लिए गले के आसपास आइसपैक रखना अच्छा है। इससे तापमान तुरंत काबू में आ जाएगा।



### घर में बहुत ज्यादा बल्ब न जलाएं
सूरज की रोशनी अगर सीधे कमरों के अंदर आ रही है, तो परदे लगाकर रखना बेहतर होगा। इससे अलावा रात के समय घर के अंदर का तापमान नियंत्रित रखने के लिए जितना हो सके, उतनी कम लाइट जलाएं। जरूरत से ज्यादा बल्ब और लाइटें घर के भीतर का तापमान बढ़ाती हैं।

गर्मियों में अक्सर लोगों की भूख खत्म हो जाती है। मगर शरीर को जरूरी पोषण मिलते रहें इसके लिए जरूरी है कि नियम से खाएं। इसके साथ ही गर्मियों में मिलने वाली हल्की सब्जियां खाना बेहतर होगा। सलाद के तौर पर खीरा, ककड़ी, प्याज टमाटर को नियमित आहार में शामिल करना भी बेहतर है। ऐसे मौसम में नमक नियंत्रित मात्रा में लेना चाहिए और जहां तक हो सके ज्यादा प्रोटीन वाले आहार, जैसे अंडा और मीट का सेवन सीमित करना चाहिए।



### ढीले कपड़े पहनें
गर्मियों के मौसम में तंग और गहरे रंग के कपड़ों की बजाए हल्के और ढीले कपड़े पहनें। इससे गर्मी और पसीने में शरीर के भीतर हवा का संतुलन बना रहेगा। जहां तक हो सके सिंथेटिक कपड़ों के बजाय सूती कपड़ों का ही चुनाव करें। इससे शरीर का तापमान नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

### तेज धूप में बाहर निकलने से बचें
तापमान संबंधी जानकारियों पर नजर रखें और दिन के समय बाहर निकलने का काम तभी रखें जब तापमान थोड़ा कम हो। तेज धूप में ऑफिस या घर से बाहर निकलने से बचें। अगर आपको टहलना पसंद है तो सुबह-सुबह या सूरज ढूबने के बाद जाएं।

### खुद को थकाएं नहीं
अच्छी सेहत के लिए शारीरिक सक्रियता जरूरी है मगर गर्मियों में इसके लिए खुद पर ज्यादा जोर डालना सही नहीं होगा। व्यायाम या बाहर खेले जाने वाले खेलों के स्थान पर इंडोर जिम का विकल्प अपनाया जा सकता है। इस दौरान पानी का इस्तेमाल नियमित रूप से करते रहें।

रेसिपी

## लाजवाब मेवे-मखाने की खीर



दो कप मखाने, एक किलो दूध, पाव कटोरी चीनी, दो चम्मच देशी घी। सजावट के लिए- बादाम, काजू, सूखा नारियल का बूरा और किशमिश, गुलाब की पत्तियां, पिसी इलायची आधा चम्मच।

### विधि
एक कड़ाही में घी गर्म करके मखानों को डालकर भून लें। अब भूनें मखानों को प्लेट में निकाल कर ठंडा कर लें। ठंडा होने पर उसे कूट लें।

अब दूध को उबलने दें, जब दूध उबल जाए तो उसमें पिसे मखाने डालकर पकाएं और चीनी भी डाल दें। अब गाढ़ा होने तक पकाएं। तत्पश्चात इसमें बादाम, सूखा नारियल, काजू और किशमिश, गुलाब की पत्तियां, इलायची डालकर सर्व करें।

## फलाहारी मेवा पकौड़े



250 ग्राम उबले आलू, 1 बड़ी चम्मच शक्कर, 1/2 कप अखरोट, काजू, बादाम और किशमिश, 1 छोटा चम्मच अदरक-मिर्च पेस्ट, 1 छोटा चम्मच पिसी लाल मिर्च, 1 चम्मच नींबू रस, स्वादानुसार सेंधा नमक, बारीक कटा हरा धनिया, 1 चम्मच सौंफ, तलने के लिए तेल अथवा घी।

घोल की सामग्री -डेढ़ कप सिंघाड़े या राजगिरे का आटा, 1-1 छोटा चम्मच एवं लाल मिर्च पावडर, 1 गिलास दूध।

### विधि
सबसे पहले पकौड़े का घोल बनाने की सारी सामग्री एक बर्तन में लेकर अच्छी तरह मिला लीजिए। अब उबले आलू को हाथ से मैश करके कटे मेवासहित सारी सामग्री उसमें अच्छी तरह मिला लें और उसके गोलगोल गोले बना लें।

तत्पश्चात एक कड़ाही में मूंगफली का तेल अथवा घी गरम कर लें। तैयार आलू के गोले को सिंघाड़े के घोल में डुबोएं और इसे कुरकुरे और लाल होने तक तल लें। गर्मागर्म फलाहारी मेवा पकौड़ों को मीठी चटनी के पेश करें।

मीठी चटनी की सामग्री - 100 ग्राम पिंडखजूर, 1 बड़ा चम्मच पिसा अमचूर, आधा छोटा चम्मच पिसी लाल मिर्च, 1 छोटा चम्मच भूने जीरे का पावडर, सेंधा नमक स्वादानुसार, 1 छोटा चम्मच शक्कर।

चटनी की विधि - चटनी बनाने के 2 घंटे पूर्व पिंडखजूर को गुनगुने पानी में भिगो दें। अब खजूर की गुठली निकाले और मिक्सी में उपरोक्त सामग्री डालकर महीन पीस लें। मीठी चटनी तैयार है।

# इन 5 तरीकों से कहें अपने पार्टनर को Thanks

अगर किसी खुशी का कारण पार्टनर हो तो खुशी और भी बढ़ जाती है। अपने पार्टनर के चेहरे पर स्माइल देखकर दुनिया की सारी खुशियां मिल जाती है। ऐसे में अपने पार्टनर को थैंक्स कहें कि वो आपकी लाइफ का हिस्सा बनें। आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे जिससे आप अपने पार्टनर को थैंक्स कह सकते हैं।



### 1. चिट्ठी
चिट्ठी लिखकर आप अपने पार्टनर को थैंक्स कह सकते हैं। चिट्ठी में अपनी फीलिंग्स को बया करें। उनके लिए कुछ ऐसा लिखें जिससे उन्हें पता चल सकें कि आप उनके साथ कितना खुश है।

### 2. सरप्राइज गिफ्ट
अपने पार्टनर को गिफ्ट देने के लिए बर्थडे या फिर वेलेंटाइन डे का होना जरूरी नहीं। आप कभी भी उन्हें गिफ्ट दे सकते है। उनके लिए एक अच्छा सा गिफ्ट खरीदें और उसपर थैंक्स नोट लिखकर उन्हें दें।

### 3. उनकी मनपसंद डिश
अपने पार्टनर को उनकी पसंद की डिश बनाकर खिलाएं। उनके लिए एक रोमांटिक डिनर प्लान करें। ऐसे में उन्हें थैंक्स कहें।

### 4. नोट्स
छोटे-छोटे प्यार भरे नोट्स लिखें। घर के टेबल या फिर फ्रीज पर नोट रखें और फिर देखें आपके पार्टनर के चेहरे पर कैसे छोटी सी स्माइल आती है। नोट में आप 'you look so cute' या फिर 'thank you for every-thing' जैसा कुछ लिख सकते है।

### 5. पार्टी
अगर आप सभी के सामने अपने पार्टनर को थैंक्स कहना चाहते हैं तो एक पार्टी रखें। पार्टी में उनके सभी फ्रेंड्स को बुलाएं। सभी के सामने अपनी फीलिंग्स को अपने पार्टनर को बयान करें। पार्टी में आप उनके लिए एक गाना भी गा सकते है।

# इस तरह से रखेंगे कटे हुए फल तो नहीं पडेंगे काले

फल खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आजकल सभी फल हर एक मौसम में मिल जाते हैं। फलों से शरीर को एनर्जी मिलती है। काफी लोग भोजन से पहले फल खाना पसंद करते हैं लेकिन कई बार ज्यादा समय तक पड़े रहने से कटे हुए फल काले होना शुरू कर देते हैं जिससे इसे खाने का मन नहीं करता। ज्यादातर देखा गया है कि सेब या केले को काट कर रखने से वह काले हो जाते हैं। ऐसे में कुछ आसान तरीके अपनाकर फलों को काला होने से बचाया जा सकता है।



### 1. नींबू का रस
कई लोग फलों को काटकर रख लेते हैं लेकिन कुछ समय के बाद यह काले हो जाते हैं। फलों को काला होने से बचाने के लिए इन पर नींबू का रस मिला देना चाहिए। 1 नींबू के रस से एक कटोरी फलों को काला होने से बचा सकता है। नींबू का रस मिलाने के बाद इसे फ्रिज में जरूर रखें।

### 2. प्लास्टिक रैप
फलों को काटकर उन्हें एक प्लास्टिक के कागज से रैप कर दें। इससे फलों को 4-5 घंटों तक काला होने से बचा सकते हैं। इसके अलावा फलों को प्लास्टिक के लिफाफे में या एल्यूमीनियम फॉयल में भी रख सकते हैं। लिफाफे में छोटे-छोटे छेद करके इन्हें फ्रिज में रख दें जिससे यह अधिक देर तक बचे रहेंगे।

### 3. सिट्रस एसिड
सिट्रस एसिड से भी फलों को ताजा रखा जा सकता है। इसके लिए सिट्रस एसिड के चूर्ण का इस्तेमाल करें। फलों पर इस चूर्ण को छिड़कने से यह 10-12 घंटों तक काले नहीं होते। इसके इस्तेमाल से कटे हुए फलों का स्वाद भी नहीं बिगड़ता।

### 4.ठंडा पानी
कटे हुए फलों को बर्फ वाले ठंडे पानी में रखने से यह काले नहीं होते। इससे फल कम से कम 4-5 घंटों तक ताजा रहते हैं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 • कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम • फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)